


# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia

epaper.balaghatexpress.in

बालाघाट
सोमवार 07 अक्टूबर 2024
आश्विन शुक्ल 05 विक्रम सम्वत 2081
वर्ष 16, अंक 17
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00


**खास खबर**

## रेप के आरोपी से नेशनल अवॉर्ड छिना

मुंबई। नाबालिग असिस्टेंट से रेप के आरोपी शेख जानी बाशा से बेस्ट कोरियोग्राफर का नेशनल अवॉर्ड छीन लिया गया है। मिनिस्ट्री ऑफ इन्फॉर्मेशन एंड ब्रॉडकास्टिंग ने रविवार को इसकी जानकारी दी। जानी मास्टर के नाम से मशहूर कोरियोग्राफर शेख जानी बाशा को यह अवॉर्ड साल 2022 में रिलीज हुई धनुष की फिल्म 'तिरुचित्रम्बालम' के गाने 'मेघम करुकथा' का डांस कोरियोग्राफ करने के लिए दिया गया था। इस गाने को जानी ने सतीश कृष्णनन के साथ मिलकर कोरियोग्राफ किया था। जानी को स्त्री-2 के गाने आई नहीं और पुष्पा के गाने श्रीवल्ली से फेम मिला था।

## मुंबई में घर में आग लगने से एक ही परिवार के 7 लोगों की जलकर मौत

मुंबई,। रविवार तड़के मुंबई के चेंबूर इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना घटी है। खबर है कई सिद्धार्थनगर में एक घर में आग लगने से एक ही परिवार के सात सदस्यों की आग में जलकर दर्दनाक मौत हो गई। फिलहाल आग लगने का कारण अभी भी स्पष्ट नहीं है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चेंबूर के सिद्धार्थ नगर स्थित एक घर में रविवार सुबह करीब 4.30 बजे आग लग गई। इस समय सभी सदस्य घर में थे। गुप्ता परिवार के सभी सदस्यों की आग में जलकर मौत हो गई। आग लगने के बाद स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। हालांकि, जब तक फायर ब्रिगेड टीम वहां पहुंचती तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था और इस आग से गुप्ता परिवार के सदस्य गंभीर रूप से झुलस गए। सभी घायलों को राजावाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों में तीन छोटे बच्चे, दो पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं। हादसे में मरने वालों के नाम पेरिस गुप्ता (7), मंजू प्रेम गुप्ता (30) अनीता गुप्ता (39) प्रेम गुप्ता (30) नरेंद्र गुप्ता (10), गीता देवी गुप्ता (60) है तथा एक के नाम का पता नहीं चल पाया है। उधर आग लगने के बाद सभी लोग घर से बाहर निकलने की कोशिश कर रहे थे।

## बाल-बाल बची 146 यात्रियों की जान

चेन्नई। चेन्नई हवाई अड्डे पर एक बड़ा हादसा होने से बच गया। यहां एक मस्कट से 146 यात्रियों को लेकर चेन्नई आ रहे एक विमान का शनिवार को यहां अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उतरते समय टायर फट गया। अधिकारियों ने इस घटना के बारे में जानकारी। चेन्नई हवाई अड्डे के अधिकारियों ने कहा कि सभी यात्री सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि विमान अभी उतरा ही था कि पीछे का एक टायर फट गया। विमान की वापसी यात्रा रद्द कर दी गई है और सभी यात्रियों को शहर के विभिन्न होटलों में ठहराया गया है।

## धोखाधड़ी वाले कॉल पर लगेगी लगाम...

नई दिल्ली। हाल के दिनों में, भारतीय नागरिकों को धोखाधड़ी वाले कई कॉल मिल रहे हैं, जो अक्सर भारतीय मोबाइल नंबरों की तरह दिखाते हैं। ये कॉल वास्तव में विदेशी साइबर अपराधियों द्वारा किए जा रहे हैं, जो कॉल की वास्तविक उत्पत्ति को छिपाने के लिए कॉलिंग लाइन आइडेंटिटी (सीएलआई) का इस्तेमाल कर रहे हैं।



इसके परिणामस्वरूप मोबाइल नंबरों के डिस्कनेक्ट होने, फर्जी डिजिटल गिरफ्तारी की धमकियों जैसे घटनाएं बढ़ गई हैं।

# गोवा में आरएसएस नेता के बयान से विवाद

## क्रिश्चियन कम्युनिटी ने गिरफ्तारी की मांग की; राहुल बोले- भाजपा तनाव पैदा कर रही

पणजी। गोवा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व राज्य यूनिट प्रमुख सुभाष वेलिंगकर के एक बयान के बाद विवाद बढ़ गया है। रविवार को क्रिश्चियन कम्युनिटी ने उनकी गिरफ्तारी की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। वेलिंगकर ने तीन दिन पहले कहा था- कैथोलिक मिशनरी संत फ्रांसिस जेवियर के अवशेषों का ड्ढहृ्र टेस्ट कराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस संत को 'गोयंचो सायब' (गोवा का संरक्षक) नहीं कहा जा सकता।

इस मामले पर राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा गोवा में सांप्रदायिक तनाव पैदा कर रही है। एक पूर्व क्रस्स नेता ने ईसाइयों को उकसाने वाला बयान दिया है और संघ संगठनों ने मुसलमानों के आर्थिक बहिष्कार का आह्वान किया है।

राहुल ने कहा कि पूरे देश में संघ परिवार की ऐसी कई कार्रवाई बिना किसी रोक-टोक के जारी हैं, जिन्हें ऊपर से समर्थन मिल रहा है। यहां भाजपा लोगों को बांटने की राजनीति कर रही है।

पुलिस ने पांच प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया इस बयान को लेकर स्थानीय लोगों और कई पार्टियों के नेताओं ने ओल्ड गोवा में प्रदर्शन किया। इससे पहले शनिवार रात को कुछ प्रदर्शनकारियों ने मारगाओ में नेशनल हाईवे को ब्लॉक किया और पुलिस से भी झड़प की। जिसके बाद पुलिस ने पांच लोगों को हिरासत में ले लिया।

गोवा के आर्चडायोसिस ने वेलिंगकर के कमेंट की निंदा की आर्चडायोसिस गोवा की सोशल वर्क विंग काउंसिल फॉर सोशल जस्टिस एंड पीस ने बयान जारी कर कहा कि गोवा की पूरी कैथोलिक कम्युनिटी वेलिंगकर के अपमानजनक और घटिया बयान की निंदा करती है। वेलिंगकर के बयान ने सिर्फ कैथोलिक समुदाय नहीं बल्कि उन लोगों की भी भावनाओं को ठेस पहुंचाई है, जो सेंट फ्रांसिस में श्रद्धा रखते हैं।

संस्था ने प्रदर्शनकारी लोगों से अपील की कि वे शांति और सांप्रदायिक सौहार्द के लिए संयम बनाए रखें। साथ ही संस्था ने संबंधित अथॉरिटीज से वेलिंगकर के खिलाफ एक्शन लेने की मांग की।



### अदालत ने वेलिंगकर को अंतरिम जमानत देने से इनकार किया

वेलिंगकर के बयानों को लेकर उनके खिलाफ धार्मिक भावनाएं आहत करने के 12 से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। हालांकि अब तक पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार नहीं किया है। शनिवार को उन्होंने एक स्थानीय अदालत में अग्रिम जमानत की याचिका दायर की, लेकिन अदालत ने उन्हें गिरफ्तारी से अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया। इस मामले की सुनवाई सोमवार को होगी। 2016 में वेलिंगकर को संघ से निकाला गया था सुभाष वेलिंगकर को 2016 में RSS से निकाला गया था। उन्होंने प्राथमिक शिक्षा में पढ़ाई को लेकर भाजपा की नीतियों के खिलाफ विरोध दर्ज कराया था। 2022 में भी वेलिंगकर ने कहा था कि सेंट फ्रांसिस जेवियर गोयंचो साहब नहीं हो सकते हैं। उस वक्त वेलिंगकर ने ये भी कहा था कि हम 'द गोवा फाइल्स' नाम से एक कैंपेन लॉन्च करेंगे और ये जागरूकता फैलाएंगे कि भगवान परशुराम गोवा के संरक्षक गोयंचो साहब हैं।

### चर्च में 450 साल से रखा है क्रिश्चियन संत का पार्थिव शरीर, 3 बार दफनाने पर भी नहीं सड़ा

गोवा के पणजी में एक चर्च है 'बेसिलिका ऑफ बॉम जीसस'। यहां सेंट फ्रांसिस जेवियर का शरीर 450 साल से सुरक्षित रखा है। हर साल देश-विदेश से हजारों टूरिस्ट यहां आते हैं। जेवियर पहले सिपाही थे और इग्नाटियस लोयोला के स्टूडेंट रहे। पुर्तगाल के राजा जॉन थर्ड और उस वक्त के पोप ने जेसुइट मिशनरी बनाकर फ्रांसिस जेवियर को धर्म के प्रचार के लिए भारत भेजा था। कहते हैं कि जेवियर ने शव को गोवा में दफनाने की इच्छा जताई थी। बताते हैं कि उन्हें दफनाया गया, लेकिन कुछ साल बाद रोम से आए संतों ने कब्र से शव को निकलवाकर दोबारा दफनाया। ऐसा तीसरी बार भी हुआ। हर बार संत का पार्थिव शरीर ताजा हालत में मिला। उनकी देह आज भी चर्च में है। गोवा के जर्नलिस्ट फ्रेडी अल्मेडा के मुताबिक, हर 10 साल में ये बॉडी दर्शनों के लिए रखी जाती है। 2014 में आखिरी बार इस बॉडी को दर्शन के लिए निकाला गया था। बॉडी को कांच के एक ताबूत में रखा गया है। आज भी ये बॉडी सड़ी नहीं है।

### आरएसएस चीफ मोहन भागवत बोले

## हिंदुओं को जाति, भाषा छोडक़र एकजुट होना चाहिए

जयपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने एक बार फिर से हिंदुओं को लेकर बड़ा बयान दिया है। भागवत ने कहा कि हिंदू समाज को भाषा, जाति और क्षेत्रीय असमानताओं को खत्म करके अपनी सुरक्षा के लिए एकजुट होना होगा। आरएसएस प्रमुख ने बताया कि समाज को कैसा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे समाज का निर्माण होना चाहिए जहां संगठन, सद्भावना और श्रद्धा हो। लोगों में अनुशासन हो। साथ ही देश के प्रति अपने दायित्व को समझे और उद्देश्यों के प्रति समर्पित हो। आरएसएस चीफ मोहन भागवत राजस्थान में स्वयंसेवक एकत्रीकरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मोहन भागवत ने कहा कि भारत एक हिंदू राष्ट्र है। हिंदू समाज को भाषा, जाति और क्षेत्रीय विवादों को खत्म करके अपनी सुरक्षा के लिए एकजुट होना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि हिंदू हर किसी को अपना मानते हैं और सभी को गले लगाते हैं। इस दौरान आरएसएस प्रमुख ने 3 हजार 827 स्वयंसेवकों को संबोधित किया। मोहन भागवत ने कहा कि एक समाज केवल व्यक्तियों और उनके परिवारों से नहीं बनता है, बल्कि उन व्यापक चिंताओं पर विचार करने से बनता है। आरएसएस का काम करने का तरीका विचार आधारित है। मोहन भागत ने स्वयंसेवकों से समुदायों के अंदर संपर्क बनाए रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि समाज को सशक्त बनाकर समुदाय की कमियों को दूर करने की कोशिश की जानी चाहिए। भागवत ने कहा हमारा ध्यान न्याय, स्वास्थ्य, शिक्षा, और आत्मनिर्भरता पर होना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों को हमेशा सक्रिय रहना चाहिए और परिवारों में सद्भाव, पर्यावरण जागरूकता, स्वदेशी मूल्यों और नागरिकों की चेतना को बढ़ावा देना चाहिए, जो एक समाज के लिए बुनियादी चीजे हैं।



## मेघालय में बाढ़ से 10 की मौत

नई दिल्ली। मेघालय के साउथ गारो हिल्स जिले में तेज बारिश के बाद आई बाढ़ से 24 घंटे 10 लोगों की मौत हो गई है। इनमें से 7 लोग एक ही परिवार के थे। इसके बाद गसुआपारा में लैंडस्लाइड हुई। वहीं नेपाल में तेज बारिश की वजह से उत्तर प्रदेश के महराजगंज में 20 से ज्यादा गांव में बाढ़ जैसे हालात हैं। इससे करीब 50 हजार लोग प्रभावित हैं। इन गावों के स्कूल-कॉलेज और सडक़ें भी डूब चुकी हैं। गोरखपुर में भी 29 गांव बाढ़ में डूबे हैं।

उधर, पंजाब के लुधियाना में शनिवार देर रात आई आंधी आने से दुर्गा पंडाल गिर गया। इससे 2 महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 15 लोग भी घायल हुए हैं। पंडाल के गिरने से मंदिर में भगवान शिव की मूर्ति खंडित हो गई। आंधी में कई जगहों पर पेड़ और बिजली के खंभे गिरने की भी सूचना है।

## जूनियर डॉक्टर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर

### हेल्थ सेक्रेटरी को हटाने समेत 9 मांगों पर अड़े

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में 8 अगस्त की रात ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर के खिलाफ छह जूनियर डॉक्टरों ने भूख हड़ताल शुरू कर दी है। जूनियर डॉक्टर्स हेल्थ सेक्रेटरी एनएस निगम को हटाने, स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार के लिए जवाबदेही तय करने समेत अपनी 9 मांगों पर अड़े हैं। डॉक्टरों ने कोलकाता पुलिस की तरफ से लाठीचार्ज के बाद शुक्रवार, 4 अक्टूबर को धर्मतला इलाके में डोरिना क्रॉसिंग पर धरना प्रदर्शन शुरू किया था। उन्होंने अपनी मांगों को पूरा करने के लिए ममता सरकार को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया था।

राज्य सरकार को दी गई डेडलाइन शनिवार की रात 8.30 बजे खत्म हो गई। इसके बाद पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर फ्रंट के 6 प्रतिनिधियों ने आमरण अनशन शुरू कर दिया। डॉक्टरों ने बताया कि वे भूख हड़ताल की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए मंच पर सीसीटीवी लगाएंगे, ताकि हर कोई देख सके कि वहां क्या हो रहा है?

## नहीं थम रहे दुष्कर्म के मामले, अब औरैया में मासूम से दरिंदगी, आरोपी गिरफ्तार

औरैया,। देश में आए दिन दुष्कर्म के मामले सामने आ रहे हैं। मासूमों को दरिंदे अपनी हवस का शिकार बना रहे हैं। पश्चिम बंगाल में एक नाबालिग से दुष्कर्म और हत्या के बाद अब यूपी के औरैया जिले में 6 साल मासूम से दरिंदगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की संयुक्त टीम ने रविवार तड़के करीब 4-50 बजे ग्राम करमपुर मुढी मोड के पास तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस और आरोपी के बीच मुठभेड़ हो गई, जिसमें आरोपी घायल हो गया।

जानकारी के मुताबिक एसओजी टीम और कोतवाली औरैया पुलिस की संयुक्त टीम आरोपी की तलाश कर रही थी।





रविवार सुबह चेकिंग के दौरान आरोपी का पुलिस से सामना हो गया। पुलिस को देखकर आरोपी ने फायरिंग कर दी, जिसके बाद पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की और मुठभेड़ में आरोपी घायल हो गया। आरोपी को औरैया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

जानकारी के मुताबिक बच्ची अपने घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान आरोपी उसे बहला-फुसलाकर ले गया और उसके साथ दरिंदगी की। दुष्कर्म के बाद आरोपी बच्ची को रोता बिलखता उसके घर छोड़ गया। इसके बाद बच्ची की मां ने पुलिस को में शिकायत दर्ज कराई। पहुंची पुलिस ने बच्ची को इलाज के लिए अस्पताल भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के लिए 3 टीम का गठन की गईं।

पीड़िता की मां ने बताया था कि बच्ची घर पहुंची तो उसकी हालत खराब थी जिसके बाद पुलिस में शिकायत की गई। मां के मुताबिक उसे नहीं पता की बच्ची किसके साथ गई थी और फिर उसे घर पर कौन छोड़ गया। केस में पुलिस को कोई ठोस सबूत नहीं मिल पा रहा था। पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो संदिग्ध नजर आया। इसके आधार पर तलाशी अभियान चलाया गया तो आरोपी पकड़ में आया।

बता दें कि इसी तरह का एक मामला पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना से भी सामने आया था। जहां, एक नाबालिग का शव बरामद होने के बाद इलाके में तनाव की स्थिति पैदा हो गई थी। इस मामले में ग्रामीणों ने पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं करने का आरोप लगाया था। इससे आक्रोशित होकर ग्रामीणों ने थाने में तोड़फोड़ कर आग लगा दी थी।

## छात्रावास की 50 छात्राओं की अचानक तबीयत बिगड़ी

### रात्रि भोजन के बाद स्वास्थ हुआ खराब तो अस्पताल में की गई भर्ती

लातूर। महाराष्ट्र के लातूर में पुरणमल लाहोटी शासकीय पॉलिटेक्निक छात्रावास में रात में भोजन में छात्राओं ने चावल, चपाती, भिंडी की सब्जी और दाल का सूप खाया उसके बाद करने के बाद करीब 50 छात्राओं की तबीयत बिगड़ गई। छात्राओं को बेचैनी और उल्टी की शिकायत होने लगी। इसके बाद उन्हें लातूर के विलासराव देशमुख अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज जारी है।

अधिकारियों के मुताबिक छात्रावास में कुल 324 छात्राएं रहती हैं। शनिवार रात छात्राओं ने सात बजे भोजन किया था, जिसके कुछ समय बाद उन्हें बेचैनी और उल्टी की शिकायत शुरू हो गईं। छात्रावास की प्रधानाचार्य ने बताया कि खबर मिलने ही वह तुरंत मौके पर पहुंचे और पीड़ित छात्राओं को अस्पताल ले गए। अस्पताल के डीन ने जानकारी दी कि करीब 50 छात्राओं को भर्ती किया गया है। इनमें से 20 छात्राओं प्राथमित उपचार के बाद देर रात छुट्टी दे दी गई। जबकि शेष 30 छात्राओं का इलाज अभी जारी है। उन्होंने बताया कि किसी की हालत गंभीर नहीं है और सभी का स्वास्थ्य धीरे-धीरे बेहतर हो रहा है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने भोजन के सेंपल लिए हैं और उन्हें जांच के लिए भेज दिया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए लातूर से सांसद शिवाजी कलगे भी अस्पताल पहुंचे और छात्राओं का हाल-चाल जाना। उन्होंने लातूर की जिलाधीश से मामले की जांच कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। फिलहाल, छात्राओं की हालत में सुधार हो रहा है और प्राधिकारियों द्वारा सभी जरुरी कदम उठाए जा रहे हैं।

## डांडिया कार्यक्रम हंगामा : गले में केसरिया गमछा हाथों में लाठी लिए करने लगे होटल में आने वालों को चैक

झांसी। यूपी के झांसी में नवरात्रि पर डांडिया कार्यक्रम में हंगामा हो गया। यहां कई लोग लाठी-डंडा लेकर पहुंचे गए और हिंदू संगठन का कार्यकर्ता बताकर लोगों का आधार कार्ड और एंट्री पास चेक करने लगे, जिसके बाद कार्यक्रम स्थल पर हंगामा हो गया। पुलिस ने 21 लोगों को हिरासत में लिया है और उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

झांसी के नवाबाद थाना क्षेत्र में स्थित मॉलीक्यूल होटल में शनिवार रात में नवरात्रि पर आयोजित डांडिया कार्यक्रम होना था जिसमें शामिल होने महिलाएं और पुरुष पहुंचे। इसी दौरान गले में केसरिया गमछा पहने कुछ लोग लाठी-डंडे लेकर वहां पहुंच गए। उन्होंने कार्यक्रम की परमीशन देखते हुए कार्यक्रम में आने वाले लोगों के आधार कार्ड देखने शुरू कर दिए। जिसका लोगों ने विरोध किया बस फिर क्या था वहां हंगामा मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण करने का प्रयास किया.। हालात बिगड़ते देख पुलिस ने 21 लोगों को हिरासत में ले लिया और उन्हें थाने ले आई। जहां होटल के सुरक्षाकर्मी की लिखित शिकायत पर सभी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। झांसी नगर एसपी ने बताया कि नवाबाद स्थित मॉलीक्यूल होटल में डांडिया कार्यक्रम रखा गया था।

## 500 करोड़ के हाईबॉक्स मोबाइल ऐप स्कैम में रिया चक्रवर्ती, एल्विश यादव, और भारती सिंह फंसे





नई दिल्ली। 500 करोड़ रुपये के हाईबॉक्स मोबाइल ऐप से जुड़े एक बड़े घोटाले में बॉलीवुड एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती, कॉमेडियन भारती सिंह और यूट्यूबर एल्विश यादव का नाम सामने आया है। दिल्ली पुलिस ने इन तीनों समेत कई यूट्यूबर्स और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स को समन भेजा है। इन पर आरोप है कि इन्होंने ऐप के प्रचार के माध्यम से लोगों को उच्च रिटर्न का लालच देकर निवेश के लिए प्रेरित किया।

**- 500 से अधिक शिकायतें दर्ज**

दिल्ली पुलिस को इस मामले में 500 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि उनके पसंदीदा यूट्यूबर्स और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स के प्रमोशनल वीडियोज देखकर उन्होंने हाईबॉक्स ऐप में निवेश किया था। पुलिस ने 30 हजार से अधिक लोगों के साथ 500 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

**- मुख्य आरोपी शिवराम गिरफ्तार**

दिल्ली पुलिस के मुताबिक, इस घोटाले का मुख्य आरोपी शिवराम (30), जो चेन्नई का निवासी है, को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस कमिश्नर हेमंत तिवारी ने बताया कि हाईबॉक्स एक मोबाइल ऐप है, जिसके जरिए लोगों से रोजाना 1 से 5 प्रतिशत और महीने में 30 से 90 प्रतिशत तक गारंटीशुदा रिटर्न का वादा किया गया था।

**- कई यूट्यूबर्स के खिलाफ मामला दर्ज**

रिया चक्रवर्ती, भारती सिंह और एल्विश यादव के अलावा, यूट्यूबर सौरव जोशी, हर्ष लिंबाचिया, अभिषेक मल्हान, दिलराज सिंह रावत, पूरव झा, लक्ष्य चौधरी, आदर्श सिंह और अमित जैसे यूट्यूबर्स के खिलाफ भी इस मामले में शिकायतें दर्ज कराई गई हैं। दिल्ली पुलिस ने ईएमएस को जानकारी दी है कि वे दो पेमेंट प्लेटफॉर्म्स, ईजीबज और फोनपे, की जांच कर रहे हैं। आरोप है कि इन प्लेटफार्म्स ने भारतीय रिजर्व बैंक की गाइडलाइन्स का उल्लंघन किया है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है और अन्य संदिग्धों से पूछताछ कर रही है।

### केजरीवाल ने दिल्ली के छत्रशाल स्टेडियम में जनता की अदालत में कहा

## हिम्मत है तो मोदी नवंबर में दिल्ली चुनाव कराएं

नई दिल्ली। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि हिम्मत है तो नवंबर में महाराष्ट्र और झारखंड के साथ दिल्ली में भी विधानसभा चुनाव करके दिखाएं। हम चुनाव लडऩे के लिए तैयार है। नहीं तो मान लें कि वे हार गए, डर गए। केजरीवाल ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री दिल्ली चुनाव से पहले एनडीए शासित 22 राज्यों में मुफ्त बिजली देने की घोषणा करेंगे तो मैं भाजपा के लिए प्रचार करूंगा। केजरीवाल ने दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में जनता की अदालत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं।



केजरीवाल ने कहा कि मैंने कल टीवी पर एग्जिट पोल देखा। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में भाजपा की डबल इंजन सरकारें खत्म हो रही हैं। पहला इंजन जून में फेल हुआ था, जब उन्हें 240 सीटें मिलीं। झारखंड और महाराष्ट्र में भी यही होगा। तब दूसरा इंजन भी फेल हो जाएगा। डबल इंजन सरकार का मतलब महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार है। दिल्ली में चुनाव आने वाले हैं। दिल्ली में आकर ये (भाजपा) कहेंगे कि डबल इंजन सरकार बना लो। आप तब पूछना कि 10 साल हरियाणा में डबल इंजन सरकार रही। उन्होंने ऐसा क्या किया है कि लोग उनके नेताओं को अपने गांवों में नहीं जाने दे रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि यूपी में पिछले 7 साल से डबल इंजन की सरकार है। लोकसभा चुनाव में उनकी सीटें आधी हो गईं। मणिपुर में भी 7 साल से डबल इंजन की सरकार है। मणिपुर दो साल से जल रहा है।

### दिल्ली को एलजी राज से मुक्त कराएंगे

केजरीवाल ने कहा कि भाजपा गरीब विरोधी है। उन्होंने दिल्ली में बस मार्शलों, डेटा एंट्री ऑपरेटरों को हटा दिया। होम गार्डों का वेतन रोक दिया। दिल्ली में लोकतंत्र नहीं है, एलजी राज है। हम दिल्ली को एलजी राज से मुक्त कराएंगे और पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाएंगे। पूर्व सीएम ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली को 6 रेवडिय़ां दीं- बिजली, पानी, महिलाओं के लिए बस यात्रा, बुजुर्गों को तीर्थयात्रा, स्वास्थ्य और शिक्षा। भाजपा सत्ता में आई तो सब छीन लेगी।

## जम्मू कश्मीर में मिला आईईडी, आतंकी हमले की साजिश नाकाम

जम्मू,। जम्मू रिंग रोड पर अखनूर के घरोटा इलाके में संदिग्ध विस्फोटक उपकरण मिला है। बताया जा रहा है कि यह एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आई.ई.डी.) है। अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद आसपास के इलाके में आवागमन रोक दिया है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने इस उपकरण का पता लगाया है, जिसका वजन करीब 1.7 किलोग्राम है और ऐसा संदेह है कि इसे संभावित आतंकी हमले के लिए रखा गया था। रिपोर्टों के मुताबिक यह आईईडी एक कंटेनर में रखा टाइमर आईईडी है।

# स्वच्छता सेवा अभियान कागजों में सफल.. हकीकत में फ्लाप...

## मटन मछली मार्केट से सरेखा सिंधी मोहल्ला के वार्डवासी परेशान, जगह-जगह गंदगी, कचरे के ढेर, बदबू ने किया जीना मुहाल , नगर के वार्ड नंबर 30 सरेखा का मामला

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के दिन तक, प्रत्येक दिन को स्वच्छता भारत दिवस के रूप में मनाने के निर्देश शासन द्वारा दिए गए थे। जिसको चलते 17 सितंबर से नगर में स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरुवात की गई थी।नगर में चलाई गई इस मुहिम में स्वयं कलेक्टर सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी प्रत्यक्ष रूप से सफाई कर्मियों के साथ नगर में जगह-जगह साफ सफाई करते नजर आ रहे थे। तो वही अन्य अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों ने भी स्वच्छता ही सेवा अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। लेकिन नगरी क्षेत्र के ऐसे कई वार्ड हैं जिस पर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों और नपा का कोई ध्यान नहीं गया।जहां स्थित वार्डो में ना तो साफ सफाई की गई है। ना ही कचरा उठाने के लिए वाहन भेजे गए। जिसके चलते उन वार्डो में जगह-जगह कचरे का ढेर लगा हुआ नजर आ रहा है। जिसे हटाकर साफ सफाई करने की जहमत भी अब तक नगरपालिका द्वारा नहीं उठाई गई है। जिसके चलते वार्ड वासियों को हर मोड़ पर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ताजा मामला नगर के सरेखा वार्ड नं 30 सिंधी मोहल्ले का है ।जहां रेलवे पटरी समीप लगने वाले मटन मछली बाजार से स्थानीय वार्ड वासी काफी परेशान है।उधर नपा द्वारा वार्ड में कचरा गाड़ी भी नहीं पहुंचाई जा रही है। तो वहीं दूसरी ओर मटन मछली मार्केट की गंदगी से वार्ड वासी परेशान है। जहां व्यापक साफ सफाई न होने और रोजाना कचरे का उठाओ ना होने के चलते जगह-जगह कचरे के ढेर लग गए हैं। तो वही उस कचरे से उठने वाली दुर्गंध से वार्ड वासियों का जीना मुहाल हो चुका है। आलम कुछ इस तरह है कि वार्डवासियों के घर के भीतर तक बदबू आ रही है।जिस पर अपना एतराज जताते हुए वार्ड वासियों ने नगर पालिका के प्रति अपना आक्रोश जताते हुए यथा शीघ्र उक्त परिसर से मटन मछली मार्केट को हटाकर कहीं और शिफ्ट करने या फिर वार्ड में साफ सफाई की व्यापक व्यवस्था बनाए जाने की मांग की है। जहां उन्होंने मांग पूरी न होने पर सारेका चौक गोंदिया रोड में चक्काजाम कर धरना प्रदर्शन किए जाने की चेतावनी दी है।





### समस्याओं का लगा अंबार

नगर के वार्ड नं 30 में इन दिनों समस्याओं का अंबार देखने को मिल रहा है। जहां भरपूर टैक्स देने के बाद भी साफ सफाई जैसी मूलभूत सुविधाएं भी वार्ड वासियों को नसीब नहीं हो पा रही है। कई बार आवेदन निवेदन करने पर भी कोई सुनवाई नहीं होने और उनकी समस्याओं का समाधान न होने से वार्डवासी परेशान है।यह लंबे समय से, बदबूदार और गंदगी भरे परिसर को देख नपा की चारो ओर किरकिरी उड़ रही है।जहां के वार्डवासियों ने तत्काल प्राथमिक तौर पर साफ सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं की सौगात दिए जाने की मांग की। तो वहीं मटन मछली मार्केट के वेस्ट से निकाल कर सड़न और दुर्गंध की समस्या से मुक्ति दिलाए जाने की गुहार लगाई है।

### जगह जगह दिखी गंदगी, व कचरे के ढेर

नगरीय क्षेत्र में वार्ड न 30 के हालात इन दिनों किसी के छिपे नही है।बताया जा रहा है कि पिछले 2 महीनों से वार्ड में नियमित कचरा गाड़ी नही आ रही है। तो वही छोटी छोटी गलियों में कचरा लेने ट्रेक्टर भी नही आ रहा है। जगह-जगह कचरा जमा होने और मटन मछली मार्केट का वेस्ट पड़ा रहने से दुर्गंध से पूरा मोहल्ला सराबोर हो रहा है जिससे निजाद दिलाने की मांग वार्डवासियों द्वारा की गई है।

### आवेदन निवेदन करने पर मिलता है आश्वासन

बताया जा रहा है कि नगर के वार्ड नं 30 स्थित मटन मछली मार्केट परिसर में हमेशा डिस्पोजल पानी पाउच, ग्लास सहित अन्य गंदगी देखी जाती है।वही जगह जगह हमेशा कचरे को एकत्र कर रखा जा रहा है। जिसका ठीक ढंग से उठाव नही हो रहा है। अब जनता भी सवाल पूछने लगी है कि आखिर नगर पालिका साफ सफाई की व्यवस्था बनाकर इस मुसीबत से उन्हें कब छुटकारा दिलाएगी। क्यो की बरसात के पहले हो या बारिश के बाद नपा का काम हमेशा आश्वासन पर चलता रहता है। जहा नपा अक्सर वैकल्पिक व्यवस्था के नाम पर आश्वासन पर आश्वासन देती रहती है और सिर्फ कागजो मे स्वछता का मैप तैयार कर, साफ सफाई की व्यवस्था बनाने का ढिढोरा पीटती है।शायद यही वजह है कि अब तक इस समस्या का निदान नही हो पाया है।

### टैक्स भरने के बाद भी वार्डवासियों को नही मिल रही मूलभूत सुविधा

वार्डवासियों ने बताया कि पिछले कई महीनों से वार्ड नं 30 में यह स्थिति देखी जा रही है पिछली बार तो वार्डवासियों से इसका जमकर विरोध भी किए था।लेकिन कुछ नहीं हुआ। अब भी पहले की तरह गंदगी देखी जा रही है। टैक्स भरने के बाद भी हमें सुविधा नहीं मिल रही है नगर पालिका में कई बार आवेदन निवेदन कर चुके है। लेकिन नगरपालिका को तो पूरा साल व्यवस्था बनाने में लग जाता है लेकिन कुछ भी कार्य नगर पालिका द्वारा नहीं किया जाता।वार्डवासियों का आरोप है कि उनसे टैक्स तो भरपूर वसूला जाता है। लेकिन टैक्स वसूलने के बाद भी उन्हें मूलभूत सुविधाएं तक नहीं दी जाती। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि क्या नगर पालिका ने स्वच्छता ही सेवा अभियान कागजों में ही निपटा दिया है। यह सवाल नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर एक बड़ा सवाल उठाती है।

### या तो मटन मछली मार्केट हटाओ, या फिर साफ सफाई की व्यापक व्यवस्था बनाओ- पूजा

मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान सरेखा वार्ड नंबर 30 सिंधी मोहल्ला निवासी वार्डवासी श्रीमती पूजा यादव ने बताया कि उनके वार्ड के पीछे मटन व मछली मार्केट है। वहां जगह-जगह गंदगी फैलाई जा रही है उससे इतनी अधिक बदबू आती है कि मोहल्ले के सभी लोग परेशान हैं। पिछले एक डेढ़ महीने से कचरा गाड़ी भी उनके वार्ड में कचरा लेने नहीं आई है। हमारी मांग है कि यहां से मटन मछली मार्केट को हटाकर कहीं और शिफ्ट किया जाए या फिर यहां पर साफ सफाई की व्यापक व्यवस्था बनाई जाए। ताकि वार्ड वासियों को इस कचरे सड़न और बदबू से मुक्ति मिल सके। उन्होंने बताया कि वार्ड में इतनी अधिक बदबू चलती है कि ग्रहणियों का घर में रहना तक मुश्किल हो गया है। हमने इसकी शिकायत कई बार नपा में की।पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

### गाड़ी नही आती, इसलिए जलाते है कचरा- बसंती

वार्डवासी महिला श्रीमती बसंती वट्टी ने बताया कि यहां मछली मटन मार्केट से बहुत अधिक बदबू आती है हमें घर में रहना तक मुश्किल हो गया है। उन्होंने बताया कि अभी शासन प्रशासन द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया था लेकिन यह अभियान हमारे वार्ड में नहीं चलाया गया। यहां जगह-जगह गंदगी पड़ी है, साफ सफाई की कोई व्यवस्था नहीं है, यहां तक की कचरा गाड़ी भी कचरा लेने नहीं आ रही है। 2 महीने हो गया कचरा गाड़ी नहीं आई है साफ सफाई नहीं हुई है। इसीलिए मोहल्ले के सभी लोग घर का कचरा निकाल कर बाहर जमा कर देते हैं।जहा अधिक कचरा जमा होने पर उसे जला देते हैं।

### तो गोंदिया मार्ग जाम कर प्रदर्शन किया जाएगा- मदनकर

वार्ड पार्षद प्रवीण मदरकर ने बताया कि वार्ड में कचरा गाड़ी नहीं आ रही है। विद्युत व्यवस्था के भी बुरे हाल हैं। मटन मछली मार्केट से 100 से 200 मीटर के लोग काफी परेशान हैं। यहां से काफी तेज दुर्गंध चलती है जिसको लेकर वार्ड वासियों का आक्रोश देखा जा रहा है ।उन्होंने बताया कि नगर पालिका द्वारा इस क्षेत्र से भरपूर टैक्स वसूली की जाती है। लेकिन टैक्स की तुलना में यहां सुविधा नहीं दी जा रही है। कचरा गाड़ी तक नहीं भेजी जाती। इसीलिए हमने पिछले दिनों यहां से टैक्स की वसूली को बंद कर दिया था। यहां वार्डों में लाइट तक नहीं लगी है, नल कनेक्शन तक नहीं हो पाए हैं। नगर पालिका अध्यक्ष को कई बार समस्या बताएं पर उन्होंने कोई सुनवाई नहीं की। वे करीब 35-30 दिनों से रोजाना नगर पालिका जाकर कचरा गाड़ी दिए जाने की मांग कर रहे हैं।लेकिन आज तक उन्हें कचरा गाड़ी नहीं दी गई है। बोलते हैं कि जब बनकर आ जाएगी तब दे देंगे। अभी नगर पालिका द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान चलाया गया और जगह-जगह फोटो खिंचवाई गई। लेकिन हमारे वल्र्ड में इस अभियान को नहीं चलाया गया। जबकि यहां सबसे ज्यादा जरूरत थी। हमें तो ऐसा लगने लगा है कि नगर पालिका के नक्शे में वार्ड नंबर 30, 31 और वार्ड नंबर 5 है ही नहीं। यहां 15 से 16 हजार लोग रहते हैं फिर भी इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है हमने कई बार अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर आवेदन निवेदन किया है।अब हम आवेदन निवेदन नहीं करेंगे, यदि जल्द से जल्द समस्या का समाधान नहीं किया जाता तो समस्त वार्ड वासियों के साथ मिलकर गोंदिया मार्ग पर चकाजाम कर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# शिक्षा विभाग ने निकाली चुनरी यात्रा

## अंबामाई में माता रानी को अर्पित की चुनरी

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। क्षेत्र, जिला, प्रदेश और देश में खुशहाली, अमन-चैन की मंगलकामनाओं के लिए प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी शक्ति की भक्ति के पर्व नवरात्रि के चौथे दिन शिक्षा विभाग की ओर से 10 किमी. की भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई. रविवार की सुबह करीब 09 बजे अर्जुननाला रोड पर स्थित कांच मंदिर में मां भवानी की प्रतिमा की पूजा अर्चना करने के बाद चुनरी यात्रा सिद्ध धार्मिक स्थल अंबामाई के लिए रवाना हुई. जिसमें शिक्षा विभाग के शिक्षक-शिक्षिकाओं उनके परिजनों के अलावा बढ़ी संख्या में हिन्दू धर्म प्रेमी शामिल हुए. चुनरी यात्रा का जगह-जगह धार्मिक और सामाजिक संगठनों ने स्वागत सत्कार किया और यात्रा में शामिल धर्म प्रेमियों के पीने के पानी से लेकर फलाहार की व्यवस्था करवा कर पुण्य लाभ अर्जित किया. चुनरी यात्रा में मां भवानी की जीवंत झांकी मुख्य आकर्षण का केन्द्र रही. इसके अलावा यात्रा में चलित भजन आर्केस्टा भी शामिल रहा. जिसने माता रानी के मधुर भजनों के साथ 10 किमी. की इस चुनरी यात्रा को बेहद आसान बना दिया. शक्ति की भक्ति में डूबे भक्त कब माता रानी के भजनों में नाचते-झूमते अंबामाई पहुंच गए उन्हें पता ही नहीं चला. अंबामांई पहुंचकर भक्तों ने पूजा अर्चना की और माता को चुनरी अर्पित करते हुए सुख-समृद्धि की कामना की। गौरतलब है कि चुनरी यात्रा में शामिल होने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं. 6 वर्षो से लगातार चली आ रही चुनरी यात्रा की शुरुआत कांच मंदिर से होते हुए शहर के मुख्य मार्गों से गुजरती हुई सिवनी रोड, लोहमारा होकर अंबामाई मंदिर पहुंची. इस यात्रा में शामिल भक्त संगीत की धुन पर माता की भक्ति में थिरकते नजर आए. चुनरी यात्रा की अगुवाई में मां दुर्गा की झांकी सजाई गई. जिसमें बच्चे मां दुर्गा के रूप में सबको आकर्षित कर रहे थे. अंबा माई में विधि-विधान से पूजा करने के बाद माता रानी को चुनरी अर्पित की गई. जिसके बाद महाप्रसादी का आयोजन हुआ।



# घरों में बिजली के उपकरण सहित मीटर जले

## ट्रांसफार्मर के विद्युत रोधी में हुआ धमाका

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। रविवार की दोपहर करीब साढ़े 03 से 04 बजे के बीच कटंगी शहर के वार्ड क्रमांक 02 में एक साथ कई घरों के मीटर में अचानक से धुंआ निकलने के साथ ही आग लग गई. वहीं कई घरों और दुकानों में बिजली से चलने वाले उपकरण जैसे एसी, फ्रिज, टीवी, प्रेस, वॉशिग मशीन, पंखा, मोबाइल फोन, चार्जर, कम्प्यूटर, लैपटॉप, बल्ब और टयूब लाइट से धुंआ निकल आया. जिससे पूरे वार्ड में हडकंप मच गया. दरअसल, शहर के वार्ड क्रमांक 02 में राजेश सिंगारे के आवास के बगल में स्थित ट्रांसफार्मर के विद्युतरोधी ( इन्सुलेटर) में जोरदार धमाका हुआ. जिससे वार्ड क्रमांक 02 और वार्ड क्रमांक 04 में एचडीएफसी बैंक के पास 11 के.व्ही. उच्च दाब विद्युत लाइन के तार टूट कर लो टेंशन निम्न दाब की विद्युत लाइन में उलझ गए. इसके साथ ही कई घरों के मीटर में आग लग गई और धुंआ निकलते दिखाई दिया. इन्सुलेटर के टूटने से घरों में जो उपकरण खराब हुए है उनका प्रारंभिक तौर पर जो अनुमान लगाया गया है उसमें 03 से 04 लाख रुपए की विद्युत सामग्री की क्षति होने की बात सामने आई है. वार्ड के रहवासियों ने बताया कि अचानक से बिजली के उपकरणों से धुआं निकला और बिजली गुल हो गई. इतनी बड़ी संख्या में जब लोगों को नुकसान हुआ तो सभी ने बिजली विभाग में शिकायत करने के लिए कॉल किया लेकिन किसी ने फोन रिसीव नहीं किया. तब पूर्व जनपद सदस्य श्रीमती अंजु शर्मा ने सहायक यंत्री से सीधे फोन पर चर्चा कर वार्ड में हुई क्षति की जानकारी दी. तब बिजली विभाग के कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंचे और सुधार कार्य जारी किया। तारों में शार्ट सर्किट से जिन्हें नुकसान हुआ है उनका कहना है कि बिजली विभाग आए दिन मेंटेनेंस के नाम पर कई घंटों तक बिजली कटौती करता है ऐसे में इस तरह की घटना विभाग की लापरवाही को दर्शाती है. जिन लोगों को नुकसान हुआ है उन्हें बिजली विभाग से क्षतिपूर्ति प्रदान करने की मांग रखी है. राजेश सिंगारे ने बताया कि उनकी 15 हजार की टीवी, 10 हजार का लैपटॉप और इन्वेंटर से धुआं निकला है. मतलब यह सभी सामग्री जलकर खराब हो गई है. पदमचंद जैन ने बताया कि टीवी का सेटअप बॉक्स तो खराब हो गया है लेकिन बिजली पुन: आने पर वास्तविक नुकसान कितना हुआ है इसकी जानकारी पता चलेगी. माया परिहार ने बताया कि उनके घर की टीवी, पंखे, मोबाइल फोन चार्जर, प्रेस तो खराब हो गई इनसे धुंआ निकल गया. फ्रिज और आरओ को क्षति हुई है या नहीं यह तो बिजली आने पर ही पता चलेगा. अमित ठवकर ने बताया कि दुकानों के दोनों फ्रिजर में धुआं निकल गया. घर के भीतर टीवी को नुकसान हुआ है बिजली आने पर पता चलेगा कि और कौन सा उपकरण खराब हुआ है. लेवेन्द्र बिसेन की दुकान में भी फ्रिजर खराब हुआ है. विनय गौतम के दुकान में लैपटॉप से धुंआ निकल गया. इन सभी के अलावा इसी वार्ड में और भी कई घरों में बिजली के उपकरण खराब हुए है। उल्लेखनीय है कि उच्च दाब की वजह से अगर घरों में किसी प्रकार के उपकरण खराब होते है तो बिजली विभाग न तो कोई कार्रवाई करती है और न ही मुआवजा देती है. ऐसे में सवाल यह है कि अगर हजारों रुपये कीमत के इलेक्ट्रॉनिक सामान बिजली विभाग की ही गलती से फुंक जाए तो उपभोक्ता क्या करेड इस बारे में जब हमने सहायक यंत्री राजीव रंजन से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि जो मीटर खराब हुए है उन्हें विभाग बदलकर देगा लेकिन घरों के भीतर जो नुकसान हुआ है उसके लिए कोई उपभोक्ता स्वयं जवाबदेह है जैसा कि उन्होंने बताया एमसीबी यानी मिनिएचर सर्किट ब्रेकर अगर लगी होती तो मीटर में किसी प्रकार की हलचल होते ही विद्युत प्रवाह रुक जाता है और यह हादसा नहीं होता. इसलिए विद्युत विभाग किसी भी तरह की नुकसानी का हर्जाना नहीं चुकाता।





# कराते के 300 से ज्यादा प्रशिणार्थियों ने दी ग्रेडिंग परीक्षा

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। जिला कराते संघ और इंडिया कराते एशोसिएशन के संयुक्त आयोजन में कराते के प्रशिणार्थियों की ग्रेडिंग परीक्षा का आयोजन, उत्कृष्ट विद्यालय के सभागार में किया गया। रविवार को आयोजित इस परीक्षा के दौरान नेशनल कराते एशोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह तोमर, उपाध्यक्ष तिवारी, कोतवाली थाना प्रभारी प्रकाश वास्कले, जिला कराते संस्थापक तपेश असाटी, जिलाध्यक्ष देवेन्द्रसिंह चंदेल, सचिव दिनेश कोरे, कोषाध्यक्ष आकाश झा सहित अन्य उपस्थित थे।ग्रेडिंग परीक्षा में बालक, बालिकाओं सहित युवा प्रशिणार्थी भी शामिल थे। जिला कराते संघ संस्थापक तपेश असाटी ने बताया कि कराते के प्रशिणार्थियो की आज ग्रेडिंग परीक्षा हो रही है, जिसमें सफल प्रतिभागियों को जिला, संभागीय और ओपन प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि जिला कराते संघ, जिले की कराते प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने सतत प्रयत्नशील है। जहां परीक्षा के बाद खिलाड़ियों को करने की विभिन्न विधाओं में बारीकियो के गुर भी सिखाए गए है।




लामता में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

परसवाड़ा में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध

निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

# नक्सल सुरक्षा, पर्यटन और व्यापार का तैयार हुआ दक्षिण द्वार

## घने जंगल में सर्पीली सड़क वादियों में सैलानियों को कराएगी सैर, दुर्गम पहाड़ी के आदिवासी 100 किमी.की दूरी साढ़े पांच कोस में करेंगे पूरी, महाराष्ट्र व छत्तीसगढ़ की कान्हा राष्ट्रीय टाइगर पार्क की कम हुई दूरी

**बालाघाट ( पद्मेश न्यूज़ )। आज से पहले भी सड़कें बनी है और आगे भी बनती रहेंगी। लेकिन इस बारिश से पहले एक ऐसी सड़क बनकर तैयार हुई। जो नक्सल सुरक्षा और पर्यटन की दृष्टि से अनुपम हैं। यह सड़क जंगल में रहने वाले आदिवासियों के लिए जीवन रेखा के समान भी है। इस सड़क से नक्सल से सुरक्षा में पुलिस को बड़ी मदद तो मिलना तय है ही इससे ज्यादा पर्यटन, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार को भी नया आयाम मिला है। इस सड़क निर्माण के लिए पुलिस द्वारा आरसीपीएलडब्ल्यूईए से प्रस्ताव तैयार किया गया। इस सड़क की एक खूबी यह भी है कि ये सड़क जिले के उत्तरी क्षेत्र बैहर को दक्षिण क्षेत्र यानी किरनापुर, लांजी को सीधे जोड़ दिया है। इस लिहाज से इसे जिले का दक्षिण द्वार कहा जाने लगा है। इस द्वार से गोंदिया, दुर्ग और राजनांदगांव सीधे तौर पर हद में आ गया है। यह सड़क दो विधानसभाओं को आपस में जोड़ती है। बैहर विधानसभा के हर्रानाला से प्रारम्भ होकर खड़ी पहाड़ी व अत्यंत दुर्गम जंगल के बीच से 16 किमी. की दूरी तय करते हुए लांजी विधानसभा के दुगलई पहुँचती है।**



### चुनोती भरा रहा निर्माण, 1200 मीटर में 8 शार्प टर्न

एमपीआरआरडीए के सहायक प्रबंधक एसके शर्मा ने बताया कि आरसीपीएलडब्ल्यूईए मद से निर्मित 16 किमी. की यह सड़क बड़ी कठिन रही है। इस मार्ग में एक बड़ी और खड़ी चढ़ाई को तोड़ना इतना आसान नही था। इस मार्ग में 1200 मीटर में ही 8 शार्प टर्न है। यहां से गुजरने वाले लोगों को सूझबूझ से काम लेना होगा।

### तीन प्राकृतिक झरनों और नेशनल पार्क आपस में जुड़ जाएंगे

यह सड़क महाराष्ट्र व छत्तीसगढ़ के पर्यटकों के लिए सीधा संपर्क कान्हा टाइगर नेशनल पार्क के अलावा गोदरी, घोघरा और देवनदी के झरने से जुड़ जाएगा। एमपीआरआरडीए के महाप्रबंधक गजेंद्र लारिया ने बताया कि सड़क निर्माण से पूर्व दुगलई, भगतपुर और दो राज्यो के पर्यटकों को बैहर जाने के लिए बालाघाट की ओर से जाना पड़ता था। जो लगभग 80 किमी. दूर है। दुगलई के लोगों को अपनी ही पंचायत बिठली जाने के लिए 5.50 कोस चलकर जाना पड़ता था। या तो 80 किमी.बालाघाट की ओर से घूमकर जाना मजबूरी थी। 11 करोड़ की लागत से बनी सड़क जिले का दक्षिण द्वार है, जो बैहर से लांजी, किरनापुर व अन्य क्षेत्र को जोड़ रही है। बिठली सरपंच श्रीमती मालती उइके का कहना है कि यह सड़क इतनी महत्वपूर्ण है कि यह शिक्षा, स्वास्थ्य और राशन दुकानों को आपस में जोड़ रही है। साथ ही आसपास के लोगों की पहुँच किरनापुर हाट बाजार में भी आसानी हो गई है। गाड़िया चलने से रोजगार और व्यापार भी बढ़ने लगा है।

### सड़क का जनसांख्यिकी महत्व

जब इस सड़क से सीधे तौर पर लाभान्वित होने वाले लोगों की जानकारी बटोरी गई तो पता चला। स्वास्थ्य, शिक्षा और राशन दुकानों तक पहुँचने में इस सड़क ने एक दर्जन से अधिक गांवो को सहूलियत दी है। इस सड़क से बिठली, हर्रानाला, लूद, सारद, पाथरी, आमानाला, बमनी, कोंगेवानी, हर्राटोला, मंडवा, माड़ी, डोंगरिया, लातरी, कुर्रेझोडी, जालदा, लिमोटी, नवही, हिर्री, भिररी और नारंगी गांवो के लोगो का कहीं न कहीं संपर्क इसी सड़क से होने लगा है। इस सड़क से बिठली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अलावा उप स्वास्थ्य केंद्र लूद, लातरी, आमानाला और लिमोटी के मरीज आसानी से पहुँचने लगे है। इन स्वास्थ्य केंद्रों पर मासिक ओपीडी 1200 से अधिक है। साथ ही बिठली, लातरी, पाथरी, नवही, कोंगेवानी, हर्रानाला और गोदरी के 10824 राशन कार्ड धारी इस सड़क का उपयोग करने लगे है। इसके अलावा करीब 150 स्कूली विधार्थियों के लिए यह सड़क उपयोगी हो रही है।

### क्या कहते हैं उपयोग करने वाले नागरिक

आमानाला की माध्यमिक विद्यालय में करीब 5 वर्षो से कार्यरत प्रधानपाठक कौशल पटेले का मानना है कि इस कठिन चढ़ाई के बाद इस मार्ग का उपयोग कई तरह के लोग कर रहें है। साथ ही 8 किमी.के दायरे में 4 स्कूल 2 आंगनवाड़ी आपस मे जुड़ गए है। अब भयमुक्त होकर आना जाना हो पा रहा है। आमानाला के ही किसान यशवंत धुर्वे कहते है कि व्यापारी इस मार्ग से उनके घरों से ही पिहरी झाड़ू जैसी कई सामग्री खरीदने पहुँचने लगें है। पहले उन्हें बिठली, हट्टा या गोदरी जाकर बेचना पड़ता था। अब घर बैठें रुपये मिल जाते है। कई लोग दुकानें भी लगाने लगें है। इसी तरह हर्रानाला की सुशीला पन्द्रे, कौशल उइके और दीनू भलावी को इस मार्ग के बनने से राशन व स्वास्थ्य में बड़ी सुविधा मिली है।

# म0प्र0 राज्य कर्मचारी संघ ने हर्षोल्लास के साथ मनाया स्थापना दिवस

## 17 अक्टूबर को भोपाल में धरना प्रदर्शन की बनाई रणनीति

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी म0प्र0 राज्य कर्मचारी संघ से जुड़े विभिन्न अधिकारियों कर्मचारियों के संगठनों ने हर्षोल्लास के साथ संघ का स्थापना दिवस मनाया। जिसके तहत विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए गए।6 अक्टूबर दिन रविवार को सरस्वती उच्च0 मा0 विद्यालय बालाघाट के प्रांगण में मनाए गए इस स्थापना दिवस के अवसर पर संगठन के पूर्व जिला अध्यक्षों का सम्मान किया गया।तो वही कर्मचारियों की जिला स्तर की समस्याओं पर सह-विस्तार चर्चा की गई। वही समस्याओं के निराकरण के लिए भोपाल जाकर आंदोलन किए जाने की रणनीति बनाई गई।कार्यक्रम में सभी ब्लाक, तहसील, जिला स्तर के पदाधिकारी / विभागीय समितियों के पदाधिकारी एवं जिले भर के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जहां सभी की उपस्थिति में 17 अक्टूबर को प्रान्तीय आव्हान पर राजधानी भोपाल में कर्मचारियों की लम्बित मांगों के समर्थन में आयोजित धरना प्रदर्शन में सम्मिलित होने की तैयारियों की समीक्षा की गई।वही जिले में म0प्र0 राज्य कर्मचारी संघ के सदस्यता अभियान का प्रारंभ करने की बात पर जोर दिया गया।




### भोपाल में करेंगे जंगी प्रदर्शन- बिसेन

आयोजित कार्यक्रम को लेकर की गई चर्चा के दौरान म0प्र0 राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अशोक बिसेन ने बताया कि स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में जिले भर में 25 प्रतिशत कर्मचारियों को सदस्य बनाने के लक्ष्य को हॉसिल करने के लिए रणनीति तैयार की गई है।उन्होंने बताया कि 06 अक्टूबर 1978 को म0प्र0 राज्य कर्मचारी संघ की स्थापना हुई थी।प्रदेश के द्वितीय श्रेणी अधिकारियों, तृतीय एंव चतुर्थ श्रेणी शासकीय कर्मचारियों का प्रदेश का एक मात्र संगठन है जो विश्व के सबसे बड़े श्रमिक संगठन भारतीय मजदूर संघ का सहयोगी एवं राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी संघ से संबंध है। उन्होंने आगे बताया कि विभिन्न विभागों के कर्मचारियों की वर्षों से कई मांगे लंबित है जिन को लेकर 17 अक्टूबर को भोपाल पहुंचकर धरना प्रदर्शन की रणनीति बनाई गई है इसमें बालाघाट जिले से तीन गाड़ियों में भरकर कर्मचारी जाएंगे वहीं प्रदेश भर के कर्मचारी भोपाल पहुंचकर अपनी लंबित मांगों को लेकर जंगी प्रदर्शन करेंगे।इस दौरान मध्य प्रदेश से राज्य कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष अशोक बिसेन, जिला संगठन मंत्री के जी बिसेन, सचिव बालेश्वर रहांगडाले, उपाध्यक्ष सीडी नागपुरे, श्री हनवत, केके एडे, आरके भगत, जितेंद्र निकोंसे, श्री खंड़ेलकर, बसंत चौधरी, खुमेंद्र बोपचे,अमूल्य भलाधारे, श्रवण कुमार बिसेन,आरके बोपचे, प्रमोद कुमार कटरे, दिलेश खंडेलकर, दिलीप पटेल, भेजनलाल कटरे, शैलेंद्र नंदा गौली, आईपी पटले ,रविंद्र बघेले ओर महेंद्र शरणागत सहित अन्य पदाधिकारी सदस्य व शिक्षक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# गड़दा में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा नवरात्र पर्व

## माँ अन्नपूर्णा माता के दर्शन को उमड़ रहा जनसैलाब, भूस्खलन के बाद मां अन्नपूर्णा का दरबार सलामत भक्तो की बड़ी आस्था

**बालाघाट ( पद्मेश न्यूज़ )। जिला मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर प्रकृति की गोद में बसे ग्राम गड़दा और बूढ़ेना गांव के बीच पहाड़ो पर प्रकट हुई मां अन्नपूर्णा मंदिर में नवरात्र पर्व हर साल की तरह इस साल भी हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा ।जहां विभिन्न क्षेत्रों से रोजाना आ रहे श्रद्धालुओं द्वारा माता रानी की विशेष पूजा अर्चना कर विभिन्न कार्यक्रम किए जा रहे है।वही इस वर्ष नवरात्र मनाने भक्तो में उत्साह बढ़ चढ़कर देखने को मिल रहा है दरसल कुछ वर्ष पूर्व जगह जगह पहाड़ पर्वतों पर भूस्खलन और प्राकृतिक घटनाओं के बावजूद भी पत्थरो की गुफा में बने माता का दरबार सही सलामत है जिसे लोग चमत्कार से जोड़कर देख रहे है।**



### सपने में आकर माता ने बताया था अपना पता

गड़दा गांव में स्थित मां अन्नपूर्णा दरबार से तरह-तरह की मान्यताएं जुड़ी हुई है।अन्नपूर्णा माता के धाम को लेकर भक्तो की माने तो 2006 में माता अन्नपूर्णा ने आदिवासी ग्रामीण के सपने में आकर उन्हें अपना पता बताया था और पत्थरो की गुफा में प्रकट हुई थी।जब ग्रामीणों ने दरबार को खोजने का कार्य शुरू किया तो काफी खोजबीन के बाद भी वे दरबार को नहीं खोज पाए और उनकी यह खोज भी निरंतर जारी रही और आखिरकार एक दिन उन्हें देखे गए सपने के अनुसार माता का दरबार नजर आ गया। माता के दरबार में प्राचीन समय से पत्थरो से बनी अनाज की कोठी भी मौजूद है जिसके बारे में बताया जाता है कि इस पत्थर की कोठी से प्राचीन समय में स्थानीय लोग धान और अनाज को उधार ले जाते थे और फसल उगाने के बाद उधार लिए अनाज को वापस कर देते थे।भक्तजनों द्वारा इस दरबार को मुराद पूरी करने वाला दरबार भी बताया जाता है।प्रतिवर्ष माता के प्रकट दिवस और नवरात्र पर लोग दूर-दूर से यहां पहुंच कर माता के दर्शन करते हैं। और दरबार में विभिन्न कार्यक्रमो के आयोजन धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ संपन्न कराए जाते है।

### प्राकृतिक भूस्खलन ने बनाया दरबार तक पहुंचने का आसान रास्ता

प्रकृति की गोद में बसे माता के दरबार में पहुंचने के लिए पहले लोगों को उबड़ खाबड़ रास्तों, पहाड़ पर्वत को लाघ कर जाना पड़ता था जहां से माता के दरबार में पहुंचने में लोगों के पसीने छूट जाते थे लेकिन कुछ वर्ष पूर्व प्राकृतिक भूस्खलन ने माता के दरबार में पहुंचने का आसान रास्ता बना दिया है जिसे भक्तगणों द्वारा एक बड़ा चमत्कार माना जा रहा है और इस वर्ष माता अन्नपूर्णा के धाम को लेकर लोगो के बीच चमत्कार और हैरान करने वाली प्राकृतिक घटना खूब सुर्खियों में है।बताया जा रहा है कि कुछ वर्ष पूर्व बालाघाट में पहली बार जगह-जगह पहाड़ो पर जबरदस्त भूस्खलन भी हुआ था ।यह प्राकृतिक घटना माता अन्नपूर्णा के धाम गड़दा की पहाड़ी पर भी देखने को मिली जहां जोरदार बारिश के चलते इस पहाड़ी पर कई जगह भूस्खलन भी हुआ है लेकिन हैरानी की बात है कि एक के ऊपर एक रखे पत्थरो की गुफा जिसके भीतर मां अन्नपूर्णा प्रकट हुई है उस माता के दरबार को कुछ भी नही हुआ है जिसे लोग किसी चमत्कार से कम नही मान रहे है। इतनी बड़ी प्राकृतिक घटना के बाद भी माँ अन्नपूर्णा के दरबार का सही सलामत होना लोगो को हैरत में डालने वाली घटना साबित हो रही है क्योंकि यंहा कई जगह हुए भूस्खलन की घटना में सैकड़ो हजारो वर्षो से जमे हुए बड़े बड़े चट्टान उखड़ गए है वंही बड़े बड़े पेड़ और पत्थर मलबे में बहकर ऊपर से नीचे आ गए है । ऐसे ही माता के दरबार से कुछ ही दूरी पर पहाड़ की चोटी से नीचे तक हुए भूस्खलन को माता के दरबार तक जाने का सीधा और आसान रास्ता बन गया जिसे एक बड़ा चमत्कार माना जा रहा है।

### ऊंची पहाड़ी पर विराजमान खजाने वाली मॉ

नवरात्र पर्व पर प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी बड़ी संख्या में श्रृद्धालु भक्तों का सैलाब यहां माता के दर्शनार्थ उमड़ रहा है। यहां पहुंचने वाले भक्तों में मानता हैं कि जो भी भक्त सच्चे मन से यहां आकर माता रानी की पूजा आराधना करता है उसकी मनोकामना पूरी होती है। कारण यहीं है कि यहां 12 महिनें भक्तों की भीड़ लगी रहती है।

### खजाने तक पहुचने का बना है रास्ता

मॉ की सेवा में लगे पुजारी के अनुसार 10 सितम्बर 2006 में मातारानी ने गढ़दा निवासी वीरसिंह अड़में को स्पप्न देकर स्वंय के प्रकृट होने की जानकारी दी थी। इसके बाद लोगों ने उक्त स्थान पर जाकर देखा तो अन्नपूर्णा मॉं की मूर्ति नजर आई। बस तभी से लोगों ने मां अन्नपूर्णा देवी की पूजा अराधरा प्रारंभ कर दी। भक्तों में मानता है कि माता की मूर्ति के पीछे से एक सुरंग है, जो खजाने तक पहुंचती है। इसलिए मॉ अन्नापूर्णा को खजाने वाली माता भी कहा जाता है। पंडित के अनुसार उक्त खजाने की रक्षा स्वयं माता के वाहन यानी सिंह और शेषनाग करते हैं।इसलिए आज तक कोई खजाने तक नहीं पहुंच पाया है।

### नहीं खोज सके खजाना

गढ़दा वासियों की माने तो एक बार कुछ शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारी खजाने की खोज करने मॉ के दरबार में पहुंचे थे। लेकिन पहाड़ी चढ़ते ही उनके सब यांत्रिक उपकरण खराब हो गए और उन्हें बैरंग ही लौटना पड़ा था। इस घटना को भक्त चमत्कार मनाते हैं और इसके बाद मॉ अन्नपूर्णा पूरे देश में विख्यात हो गई। यहां के लोगों का कहना है कि उन्होंने माता के दरबार में ऐसे कई किस्से होते देखे हैं।

### ज्योति कलश प्रज्जवलित

इस वर्ष भी माता के दरबार में मनोकामना ज्योति कलश स्थापित किए गए हैं। इसकी यह मानता है कि कलश स्थापना उन भक्तों द्वारा की जाती है, जिनकी मां के दरबार में मनोकामना पूरी हो चुकी है।

### अष्टमी पर भंडारा

इस वर्ष पंचाग तिथि के अनुसार नवरात्री पर्व 8 दिनों तक मनाया जाएगा। इसी हिसाब से माता के दरबार में अष्टमी पर्व मनाया जाएगा। इस दौरान यहां भंडारे का आयोजन भी रखा गया है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रृद्धालु भक्त शामिल होंगे।

# मप्र प्राथमिक माध्यमिक शिक्षक संघ ने मनाया विश्व शिक्षक दिवस

## सेवानिवृत शिक्षकों का सम्मान सहित विभिन्न कार्यक्रमों के किए गए आयोजन

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। केवल भारत देश ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व में 6 अक्टूबर के दिन को विश्व शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। जहां शिक्षकों के योगदान उनके कार्यों का बखान कर शिक्षकों को सम्मानित करने का काम किया जाता है।इसी कड़ी में रविवार 5 अक्टूबर को अवकाश होने के चलते मध्य प्रदेश प्राथमिक माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा विश्व शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसके तहत संघ से जुड़े सेवानिवृत शिक्षकों को पुष्प गुच्छ, शाल, श्रीफल देकर सम्मानित किया गया, तो वहीं विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन संपन्न कराए गए। कन्या बूढ़ी हाई सेकेंडरी स्कूल बालाघाट में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान संगठन से जुड़े विभिन्न वक्ताओं ने विश्व शिक्षक दिवस को लेकर अपने अपने विचार रखे, तो वही वर्तमान समय में शिक्षकों को होने वाली विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए उनका निराकरण के रास्ते बनाए जाने की भी बात कही। जहां उपस्थित सभी शिक्षकों का सम्मान कर मंचीय कार्यक्रम के दौरान बारी-बारी से शिक्षकों ने कार्यक्षेत्र में आने वाली विभिन्न परेशानियों से अवगत कराया ।तो वहीं वर्षों से लंबित विभिन्न मांगों को लेकर सह विस्तार चर्चा की गई। इस चर्चा के दौरान संगठन से जुड़े विभिन्न पदाधिकारी ने शिक्षकों की इन समस्याओं के निराकरण के लिए प्रति 2 वर्ष में अयोजित होने वाले अखिल भारतीय शिक्षक संघ के महासम्मेलन में शिक्षकों के विभिन्न मुद्दे उठाने की रणनीति बनाई।




### इन सेवानिवृत शिक्षकों का किया गया सम्मान

विश्व शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान मध्य प्रदेश प्राथमिक माध्यमिक शिक्षक संघ से जुड़े पदाधिकारियों द्वारा सेवानिवृत शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस दौरान संघ से जुड़े पदाधिकारी ने सेवानिवृत शिक्षक संतोष मेश्राम, रेवा प्रसाद जतेरे ,श्री अर्जे, टीएल भालेकर, लक्ष्मी मर्सकोले,डीएस कलचुरी सहित अन्य सेवा निवृत शिक्षकों को पुष्प गुच्छ शाल श्रीफल, भेट कर सम्मानित किया। इस दौरान मध्य प्रदेश प्राथमिक माध्यमिक शिक्षक संघ संरक्षक टीएल भालेकर,डीएस कलचुरी, जिला अध्यक्ष हरिशंकर दमाहे,महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष लीना रूसी ,सचिव महेद्र हरिनखेडे, प्रवक्ता हंसराज भौतिक,और हरिप्रसाद देशमुख सहित अन्य पदाधिकारी सदस्य व संघ से जुड़े अन्य शिक्षक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा नवरात्र पर्व

## नवरात्र में देवी भक्तों को रोजाना भोजन करा रही दुर्गोत्सव समिति

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। शक्ति की भक्ति का महापर्व नवरात्र जिला मुख्यालय सहित तहसील व अन्य ग्रामीण अंचलों में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है जहां रोजाना ही विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किया जा रहे हैं। किसी कड़ी में आज सोमवार को नवरात्र की पंचमी मनाई जाएगी। कहा जाता है कि नवरात्र की प्रथमा, पंचमी और अष्टमी का पूजन और व्रत बड़ा मंगलदायी होता है, यही कारण है कि पूरे नवरात्र में व्रत नहीं रखने वाले भक्तगण इन तीन दिनों में व्रत रखकर मां का पूजन करते है।आपको बताए कि नगर में लगभग 80 जगह मां दुर्गा की मनोहारी प्रतिमा को विराजित किया गया है। दुर्गोत्सव समिति ने मां के आसन स्थल की आकर्षक, साज-सज्जा की है, देवीदर्शन के साथ ही दुर्गोत्सव समिति के आयोजन को देखने लोग सड़को पर निकल रहे है, पंचमी के बाद नवरात्र की नवमी तक भीड़ और बढ़ेगी। जिसमें सुरक्षा और आवागमन पर विशेष नजर होगी। ताकि बड़ी संख्या निकलने वाले लोगो को दर्शन, सुरक्षा और सुगमता से हो सके।

### नवरात्र पर पिछले 12 वर्षों से रोजाना भंडारा करा रही समिति

उधर नवरात्र की धूम के बीच नगरी क्षेत्र के दुर्गोत्सव समिति में विजय दुर्गोत्सव समिति सरस्वती नगर, पिछले 12 सालों से हर नवरात्र में भंडारे के माध्यम से देवीभक्तों



को भोजन करा रही है। नवरात्र से दशमी की रात तक दुर्गोत्सव समिति के सेवादार, देवीभक्तों को लंगर कराते है। वहीं देवीपंडालो में जस, भजन और देवीगीतों की भक्ति में हर भक्त डूबा है।वही समिति द्वारा आगामी वर्ष से इन आयोजनों को भव्यता प्रदान करने की भी बात कही गई है।

# कभी भी धंसक सकता है पनबिहरी से साल्हे ला. पहुंच मार्ग

## सर्राटी नदी खेल स्टेडियम के समीप से गुजरी सड़क, दुर्घटना को दे रही आमंत्रण

**लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत पनबिहरी से साल्हे ला. पहुंच मार्ग स्थित ग्रामीण खेल स्टेडियम पनबिहरी के समीप मोड़ाई में सर्राटी नदी के किनारे की मिट्टी विगत दिवस सर्राटी नदी में आई बाढ़ से मिट्टी का कटाव होने से अब धीरे-धीरे मिट्टी धसकने लगी है। जल्द मिट्टी कटाव के लिए रिटर्निंगवॉल का निर्माण नही किया गया तो किसी भी समय पनबिहरी से साल्हे ला. पहुंच मार्ग धसक सकता है यानि सड़क क्षतिग्रस्त हो सकता है। जिससे आधा दर्जन से अधिक ग्रामों का संपर्क टूटने के साथ ही बड़ी दुर्घटना घटित होने की संभावना बनी हुई है परन्तु जिम्मेदारों के द्वारा इस समस्या की कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। जबकि इस मार्ग से आधा दर्जन से अधिक ग्रामों के ग्रामीणजन, राहगीर एवं स्कूली बच्चें लालबर्रा आना-आना करते है परन्तु सड़क की मोड़ाई से मिट्टी धसक रही है एवं सड़क किनारे नदी में करीब १० से १५ फीट का खाई भी बना हुआ है और जिस स्थान से सड़क की मिट्टी धसक रही है उस स्थान पर अंधा मोड़ाई है। अगर पनबिहरी की ओर से कोई बड़ा वाहन साल्हे ला. की ओर जा रहा है एवं साल्हे ला. की ओर से कोई पनबिहरी लालबर्रा की ओर आ रहे है और अचानक मोड़ाई में सामने-आमने से वाहन आ जाती है तो वाहन अनियंत्रित होने से वे खाई में गिर सकते है। जिससे बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है और हर समय हादसा होने की संभावना बनी है। साथ ही आने-जाने वालों को परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण एवं राहगीरों ने पनबिहरी से साल्हे ला. पहुंच मार्ग के ग्रामीण खेल स्टेडियम के समीप सड़क के किनारे से धसक रही मिट्टी की रोकथाम के लिए रिटर्निंगवॉल का निर्माण करवाने की मांग की है ताकि आवागमन सुचारू से जारी रह सके।**





### सड़क की मिट्टी धसकने एवं क्षतिग्रस्त होने से आवागमन हो सकता है बाधित

आपकों बता दे कि पनबिहरी से साल्हे ला. पहुंच मार्ग के बीच से सर्राटी नदी गुजरी है परन्तु सर्राटी नदी पर पुल नही होने एवं कच्च मार्ग होने से आने-जाने में ग्रामीणजनों को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था एवं बरसात के दिनों में ५ से १० किमी. अधिक दुरी तय कर बघोली मार्ग होते हुए ग्रामीणजन एवं स्कूली बच्चें पूर्व में लालबर्रा मुख्यालय आना-जाना करते थे। जिससे परेशान होकर ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से पनबिहरी से साल्हे ला. पहुंच मार्ग एवं सर्राटी नदी के ऊपर पुल का निर्माण करवाने की मांग की थी। जिसके बाद प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विभाग के द्वारा विगत वर्ष पुर्व पनबिहरी के समीप सर्राटी नदी के ऊपर पुल के साथ ही डामरीकरण सड़क का निर्माण करवाया है। जिससे आधा दर्जन से अधिक ग्रामों के ग्रामीणजन एवं सोनेवानी जाने वाले पर्यटक भी इसी मार्ग से आना-जाना करते है। साथ ही उक्त पुल एवं सर्राटी नदी के समीप सड़क किनारे शासन के द्वारा लाखों रूपयों की लागत से ग्रामीण खेल स्टेडियम का भी निर्माण किया गया है। ताकि नगर मुख्यालय सहित ग्रामीण स्तर के खिलाड़ी खेल मैदान में पहुंचकर क्रिकेट सहित अन्य खेल का प्रैक्टिस कर सके परन्तु लालबर्रा मुख्यालय से करीब ३ किमी. दूर नदी किनारे होने के कारण खिलाड़ी उक्त ग्रामीण खेल स्टेडियम का उपयोग नही कर रहे है। वहीं ग्रामीण खेल स्टेडियम पनबिहरी के समीप सर्राटी नदी किनारे सड़क की मिट्टी अंदर से धीरे-धीरे धसकने लगी है जल्द मिट्टी कटाव को रोकने के लिए रिटर्निंगवॉल का निर्माण नही किया गया और तेज बारिश होने पर नदी में बाढ़ आती है तो सड़क के नीचे की मिट्टी कटकर बह जायेगी। साथ ही सड़क भी क्षतिग्रस्त होकर बह सकती है। इस दौरान अगर कोई मार्ग से आना-जाना करते रहते है तो उनके साथ बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है। वहीं वर्तमान में ग्रामीण खेल स्टेडियम पनबिहरी के समीप नदी किनारे अंधा मोड़ है आमने-सामने से आने वाले दुर से दिखाई नही देते है अगर अचानक पनबिहरी की ओर से कोई बड़ा वाहन साल्हे ला. की ओर जा रहा है एवं साल्हे ला. की ओर से मोटरसाइकिल एवं अन्य वाहन से कोई आ रहे है। इसी बीच अचानक दोनों अंधे मोड़ाई में पहुंचते है तो साल्हे ला. की ओर से आने वालों की वाहन अनियंत्रित होकर रोड़ किनारे नदी में बने १० से १५ फीट गहरे खाई में गिर सकते है। वहीं पनबिहरी की ओर से जाने वाले ग्रामीण खेल स्टेडियम पनबिहरी की बाउण्ड्रीवाल से उनकी वाहन टकरा सकती है जिससे बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है। जबकि इस मार्ग से साल्हे ला. चिचगांव, खैरगोंदी, चिखलाबड्डी सहित अन्य ग्रामों के ग्रामीणजन, स्कूली बच्चें लालबर्रा पढ़ाई करने आते है। साथ ही सोनेवानी वन्यप्राणियों का दीदार करने पर्यटक भी इसी मार्ग से आना-जाना करते है। जिन्हे भी परेशानी हो सकती है और हर समय हादसा घटित होने का डर बना हुआ है परन्तु जिम्मेदारों के द्वारा इस समस्या की ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। जिससे ग्रामीण, राहगीर व स्कूली बच्चों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है।

### दुर्घटना की बनी हुई है संभावना - विरेन्द्र

विरेन्द्र सोनवाने ने बताया कि पनबिहरी से साल्हे ला. सोनेवानी पहुंच मार्ग से आधा दर्जन से अधिक ग्रामों के ग्रामीणजन एवं स्कूल व कालेज के बच्चें आना-जाना करते है परन्तु ग्रामीण खेल स्टेडियम पनबिहरी के पास सर्राटी नदी किनारे मोड़ाई में सड़क किनारे की मिट्टी धसकने लगी है और धीरे-धीरे मिट्टी का कटाव जारी है जो किसी भी समय धसक सकती है और मार्ग क्षतिग्रस्त होने से आवागमन बाधित हो सकता है। श्री सोनवाने ने बताया कि जिस स्थान से मिट्टी धसक चुकी है वह अंधा मोड़ाई है और नदी साईड में १० से १५ फीट गहरा खाई है अगर कोई अनियंत्रित होता है तो वे सीधे खाई में गिर सकता है जिससे दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है क्योंकि इस स्थान से बमुश्किल दो वाहन क्रास हो पा रहे हैं। जबकि इस मार्ग से पर्यटक भी सोनेवानी वन्यप्राणियों का दीदार करने जाते है इसलिए प्रशासन से मांग है कि जिस स्थान से मिट्टी धसक रही है उस स्थान की मिट्टी कटाव को रोकने के लिए काम करना चाहिए।



### रिटर्निंगवॉल का निर्माण करवाये प्रशासन - लुकराम

साल्हे ला. पूर्व सरपंच लुकराम कटरे ने बताया कि पनबिहरी से साल्हे ला. पहुंच मार्ग स्थित ग्रामीण खेल स्टेडियम के समीप से सर्राटी नदी गुजरी है और विगत दिवस नदी में बाढ़ आने से मिट्टी का कटाव होने के कारण सड़क की मिट्टी नीचे से धीरे-धीरे धसकने लगी है और यह मोड़ाई में बना हुआ है जिससे हर समय दुर्घटना घटित होने की संभावना बनी हुई है क्योंकि जिस स्थान से मिट्टी धसक गई है उस स्थान पर चौड़ाई कम हो चुकी है ऐसी स्थिति में दो वाहनों के क्रास होते समय हादसे घटित हो सकते है। श्री कटरे ने बताया कि समय रहते सड़क किनारे व उसके नीचे की मिट्टी कटाव की रोकथाम नही किया गया तो कभी भी सड़क धसककर क्षतिग्रस्त हो सकता है जिससे इस मार्ग से आवागमन बाधित हो जायेगा। ऐसी स्थिति में अधिक दुरी तय कर लालबर्रा मुख्यालय आना-जाना करना पड़ेगा इसलिए प्रशासन से मांग है कि सड़क किनारे की मिट्टी कटाव को रोकने के लिए रिटर्निंगवॉल का निर्माण करवाये।



### इनका कहना है

आपके माध्यम से संज्ञान में आया है कि पनबिहरी से साल्हे ला. पहुंच मार्ग स्थित ग्रामीण खेल स्टेडियम पनबिहरी के समीप नदी किनारे से सड़क की मिट्टी धसकने लगी है, आवागमन में परेशानी हो रही है, जल्द ही स्थल का निरीक्षण कर मिट्टी के कटाव को रोकने के लिए काम किये जायेगें।



**गजेन्द्रसिंह लारिया**
**महाप्रबंधक**
**प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विभाग**
**बालाघाट**

# माँ सरस्वती की प्रतिमा स्थापना के साथ महोत्सव का आगाज आज

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। क्षेत्र की प्रतिभाओं को मंच देने वाले माँ सरस्वती महोत्सव का ७ अक्टूबर को वीणा वादिनी माँ सरस्वती जी की प्रतिमा स्थापना के साथ आगाज होगा। जिसकी तैयारी समिति के द्वारा पुरी कर ली गई है और आज शुभ मुहुर्त पर माँ सरस्वती की प्रतिमा स्थापना कर माँ सरस्वती महोत्सव भक्तिभाव एवं धूमधाम से मनाया जायेगा। आपकों बता दे कि जिले सहित पूरे महाकौशल क्षेत्र में ख्यातिप्राप्त, ऐतिहासिक रूप से मनाया जाने वाला माँ सरस्वती महोत्सव ३२ वें वर्ष में प्रवेश करते हुए धूमधाम एवं भक्तिभाव के साथ मनाया जायेगा। जिसके भव्य आयोजन हेतु माँ सरस्वती महोत्सव प्रांगण में समिति के युवाओं के द्वारा समस्त वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में त्याग-समर्पण व जुनून के साथ दिन-रात मेहनत कर माता का दरबार सजाया जा रहा है। ७ अक्टूबर को आकर्षक साज-सज्जा के साथ भव्य दरबार में आस्थापूर्वक माँ सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की जायेगी। इस १३ दिवसीय माँ सरस्वती महोत्सव के अवसर पर समिति के द्वारा विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया है। इस अवसर पर जिलेभर के श्रध्दालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील माँ सरस्वती महोत्सव समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने की है।




# कंजई बंजारी माता मंदिर में जगमगा रहे 121 मनोकामना कलश

## विधायक अनुभा मुंजारे ने मातारानी को चढ़ाई चुनरी, क्षेत्रीयजनों के खुशहाली की कामना की





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग १५ किमी. दूर बालाघाट सिवनी हाईवे मार्ग स्थित कंजई घाटी में स्थित माँ बंजारी मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शारदेय नवरात्र पर्व भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। शारदेय नवरात्र पर्व के अवसर पर गत ३ अक्टूबर को मंदिर में मातारानी के भक्तजनों के द्वारा १२१ मनोकामना कलश प्रज्वलित किये गये है और प्रतिदिन पंडित जी के द्वारा पूजा अर्चना कर मातारानी की आराधना की जा रही है। शारदेय नवरात्र पर्व के तीसरे दिन शनिवार को बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे कंजई स्थित बंजारी माता मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा अर्चना कर मातारानी को चुनरी चढ़ाकर आशीर्वाद प्राप्त की और क्षेत्रीयजनों के खुशहाली की कामना की। आपको बता दें कि कंजई घाटी में स्थित बंजारी माता मंदिर एक प्रसिध्द मंदिर है जहां प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गत ३ अक्टूबर को मनोकामना कलश प्रज्वलित एवं जवारे बोकर शारदेय नवरात्र पर्व बड़े ही धूमधाम व भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। साथ ही वर्षभर इस मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहता है परंतु नवरात्री के नौ दिनों तक विभिन्नों जिलों सहित अन्य राज्यों से भक्त अपनी मनोकामना लेकर मातारानी के दरबार में पहुंचते है और पूजा अर्चना करते है एवं जो भक्तजन सच्चे मन से मातारानी की आराधना करते है उनकी मनोकामना भी पूरी होती है। इसी आस्था के साथ श्रध्दालुजन कंजई बंजारी माता मंदिर पहुंचकर बंजारी स्थित माता-रानी की पूजा अर्चना कर रहे है। वहीं बंजारी मातारानी के दरबार में शारदेय नवरात्री पर भक्तजनों के द्वारा १२१ मनोकामना कलश प्रज्वलित किये गये है और मंदिर प्रबंधन के द्वारा एक अलग कक्ष में कलश स्थापित की गई है जहां पर इन मनोकामना कलशों की देखरेख के लिए अलग से सेवक की नियुक्ति की गई है। जिनके द्वारा समय समय पर कलशों की देखरेख व तेल डालकर ज्योत को बुझने से बचाते है और अपनी सेवाएं दे रहे है। शारदेय नवरात्र पर्व के अवसर पर शनिवार को बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने बंजारी माता मंदिर पहुंचकर माता-रानी को चुनरी अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे, विधायक प्रतिनिधि अनीस खान, शैलेष केकती, जनपद सदस्य दीपक कावरे सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अमोली में कैसेट डांस प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, महाआरती आज

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत अमोली के हनुमान मंदिर चौक में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान में गत ३ अक्टूबर को विधि-विधान से पूजन अर्चन कर जगत जननी माँ दुर्गा की मनमोहक प्रतिमा की स्थापना कर शारदेय नवरात्र पर्व धार्मिक आस्थाओं के साथ मनाया जा रहा है। शारदेय नवरात्र पर्व के अवसर पर ५ अक्टूबर की रात ९ बजे कैसेट डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम के बच्चें, युवती व युवकों के द्वारा फिल्मी, देवी गीतों पर नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुती दी गई। साथ ही पर्व के दौरान विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है जिससे पूरा ग्राम भक्तिमय हो गया है। वहीं नवरात्र पर्व के पंचमी के अवसर पर ७ अक्टूबर को रात ८ बजे से महाआरती का आयोजन किया गया है जिसमें घर-घर से युवती व महिलाएं आरती की थाल सजाकर माता-रानी के दरबार पहुंचेगें और माँ दुर्गा जी की महाआरती कर आशीर्वाद प्राप्त करेगें। सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति अमोली के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान में माँ जगदंबे की प्रतिमा विराजित कर शारदेय नवरात्र पर्व भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है और इस १० दिवसीय पर्व के दौरान प्रतिदिन प्रात: एवं रात ८ बजे आरती की जा रही है जिसमें श्रध्दालुजन पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित कर रहे है। साथ ही सांस्कृति व धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे है एवं पंचमी पर ७



अक्टूबर को ८ बजे महाआरती का आयोजन किया गया है जिसके बाद गरबा डांस प्रारंभ होगा। साथ ही यह भी बताया कि ८ अक्टूबर को रात ९ बजे से ओपन कैसेट डांस प्रतियोगिता, ९ अक्टूबर को रात ९.३० बजे से ओपन ग्रुप डांस एवं सोलो डांस प्रतियोगिता, १० अक्टूबर को भजन मंडली, कुर्सी, बोरा दौड़ प्रतियोगिता, ११ अक्टूबर को हवन-पूजन, महाभंडारा, ईनाम वितरण कार्यक्रम, १२ अक्टूबर को दशहरा चल समारोह, रावण दहन एवं १३ अक्टूबर को प्रतिमा विसर्जन के साथ शारदेय नवरात्र पर्व का समापन किया जायेगा। इस अवसर पर क्षेत्रीयजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति अमोली के पदाधिकारी एवं ग्रामीणजनों ने की है।

# पांडेवाड़ा में माँ जगदम्बे की आराधना जारी

खमरिया/लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पांडेवाड़ा में सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति के द्वारा गत ३ अक्टूबर को माँ जगदम्बे की प्रतिमा विराजित कर शारदेय नवरात्र पर्व भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। शारदेय नवरात्र पर्व के पंचमी पर आज माता-रानी को ध्वज चढ़ाई जायेगी। चर्चा में समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष में माँ दुर्गाजी की प्रतिमा विराजित कर नवरात्र पर्व धूमधाम एवं धार्मिक आस्थाओं के साथ मनाया जा रहा है और माता-रानी के नौ रूपों की आराधना कर श्रध्दालुजन धर्मलाभ अर्जित कर रहे है। साथ ही पर्व के दौरान रोजाना विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे है। साथ ही यह भी बताया कि ग्राम में स्थित मंदिरों में सुबह के समय श्रध्दालुजनों के द्वारा जल चढ़ाया जाता है एवं घरों व सार्वजनिक समितियों में जस-गायन जारी है। साथ ही दिनभर मातारानी के गीतों की ध्वनि से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है।



# खमरिया से निकलेगी चुनरी यात्रा आज

खमरिया/लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग १० किमी. दूर ग्राम पंचायत खमरिया के ग्रामीणजन एवं मातारानी के भक्तजनों के द्वारा ७ अक्टूबर को प्रात: ९ बजे ग्राम स्थित देवी मंदिर से चुनरी यात्रा निकाली जायेगी। चर्चा में आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शारदेय नवरात्र पर्व के पंचमी के अवसर पर ग्राम स्थित देवी मंदिर से ७ अक्टूबर को प्रात: ९ बजे चुनरी यात्रा निकाली जायेगी। यह चुनरी यात्रा ग्राम के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए माँ चिंदरई देवी मंदिर पहुंचेगी जहां विधि-विधान से पूजा अर्चना कर माता-रानी को चुनरी चढ़ाई जायेगी तत्पश्चात आरती कर प्रसादी का वितरण किया जायेगा। इस अवसर पर श्रध्दालुजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील ग्रामीणजनों ने की है।

# पानी निकासी के लिए नाली का निर्माण करवाये पंचायत - अशोक

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय की ग्राम पंचायत पांढरवानी के अंतर्गत आने वाली ग्राम आमाटोला के वार्ड नं. ९ अशोक चावला के मकान के समीप पानी निकासी के लिए पक्की नाली निर्माण करवाने की मांग पंचायत से अशोक चावला ने की है। तत्संबंध में जानकारी देते हुए अशोक चावला ने बताया कि बारिश के पानी निकासी के लिए नाली नही होने के कारण मकान के आजू-बाजू में निवासरत लोगों के घरों का पानी मकान के अंदर घुस जाता है जिससे काफी परेशानी होती है इसलिए पांढरवानी पंचायत से मांग है कि पानी निकासी के लिए पक्की नाली का निर्माण करवाये।

# रटेगांव से पुजारीटोला पहुंच मार्ग का पंचायत ने करवाया मरम्मत कार्य

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत रटेगांव से पुजारीटोला पहुंच मार्ग का खस्ताहाल होने के साथ ही गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। जिसके कारण आने-जाने वालों को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। साथ ही दुर्घटनाएं भी घटित हो रही थी परन्तु शासन-प्रशासन के द्वारा इस सड़क की समस्या की ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा था जिससे राहगीरों एवं ग्रामीणजनों में आक्रोश व्याप्त है। सड़क खराब होने से आवागमन में हो रही परेशानियों को लेकर गत दिवस बालाघाट एक्सप्रेस अखबार में समाचार प्रकाशित किया गया था। जिसके बाद ग्राम पंचायत रटेगांव सरपंच के द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था के तहत रटेगांव से पुजारीटोला पहुंच मार्ग में बने गड्ढों का मरम्मत कार्य करवाया गया है। सड़क का मरम्मत कार्य होने से अब लोगों को आने-जाने में सुविधा होगी परन्तु यह वैकिल्पक व्यवस्था के लिए मरम्मत कार्य करवाया गया है। जो कुछ दिनों बाद खराब हो जायेगी इसलिए रटेगांव सरपंच सहित ग्रामीणजनों ने प्रशासन से रटेगांव से पुजारीटोला पहुंच मार्ग का डामरीकरण निर्माण करवाने की मांग की है ताकि आवागमन में हो रही परेशानियां से निजात मिल सके। चर्चा में ग्रामीणों ने बताया कि रटेगांव से पुजारीटोला पहुंच मार्ग से दर्जन भर ग्रामों के ग्रामीणजन बालाघाट की ओर जाना-आना करते है परन्तु सड़क खराब होने से सभी को परेशानी हो रही थी और लंबे समय से सड़क का पक्का निर्माण करवाने की मांग कर रहे है परन्तु प्रशासन के द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। गत दिवस बालाघाट एक्सप्रेस अखबार में सड़क खराब होने से आने-जाने में हो रही परेशानियों को लेकर समाचार प्रकाशित किया था। जिसके बाद पंचायत के द्वारा गड्ढों का मरम्मत कार्य करवाया गया है परन्तु पंचायत के द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था की गई है जो कुछ दिनों में खराब हो जायेगी इसलिए प्रशासन से मांग है कि रटेगांव से पुजारीटोला पहुंच मार्ग का पक्का निर्माण करवाये ताकि आवागमन में हो रही परेशानियों से निजात मिल सके।



# नवरात्र पर्व में माँ के नौ रूपों की आराधना जारी

## मंदिरों सहित घरों में विभिन्न कार्यक्रम हो रहे आयोजित

**वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। नगर सहित क्षेत्र में शारदेय नवरात्र पर्व प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस दौरान माता मंदिरों सहित घरों में मां भगवती के नाम के घाट स्थापित कर जवारे बोकर मनोकामना ज्योति कलश प्रचलित कर आराधना की जा रही है। जहां पर प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं जिसमें प्रमुख रूप से भजन कीर्तन का आयोजन जस समितियों के माध्यम से किया जा रहा है। जहां पर सुबह से शाम तक मां भगवती के नाम की धूम मची हुई है। इस दौरान देखने में आ रहा है कि मंदिरों में लोगों की भीड़ भी नजर आ रही है। जो मां भगवती के आशीर्वाद ग्रहण करने के लिए मंदिरों में पहुंच रही है। इस दौरान शारदेय नवरात्र पर्व की प्रथम तिथि यानी ३ अक्टूबर को मां भगवती की आराधना कर घरो सहित मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कर नवरात्र पर्व का प्रारंभ किया गया था। जिसका समापन १०,११ एवं १२ अक्टूबर को हवन पूजन नव कन्या भोज भंडारे का आयोजन कर नहर नदी तालाब में जवारे विसर्जन कर पर्व का समापन किया जायेगा। इस नव दिवसीय नवरात्र पर्व में माता रानी के भक्तों के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर हर्षोल्लह के साथ नौ दिन मां भगवती के नौ स्वरूप की आराधना की जा रही है।**






### शीतला माता मंदिर में १६१ मनोकामना ज्योति कलश हुए प्रज्वलित

वारासिवनी की ग्राम देवी के नाम से मशहूर शीतला माता मंदिर में शारदेय नवरात्र पर्व ३ अक्टूबर से धार्मिक भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा है। इस दौरान ३ अक्टूबर की रात्रि ८ बजे विधि विधान से वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ शारदेय नवरात्र पर्व का प्रारंभ माता शीतला की पूजा अर्चना से किया गया। जिसके बाद ३६१ मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए तत्पश्चात माता शीतला की महाआरती की गई। जहां पर रोजाना सुबह और शाम ८.३० बजे माता शीतला की विधि विधान से पूजा अर्चना कर आरती की जा रही है। नवरात्रि की नवमी को कन्या भोज हवन पूजन भंडारा कर दशहरे के दिन ढोल नगाड़ों की थाप पर जवारे का विसर्जन किया जाएगा। इस दौरान सुबह ७ बजे से ११ बजे तक भक्तों की बहुत भीड़ रहती है। मंदिर में भक्तों की गहरी आस्था और नगर वासियों की गहरी श्रद्धा होने का ही कारण है कि दूर दूर से लोग यहां पर मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित करवाते हैं। यह वही लोग है जो वारासिवनी अपनी जन्मभूमि को तो छोड़ चुके हैं परंतु माता शीतला को आज भी नहीं भूले हैं । ऐसे में वारासिवनी ,बालाघाट के साथ ही रायपुर, बिलासपुर ,जयपुर, बेंगलुरु और अमेरिका जा चुके लोग भी शीतला माता मंदिर में अपनी मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित करवाते हैं। यह मंदिर करीब ५०० वर्षों से भी ज्यादा पुराना होने की बात कही जाती है साथ ही बताया जाता है कि जब यह वारासिवनी नगर कस्बे के रूप में स्थापित था । उसके पहले से माता शीतला का मंदिर अपने स्थान पर स्थापित है।

### गायत्री शक्तिपीठ में मनाया जा रहा शारदेय नवरात्र पर्व

नगर के लालबर्रा रोड़ स्थित गायत्री शक्तिपीठ मंदिर में ३ अक्टूबर से शारदेय नवरात्र पर्व हर्षोल्लास के साथ धार्मिक मान्यताओं के अनुरूप मनाया जा रहा है। जहां पर ३ अक्टूबर को शारदेय नवरात्र के प्रारंभ के प्रथम दिन विधि विधान से पूजा अर्चना कर ११६ मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किये गये। जिसके बाद से माता गायत्री की आराधना की जा रही है । इस दौरान गायत्री मंत्र के साथ माला जाप करने बड़ी संख्या में लोग उपस्थित होकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। श्री गायत्री शक्तिपीठ में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं। जहां पर नगर ही नहीं बालाघाट जिले के भी लोगों के द्वारा ज्योति कलश की स्थापना करवाई गई है। जहां जिले से बाहर के भी लोग मां भगवती के दर्शन के लिए आते है। इस दौरान मंदिर में ११६ ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं जिसमें ८५ कलश तेल के एवं ३१ कलश घी के हैं जिनका विसर्जन ११ अक्टूबर को किया जाएगा। नवरात्र पर्व लोगों की भीड़ मंदिर में स्वाभाविक लगी होती है। यहां बने साधना भवन में ध्यान एवं साधना को जाप के रुप में करने के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रहती है। इसी के तहत इस वर्ष भी करीब एक सैकड़े से ज्यादा लोग रोजाना मंदिर के साधना भवन में सुबह ६ बजे से लेकर शाम ६ बजे तक जाप करने के लिए उपस्थित होकर अपनी यथाशक्ति जाप कर माता रानी की आराधना कर रहे हैं। पर्व का समापन ११ अक्टूबर को किया जाएगा।

### काली माता मंदिर में ४४२ मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित

वारासिवनी बालाघाट मार्ग पर स्थित ग्राम पंचायत वारा अंतर्गत मां काली माता मंदिर में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी हर्षोल्लास एवं धार्मिक मान्यताओं के अनुरूप शारदेय नवरात्र पर्व मनाया जा रहा है। जिसमें ३ अक्टूबर को शारदेय नवरात्र पर्व की प्रथम तिथि पर विधि विधान से वेद मंत्र के उच्चारण के साथ पूजा अर्चना करने के पश्चात ४४२ मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कर आरती की गई। जिसके बाद से प्रतिदिन दुर्गा पाठ एवं आरती कर मां भगवती के नौ रूपों की आराधना की जा रही है। जिसका समापन १० अक्टूबर को विधि विधान से मां भगवती की पूजा अर्चना हवन पूजन एवं ११ अक्टूबर को जवारे विसर्जन कर किया जाएगा। वारासिवनी नगर व आसपास में मां काली माता मंदिर एक प्रसिद्ध मंदिर है जहां बालाघाट जिला सहित अन्य जिलों के भी लोग मां भगवती के दर्शन करने के लिए पहुंच रहे हैं। सुबह शाम मंदिर में माता के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ लग रही है जो मां भगवती की पूजा अर्चना कर मनोकामना मांग रहे हैं। ऐसे कई लोग हैं जिनकी मांगे गई मनोकामना पूर्ण भी हुई है। मंदिर में वारासिवनी नगर सहित बालाघाट जिला व अन्य जिले जैसे छिंदवाड़ा ,गोंदिया ,बिलासपुर ,रायपुर ,भंडारा व अन्य जिलों के भी लोगों की काली माता मंदिर में खासी आस्था है। जो शारदेय एवं चैत्र नवरात्र पर्व पर मंदिर में ज्योति कलश की स्थापना करते हैं माता के दर्शन के लिए आते हैं। इस वर्ष भी ज्योति कलश की स्थापना की गई है जिसमें कुल ४४२ ज्योति कलश स्थापित किए गए हैं जिसमें ४४ घी एवं ३९८ तेल के है। मां भगवती के नौ रूपों की आराधना की जा रही है जिसमें रोजाना पाठ और आरती की जाती है। जहाँ १० अक्टूबर को हवन पूजन कन्या भोज करवाकर ११ अक्टूबर को जवारे विसर्जन कर भंडारे का आयोजन के साथ पर्व का समापन किया जाएगा।

# रानी दुर्गावती पंच शताब्दी वर्ष का हुआ आयोजन

वारासिवनी( पद्मेश न्यूज) । नगर के केशव इंग्लिश स्कूल के परिसर में ६ अक्टूबर को माधवराव गोलवलकर स्मृति न्यास के तत्वावधान में वीरांगना रानी दुर्गावती पंच शताब्दी समारोह व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य वक्ता डॉक्टर घनश्याम परते ,सूर्यभान सिंह पुसाम ,मुलेंद्र सैयाम की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। जिसमें उपस्थित जनों के द्वारा वीरांगना रानी दुर्गावती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। जिसमें कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया की रानी दुर्गावती का जन्म ५ अक्टूबर १५२४ बलिदान २४ जून १५६४ को हुआ था। वह १५५०-१५६४ ई. में गोंडवाना की रानी थीं उन्होंने गोंडवाना के राजा संग्राम शाह के बेटे राजा दलपत शाह से विवाह किया। अपने बेटे वीर नारायण के नाबालिग होने के दौरान उन्होंने १५५० से १५६४ तक गोंडवाना की रीजेंट के रूप में काम किया। वीरांगना महारानी दुर्गावती साक्षात दुर्गा थी जिन्होंने अपनी मातृभूमि और आत्मसम्मान की रक्षा हेतु अपने प्राणों का बलिदान दिया। वीरतापूर्ण चरित्र वाली इस रानी ने अंत समय निकट जानकर अपनी कटार स्वयं ही अपने सीने में मारकर आत्म बलिदान के पथ पर बढ़ गईं। रानी दुर्गावती का विवाह गढ़ा मंडला के तेजस्वी सम्राट संग्रामशाह के ज्येष्ठ पुत्र दलपतिशाह के साथ हुआ था। उन्होंने अनेक मंदिर, मठों, धार्मिक प्रतिष्ठानों सहित प्रजाहित में जलाशयों का निर्माणए धर्मशाला और संस्कृत पाठशालाओं की व्यवस्था की थी सहित अन्य वर्णन सुनाते हुए अंत मे दुर्गावती के पराक्रम की कविता का गायन भी किया गया। जहाँ छात्राओं को रानी दुर्गावती के परिचय की पुस्तक भेंट की गई। पद्मेश से चर्चा में संजय मांधाता ने बताया कि वीरांगना रानी दुर्गावती की जयंती ५ अक्टूबर को थी तो उसे ६ अक्टूबर को हमारे द्वारा रानी दुर्गावती पंच शताब्दी समारोह व्याख्यान के रूप में माधवराव गोलवलकर स्मृति न्यास वारासिवनी के तत्वावधान में आयोजित किया गया। जिसमें वक्ताओं के द्वारा रानी दुर्गावती के जन्म से पराक्रम तक समस्त गाथाओं का वर्णन किया गया। रानी ने अपने जीवन में ५२ लड़ाई लड़ी साम्राज्य और जनता को बचाने के लिए जिसमें वह ५१ जीती किंतु अंत में उन्होंने स्वयं बलिदान दे दिया। यह बताता है कि उनके पराक्रम कैसा था जिनके बारे में हमारी भावी पीढ़ी को अध्ययन कर प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।





# सड़क हादसे में संजय मडावी घायल, जिला अस्पताल रिफर

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी थाना अंतर्गत ग्राम बोटेझरी से कटंगझरी मार्ग पर सड़क हादसे में ६ अक्टूबर की दोपहर में संजय मडावी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे पुलिस के द्वारा सिविल अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया । जहां उसका उपचार कर बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार संजय पिता बराती मडावी ३५ वर्ष पिपरिया थाना लालबर्रा निवासी माइंस में काम करता है। जो प्रतिदिन मोटरसाइकिल से आना जाना करता है वह ६ अक्टूबर को जा रहा था तभी अचानक मोटर साइकिल उसकी अनियंत्रित होकर सड़क हादसे हो गया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसमें वह बेसुध पड़ा था । इस दौरान कस्बा भ्रमण कर रहे पुलिस दल को घटना की जानकारी लगने पर वह मौके पर पहुंचे और जानकारी लेकर संजीवनी १०८ को सूचना दी गई। इसके बाद घायल को पुलिस गाड़ी में डालकर आधे रास्ते लाकर संजीवनी १०८ में के माध्यम से सिविल अस्पताल वारासिवनी भेजा गया। अस्पताल में उसका प्राथमिक उपचार कर उसके परिजन आने पर बेहतर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया गया। उक्त घटना में उसे हाथ पैर सर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में अंदरूनी और बहारी चोट आई है।





# अनाज गंज में मां भगवती की आराधना जारी

## मंडी परिसर में प्रतिदिन हो रहा गरबा का आयोजन





**वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। नगर की सबसे प्राचीन अनाज गंज दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा ८८ वां वर्ष व्यापक स्तर पर मनाया जा रहा है। जहां पर शारदेय नवरात्र पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाते हुए मां भगवती की आराधना की जा रही है। नवरात्र पर्व के प्रारंभ में ३ अक्टूबर को समिति सदस्य एवं भक्तजनों के द्वारा धूमधाम के साथ मां भगवती की प्रतिमा को ढोल बाजे कि थाप पर सार्वजनिक पंडाल में लाकर विराजित किया गया। इसके बाद पंडित के द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ विधि विधान से पूजा अर्चना कर मां भगवती की स्थापना की गई। नवरात्र का उत्सव मनाते हुए नौ दिवस माता के नाम की आराधना की जा रही है जहां भक्तों की भीड़ माता के दर्शन पर आशीर्वाद ग्रहण करने के लिए लगने लगी है। वहीं समिति के माध्यम से गरबा उत्सव प्रमुख रूप से करवाया जा रहा है।**



### आकर्षक पंडाल में विराजी मां जगत जननी

अनाज गंज दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी नवरात्र पर्व को भव्य रूप देने का कार्य किया गया है। जहां पर माता रानी के विशाल दरबार का निर्माण करवाया गया है जो आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस दरबार में लगे हुए झूमर लाइटिंग सहित माता रानी का स्टेज दिव्य रूप से प्रकाशित होता नजर आ रहा है। वहीं पंडाल के अंदर दर्शन करने पहुंच रहे लोगों के लिए सेल्फी प्वाइंट भी समिति के द्वारा बना दिए गए हैं जिसे देख लो काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। जहां पर इस बार हर बार की अपेक्षा में बहुत बड़ा दरबार माता रानी का सजाया गया है। जो लोगों में चर्चा का विषय और आकर्षण का केंद्र भी बना हुआ है।

### गरबे के साथ हो मातारानी की हो रही आराधना

इस दौरान मां भगवती की आराधना विभिन्न माध्यम से की जा रही है। जिसमें अनाज गंज दुर्गा उत्सव समिति में गरबे का आयोजन कर विशेष रूप से आराधना की जा रही है। जहां पर बड़ी संख्या में महिला और पुरुष वर्ग के द्वारा उपस्थित होकर माता के मधुर गीतों पर डांडिया रास व अन्य प्रकार के गरबे खेल कर माता की आराधना की जा रही है।

### अनाज गंज दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा ८८ वॉ वर्ष मनाया जा रहा है -हरीश सचदेव

समिति अध्यक्ष हरीश सचदेव ने बताया कि अनाज गंज दुर्गा उत्सव समिति नगर की सबसे प्राचीन दुर्गा उत्सव समिति है जहां यह ८८ वां वर्ष मनाया जा रहा है और निरंतर प्रेरणा बढ़ती जा रही है। इस अवसर पर नवरात्र पर्वों के प्रारंभ में माता की स्थापना कर प्रतिदिन पूजा अर्चना की जा रही है । वहीं गरबे का भी आयोजन किया गया है जिसमें सभी वर्ग के लोग उत्साहित होकर भाग ले रहे हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में नगर सहित क्षेत्र के लोग भी माता के दर्शन के लिए आ रहे हैं माता का आशीर्वाद सभी पर बना हुआ है।

### दुर्गा उत्सव से सभी किसान प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े है-आधार मोदी

उपाध्यक्ष आधार मोदी ने बताया कि यह अनाज मंडी है यहां पर बड़ी संख्या में नगर सहित क्षेत्र के किसान अपनी उपज बेचने के लिए आते हैं। यह दुर्गा उत्सव से वह सभी किसान प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं। समिति का यह ८८ वां वर्ष है तो समझ सकते हैं कि नवरात्रि कितनी लंबी यात्रा रही है। स्वतंत्रता के पहले से नवरात्र पर्व मनाया जा रहा हमारी समिति से हर कोई जुड़ा हुआ है। यह मंडी नगर का ८० प्रतिशत व्यापार चलाती है जिसके भरोसे किसान के साथ हम राइस मिल के व्यापारी भी निर्भर है।

भोरगढ़ में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

कटंगी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# संदर्भ उत्तर-पूर्वी मानसून का

अनुमान से आठ फीसदी ज्यादा बारिश के साथ, भारत के दक्षिण-पश्चिम मानसून का दौर आशावादी तरीके से खत्म हो गया है। आश्वस्त करने वाली बात यह है कि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा किया गया बारिश का पूर्वानुमान, खासतौर पर जुलाई के बाद से सटीक रहा। देश में मानसून के बादल लगातार छाए हुए हैं, लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था में वर्षा की केंद्रीयता के मद्देनजर ध्यान पहले ही 'दूसरे मानसून', उत्तर-पूर्वी मानसून की ओर मुड़ गया है। इसका यह नाम उस दिशा के कारण रखा गया है जिस दिशा में हवाएं भूमि से समुद्र की ओर निकलती हैं। अक्टूबर के मध्य में दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी के बाद, उत्तर-पूर्वी मानसून में हवाओं का रुख पलट जाता है, जिससे तटीय आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल और दक्षिणी कर्नाटक के कुछ हिस्सों में बारिश होती है। तमिलनाडु के लिए, उत्तर-पूर्वी मानसून वर्षा का मुख्य स्रोत है। उत्तर-पूर्वी मानसून भारत की वार्षिक वर्षा में सिर्फ 11 फीसदी का ही योगदान देता है।

आईएमडी ने अनुमान लगाया है कि इस साल मानसून के बाद की बारिश 'सामान्य से ज्यादा' या ऐतिहासिक औसत से लगभग 12 फीसदी ज्यादा होने की संभावना है। इसके सीमित प्रसार और मात्रा के चलते, उत्तर-पूर्वी मानसून को दक्षिण-पश्चिम मानसून जितनी तवज्जो नहीं मिलती है। हालांकि, यह तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में चावल एवं मक्का की उत्पादकता को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करता है। रिकॉर्ड बताते हैं कि बारिश की कमी वाले सालों में, इस इलाके में कृषि उत्पादन में काफी कमी आई थी। उत्तर-पूर्वी मानसून की वर्षा में, पांच उपविभागों में, जहां यह प्रमुख है, औसतन लगभग 25 फीसदी की भिन्नता होती है, जो दक्षिण-पश्चिम मानसून की वर्षा (10 फीसदी) की तुलना में ज्यादा है। इसका मतलब होता है, सालों तक बड़े पैमाने पर भीषण बाढ़ और उसके बाद सूखे का दौर। सन् 2015 में, चेन्नई में उत्तर-पूर्वी मानसून के दौरान भीषण बाढ़ आई थी, जिसके चलते जान-माल का भारी नुकसान हुआ था। सन् 2019 में, इस शहर को पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ा था। अगर इस साल का पूर्वानुमान सही रहता है, तो यह सामान्य उत्तर-पूर्वी मानसून का लगातार दूसरा साल होगा। इस बात की काफी उम्मीदें हैं कि 'ला नीना' या भूमध्यरेखीय मध्य प्रशांत महासागर का ठंडा होना, इसमें मददगार होगा। हालांकि, दुनिया के अधिकांश प्रारूपों (मॉडलों) को इस साल 'ला नीना' के समय का पूर्वानुमान लगाने में मशक्कत करनी पड़ी है। बेहतर पूर्वानुमान प्रणालियों की वजह से, उत्तर-पूर्वी मानसून पहले की तुलना में कम उपेक्षित है। फिर भी, शहरी बाढ़ के संबंध में इसके प्रभाव के प्रारूपण (मॉडलिंग) पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। जलवायु परिवर्तन की अनिश्चितता ऐसे पूर्वानुमान को आवश्यक बनाती है और राज्यों में आपदा प्रबंधन एजेंसियों को इन प्रतिरोधकों (बफर) को बजट में शामिल करने के लिए विश्वसनीय रणनीतियां विकसित करनी चाहिए।

# शक्ति की भक्ति का पर्व और गरबा का बदलता स्वरूप!

माता रानी के नवरात्रि प्रारंभ हो गए हैं और हर व्यक्ति के मन में एक नई उमंग द्धउत्साह भक्ति ने अपना रूप ले लिया है यह 9 दिन मानो हर व्यक्ति भक्ति में डूबा नजर आता है जगह-जगह से माता रानी के भजन की धुन, आरती, पूजा पाठ ,हवन का स्वर गुंजायमान रहता है ! सारा शहर बहुत ही खूबसूरत पंडालों से सजा नजर आता है सुबह-शाम मंदिरों में माता रानी के भजनों की बौछार होती है बहुत सारे घरों में जवारे बोए जाते हैं,तो कोई 9 दिन अखंड ज्योत जलाकर, कोई भजन के माध्यम से, कोई जसगान करके सब अपने-अपने तरीके से शक्ति की भक्ति में डूबे नजर आते हैं और यही भक्ति का वास्तविक स्वरूप है पर आजकल यह सारी चीजों का स्थान एक स्वरूप गरबा ने ले लिया है ,,,,हां माना जाता है की माता रानी की आराधना का एक सच्चा स्वरूप गरबा है परद्धपर?? इस आधुनिकता के जंजाल में फंसकर आराधना के इस गरबा नृत्य ने मानो अपना वास्तविक व स्वरूप, अपना मूल अस्तित्व ही खो दिया है पहले जब माता रानी विराजमान होती थी तब जगह-जगह 9 दिन कहीं देवी जागरण होता था, कहीं रामलीला होती थी, कहीं कवि सम्मेलन तो कहीं जादूगर का खेल व भजन संध्या के साथ ही साथ पूरी पूरी रात जस गाए जाते थे पर अब यह सब लुप्त होती प्रजातियों की तरह हो गए हैं और अब इन नौ दिनों में तरह-तरह के होने वाले 9 कार्यक्रम का स्थान एकमात्र गरबा नृत्य ने ले लिया पर आज उसका स्वरूप ही बदल गया जब पहले गरबा कुछ जगहों पर शुरू किया गया तो बिल्कुल पारंपरिक रूप में था पारंपरिक वेशभूषण पारंपरिक देवी गीतों के साथ या स्वयं गीत गाकर ढोलक तबले की थाप पर गरबा किया जाता था फिर उसके बाद आरती होती थी और प्रसाद वितरण कर एक निश्चित समय पर गरबा समाप्त होता था परंतु अब गरबा ने ऐसा रंग दिखाया कि यह पारंपरिक गरबा नृत्य फूहड़ता गरबा नृत्य में कब बदल गया पता ही नहीं चला ( कुछ जगहों या कुछ पंडालों को छोड़कर)),,, अब जिसे देखो इन दिनों जिससे पूछो कहां जा रहे हो तो वह यही कहते नजर आते हैं कि गरबा करने जा रहे हैं अब इनके लिए गरबे का मतलब फिल्मी गानों जैसे आंख मारे वह लड़की आंख मारे,,,, तूने मारी एंट्रीया तो दिल में बजी घंटियां, जिसे देख मेरा दिल धड़का ,या छम्मक छल्लो छैल छबीली जैसे गानों पर ऐसे डांडिया कम गरबा करते हैं कि बस सारा जहां जीत लिया इन्होंने ऐसा लगता है!!!! और इसी बीच कोई भक्ति गीत बज जाता है तो इनकी गति या तो धीमी पड़ जाती है या फिर ये गोले से बाहर आ जाते हैं!!! और कपड़ों का तो पूछो ही मत???? हां कुछ पंडालो में जरूर पारंपरिक वेशभूषा नजर आती है ,वैसे देखा जाए तो लड़के तो बेचारे यूं, ही गलत ठहराए जाते हैं,,,,,



पर यही लड़के अक्सर इन पंडालों में कुर्ता पजामा ,भगवा कुर्ता या धोती पगड़ी में नजर आते हैं पर लड़कियां तो तौबा तौबा कुछ तो ऐसे वस्त्र धारण करती हैं कि गरबा नृत्य के नाम पर की देखने वाले की नजरें शर्म से झुक जाती है वहीं डीप कट, बैकलेस ब्लाउज ,जींस,नाभी के ऊपर टाप का पहनावा और लाचा या लहंगा ऐसा कि दुपट्टा कहीं नजर ही नहीं आता मतलब सारी मर्यादाओं को ताक पर रखकर जो वस्त्र धारण कर गरबा करने आती है उन्हें देखकर ऐसा प्रतीत होता है मानो वह माता रानी की आराधना करने नहीं बल्कि अपनी खूबसूरती का प्रदर्शन करने आई है वो मॉडलिंग करने या मॉडल बनने आयी हैं वाह रे जमाना पर उनके बीच कुछ क्या बहुत कुछ ऐसी भी होती जिन्हें अपने कपड़ों की मर्यादा पता होती है और वह बहुत ही सौम्यता से शालीनता और मर्यादा में रहकर गरबा या डांडिया रास करती है जैसा मैंने कहा कुछ लड़के भी पारंपरिक वेशभूषा में आते हैं पर कुछ तो ऐसे होते हैं कि मुंह में गुटखा दबाए गरबा करते हैं और ऐसे भी होते हैं जो अपनी अपनी गर्लफ्रेंड के साथ जोड़ी जमाए उनकी कमर या कंधों पर हाथ रखकर बेशर्मी के साथ प्रदर्शन करते हैं और तो और हां अब तो गरबा नृत्य को स्पॉन्सर भी मिल गए हैं वहां भी ना नृत्य देखा जाता है, ना वेषभूषा देखी जाती है बस अपने-अपने चुनिंदा परिचितों को चुन चुन कर पुरस्कार दे दिया जाता है मतलब यहां भी गड़बड़ वहां भी गड़बड़ वाली कहावत यहां फिट बैठती है और तो और सबसे बड़ी बात यह नवयुवक नवयुवतियां तेज धुन में बजते फिल्मी गानों में जितने उत्साह से गरबा करते चार-पांच घंटे तक थकते नहीं है ये ही जैसे ही आरती शुरू होती है गरबा पांडल से ऐसे तेजी से बाहर भागते हैं कि बस पूछो मत जहां नृत्य के समय हजारों नजर आते हैं वहां आरती के समय 100 द्धद्धद्ध50 भी नजर नहीं आते अब आप ही बताइए कि क्या यही सच्ची भक्ति आराधना है??? जी नहीं जानाब यह सिर्फ और सिर्फ भक्ति के नाम पर मनोरंजन है और यही कारण है कि अब कुछ लोग गरबा के सच्चे प्रतिरूप का तो सम्मान कर रहे हैं किंतु फूहड प्रतिरूप को हटाए जाने की बातें भी धीरे-धीरे लोगों में चर्चा का विषय है और होना भी चाहिए कुछ ऐसे लोग भी हैं जो ईश्वर को, माता रानी को नहीं मानते उन्हें प्रसाद दो तो ग्रहण नहीं करते, तिलक लगाओ तो नहीं लगवाते यह कहकर कि हम यह सब नहीं मानते लेकिन जब गरबा होता है तो सबसे पहले नजर यही लोग आते हैं,,,, तो क्यों भाई यह दोहरी मानसिकता क्यों ?????बस अंत में यही कहूंगी कि जाने कहां गए वो दिन जब नवरात्रि में देवी जागरण, भजन ,कवि सम्मेलन ,जादू का प्रोग्राम, सांस्कृतिक कार्यक्रम, रामलीला होती थी काश यह सारी परंपराएं पुनः जीवित हों,,,,जय मातारानी ,,सनातन धर्म की जय!!!!!



**श्रीमती अनीता मिश्रा**
**शंकर नगर, वारासिवनी**

# मध्य पूर्व में होता 'समुद्र-मंथन'

पूरा विश्व गोया इस समय बारूद के ढेर पर बैठा हुआ है। सामने से तो यही नज़र आ रहा है कि एक तरफ़ कल तक सोवियत संघ के रूप में साथ रहने वाले दो देश रूस व यूक्रेन युद्धरत हैं तो दूसरी तरफ़ इस्राईल बनाम ईरान-हमास -लेबनान व हूती के बीच युद्ध चल रहा है। परन्तु दरअसल इन दोनों ही ख़ूनी संघर्षों के पीछे उसी अमेरिका की मुख्य भूमिका है जो दुनिया में सबसे अधिक अमन पसंदी,शांति,मानवाधिकार,लोकतंत्र और आतंकवाद को कुचलने जैसी बातें करता है। परन्तु जहाँ अमेरिका को अपने राजनैतिक हित साधने होते हैं वहां उसके यह सभी आदर्श धरे के धरे रह जाते हैं। इस समय अमेरिकी शह और उसी के भरोसे पर जहां यूक्रेन, रूस जैसी महाशक्ति से टकरा कर स्वयं को तबाह कर बैठा है वहीँ इस्राईल भी अमेरिका की ही सरपरस्ती में ख़ूनी खेल खेलने में लगा हुआ है। पश्चिमी देशों की शह पर ही वह इस्राईल जिसने कभी रहम की भीख मांगकर अरब की सरज़मीं पर अपने अस्तित्व को बचाया था। वह इस्राईल जिसे लेकर पिछले दिनों संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत ने यह निर्णय दिया है कि फ़िलिस्तीनी क़ब्ज़े वाले क्षेत्रों में इस्राईल की उपस्थिति 卐ग़ैर क़ानूनी 卐 है। जिसके बारे में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) ने कहा है कि इस्राइल ने पश्चिमी तट और पूर्वी यरुशलम में क़ब्ज़ा करने, स्थायी नियंत्रण लगाने और बस्तियां बनाने की नीतियों को लागू करके, वहां क़ब्ज़ा करने वाली शक्ति के रूप में अपनी स्थिति का दुरुपयोग किया है। अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने यह भी कहा है कि इस तरह की हरकतें 卐क़ब्ज़े वाले फ़िलिस्तीनी क्षेत्र में इस्राईल की मौजूदगी को ग़ैर क़ानूनी 卐 बनाती हैं। इस क्षेत्र में इस्राईल की निरंतर मौजूदगी 卐अवैध卐 है और इसे 卐जितनी जल्दी हो सके卐 समाप्त किया जाना चाहिए।% वही अवैध राष्ट्र आज उन्हीं अरब क्षेत्र के लोगों की जान का न केवल दुश्मन बना हुआ है बल्कि अमेरिकी शह और अपनी सैन्य शक्ति के बल पर इसी धरती पर %ग्रेटर इस्राईल % के गठन का सपना भी संजोये बैठा है।




इन हालात को पैदा करने के लिये अमेरिका ने दशकों से एक बड़ी साज़िश रची है। अमेरिका व इस्राईल ने शिया-सुन्नी विवाद का फ़ायदा उठाकर अरब देशों के सामने ईरान का हौव्वा खड़ा करने का एक सफल चक्रव्यूह रचा। अरब देशों के सामने ईरान को विलेन के रूप में पेश किया और अमेरिकी संरक्षण में उनकी सुरक्षा का आश्वासन दिया। इसके बदले में अमेरिका सऊदी अरब सहित मध्य पूर्व के और भी कई तेल उत्पादक देशों से ईरान से सुरक्षा के नाम पर अपनी मर्ज़ी की क़ीमत पर तथा मनचाही मात्रा में तेल दोहन किया करता है। इतना ही नहीं बल्कि अमेरिका के इन पिछलग्गू अरब देशों को अपने अपने देश में लोकतंत्र का गला घोंटने,किसी भी तरह का दमन चक्र चलाने,मानवाधिकारों का हनन करने अपनी बादशाहत चलाने व तानाशाही की भी खुली छूट है। मध्य पूर्व के अनेक देश ऐसे भी हैं जिनकी पूरी अर्थव्यवस्था अमेरिका के हाथों गोया गिरवी रखी हुई।

अब इस क्षेत्र में कोई बड़ी ताक़त सर न उठा सके अपने इसी षड्यंत्र के तहत अमेरिका ने पहले तो इराक़ को तबाह किया फिर ईरान को आतंकी देश और शैतान की धुरी तथा इसे समूचे अरब जगत के लिये ख़तरा बताना शुरू कर दिया। पूरी दुनिया के विभिन्न देशों में आतंक की इबारत लिखने व करोड़ों बेगुनाहों की मौत का ज़िम्मेदार अमेरिका ही अब ख़ुद यह तय करता है कि कौन सा देश आतंकी है, कहाँ की सेना आतंकी है, और कहाँ का शासक आतंकवाद का संरक्षक है। तेल ख़रीदने, हथियार बेचने और वर्चस्व के इसी घिनौने खेल में इस समय इस्राईल, अमेरिका का मोहरा बनकर ग़ाज़ा से लेकर लेबनान तक क़हर बरसा रहा है। क्या अस्पताल क्या स्कूल क्या रिहायशी इलाक़े तो क्या शरणार्थी कैम्प, बाज़ार, बच्चे, बूढ़े महिलायें कोई भी कहीं भी अमेरिकी शह पर होने वाली इस्राईली सैन्य कार्रवाई ख़ासकर हवाई बमबारी से सुरक्षित नहीं है।

इसके बावजूद ईरान ने अपने जनरल क़ासिम सुलेमानी हमास प्रमुख इस्माईल हनिया व हिज़्बुल्ला सुप्रीमो हसन नसरुल्लाह की हत्या के बाद पिछले दिनों इस्राईल पर रॉकेट की बौछार कर यह जता दिया कि ईरान की पृष्ठभूमि व इनकी नस्ल वह नहीं जो सांसारिक शक्तियों के आगे घुटने झुका दे। हज़रत मुहम्मद,व उनके घराने के हज़रत अली व हुसैन को मानने वाली ईरानी नस्ल का रिश्ता उस हुसैन के घराने से है जिसने 1450 वर्ष पूर्व अपने समय की महाशक्ति सीरयाई यज़ीदी सेना के आगे अपना सिर नहीं झुकाया था। जबकि निश्चित रूप से अमेरिका व इस्राईल की गोदी में खेलने वाले वही अरब शासक हैं जिनके पूर्वज जैसे आज अमेरिका की ग़ुलामी में लगे हैं उसी तरह 1450 वर्ष पूर्व भी यही लोग यज़ीदी सेना के हिमायती थे और हुसैन के क़त्ल व करबला की घटना के ज़िम्मेदार थे। यही ईरान उस समय तक अमेरिका की आँखों का तारा था जब तक यहाँ का शाह पहलवी अमेरिका की गोद में बैठा रहता था परन्तु इस्लामी क्रांति के बाद जब से ईरान ने अमेरिका नहीं बल्कि %ईश्वर महान है % की नीति पर चलना शुरू किया तब से ईरान, अमेरिका को शैतान व आतंकी नज़र आने लगा ?

अलक़ायदा हो या आई एस आई एस,पूरी दुनिया जानती है कि आतंक के पर्याय समझे जाने वाले यह दोनों ही आतंकी संगठन अमेरिका की ही सरपरस्ती में खड़े किये गए। ओसामा बिन लाडेन व तालिबानी प्रमुख मुल्ला उम्र को तो सऊदी अरब का भी संरक्षण हासिल था। याद कीजिये इन आतंकी संगठनों की कैसे कैसी दिल दहलाने वाली विडिओ बाक़ायदा एक बड़ी साज़िश के तहत टी वे पर दिखाई जाती थी जिसमें यह दुर्दांत आतंकी लोगों को लाइन में खड़ाकर कभी गोली मारते तो कभी सर क़लम करते तो कभी ज़िंदा दफ़्न करते दिखाई देते थे। आतंकियों को यह छूट इसीलिये मिली थी ताकि उनकी इन वहशियाना हरकतों के चलते इस्लाम को बदनाम किया जा सके व इसे आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले धर्म के रूप में प्रचारित किया जा सके। काफ़ी हद तक अपने इस मिशन में अमेरिका व इस्राईल को सफलता भी मिली। दूसरी तरफ़ जनरल क़ासिम सुलेमानी व हिज़्बुल्लाह सुप्रीमो हसन नसरुल्लाह जैसे निडर रहबर ही थे जिन्होंने अमेरिका व इस्राईल द्वारा पोषित आई एस आई एस की कमर तोड़ कर रख दी। इनके विरुद्ध जिहाद बोलकर सीरिया,इराक़ व आसपास के क्षेत्रों से इन्हें खदेड़ कर इनका वजूद ही समाप्त कर दिया।

इन परिस्थितियों में अरब जगत इस समय एक बड़े %समुद्र मंथन% के दौर गुज़र रहा है। अरब के चाटुकार शासक भले ही अवैध राष्ट्र इज़राईल व अमेरिका की गोद में बैठकर अपनी बुज़दिली का सुबूत क्यों न दे रहे हों परन्तु अरब की अवाम ईरान द्वारा फिलिस्तीनियों के हक़ में इस्राईल पर किये गये मिसाईल हमलों को बड़ी ही उम्मीद व हसरत भरी नज़रों से देख रही है। इस %समुद्र मंथन% के परिणाम स्वरूप अरब जगत में आने वाले दिनों में कोई बड़ी उथल पुथल भी दिखाई दे सकती है।

**- तनवीर जाफ़री**

# दवा के नाम पर मरीजों की जिन्दगी से खिलवाड़

दवा के नाम पर इंसानी जिन्दगी के साथ लगातार खिलबाड़ किया जा रहा है। हालिया उदाहरण है कि बुखार, दर्द, उच्च रक्तचाप, मधुमेह आदि से मुक्ति दिलाने का दावा करने वाली 53 दवाइयां जांच में गुणवत्ता के मानकों पर खरी नहीं उतरी हैं। परीक्षण में असफल होने वाली दवाओं में रक्तचाप यानी ब्लड प्रेशर,शर्करा यानी डायबिटीज, एसिड रिफलक्स और विटामिन की दवाइयां भी शामिल हैं। इसके अलावा केंद्रीय औषधि नियामक ने जिन दवाओं को गुणवत्ता के मानकों के अनुकुल नहीं बताया हैं उसमें बुखार उतारने वाली पैरासिटामोल/,दर्द निवारक डिक्लोफेनेक,एंटीफंगल मेडिसिन फ्लुकोनाजोल जैसी देश की कई बड़ी दवा कंपनियों की दवाएं भी शामिल हैं।



इन 53 दवाओं में से परीक्षण में नाकाम की सूची में अभी केवल 48 दवाओं का ही नाम सामने आया है। क्योंकि इसमें से पांच दवाइयां जो मानक फेल हुई हैं उनकी निर्माता कंपनी का कहना है कि ये दवाएं उनकी नहीं है। बल्कि उनके नाम से नकली दवा को बाजार में बेचा जा रहा है। जो दवाएं फेल की गई हैं उनमें सनफार्मा द्वारा निर्मित पैन्टोसिड टैबलेट भी है,जिसका इस्तेमाल प्रायः एसिडिटी रोकथाम के लिए किया जाता है।टेस्ट में फेल हो गई ये सभी दवाओं को सेवन को सेहत के लिए नुकसानदायक भी बताया गया है।

अजीवोगरीब विडंबना है कि काफी समय से सरकारों की नाक के नीचे ये दवाइयां धड़ल्ले से बिकती रही हैं।केंद्रीय औषधि नियामक के इस परीक्षण ने लोगों के स्वास्थ्य की चिंता को और बढ़ा दिया है, क्योंकि एक तरफ दवाएं मानकों पर खरी नहीं उतरी हैं और दूसरी तरफ नकली दवाओं के बाजार में आने की भी खबर है। जांच तो केवल पांच दवाओं का नाम सामने आया है, हो सकता है नकली दवाओं के इस खतरनाक कारोबार में और दवाओं को भी बेचा जा रहा हो। स्वास्थ्य मंत्रालय नकली और परीक्षण में फेल होने वाली दवाओं की बिक्री और इन दवाओं को बनाने वालों पर कितनी सख्त कार्रवाई करेगा, इस बारे में अभी कुछ कहा नहीं जा सकता,यह तो आनेवााल वक्त ही बताएगा। फिलहाल स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा दोहरी जवाबदेही निभा रहे हैं। वे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का दायित्व भी निभा रहे हैं, उन पर भाजपा के सदस्यता अभियान को सफल बनाने का जिम्मा है। हालांकि तीन दिन पहले आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना के छह बरस पूरे होने पर नड्डा ने नरेन्द्र मोदी की इस पहल की तारीफ करते हुए कहा था कि यह योजना दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सेवा पहलों में से एक बन गई है। यह सभी नागरिकों, विशेष रूप से सबसे कमजोर लोगों के लिए समान स्वास्थ्य सेवा पहुंच प्रदान करने के लिए इस सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

केंद्रीय औषधि नियामक के दवाओं के परीक्षण और उसके नतीजे से यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। वर्ना सेहत सुधारने के नाम पर नकली और असफल दवाओं का सेवन लोगों को और बीमार बना ही रहा था। चिंता की बात यह है कि असफल दवाओं में कई ऐसी दवाएं हैं, जिनका इस्तेमाल सबसे अधिक होता है।

आम लोगों के मन में सवाल बाकी है कि यदि ये दवाएं मानकों पर खरी नहीं उतरती तो इनके नकारात्मक प्रभाव किस हद तक हमारी सेहत के साथ खिलबाड़ करते हैं। जो लोग घटिया दवाइयां बेच रहे थे क्या उनके खिलाफ कोई कार्रवाई की पहल भी हुई है? फिलहाल इस बाबत कोई जानकारी आधिकारिक रूप से सामने नहीं आई है। निस्संदेह, यह शर्मनाक है और तंत्र की विफलता को उजागर करता है कि शारीरिक कष्टों से मुक्त होने के लिये लोग जो दवाएं खरीदते हैं, वे घटिया हैं? बहुत संभव है ऐसी घटिया दवाओं के नकारात्मक प्रभाव भी सामने आते हों। महत्वपूर्ण पहलू यह है कि देश में करीब 220 मिलियन लोग हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित हैं, इसी तरह 2021 में डायबिटीज मरीजों की संख्या 529 मिलियन थी। करोड़ों लोग एसीडिटी रोकने की और विटामिन्स की दवाएं लेते हैं। इन सबके स्वास्थ्य पर इन दवाओं का कितना विपरीत असर हुआ होगा, यह सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है।

इस पर गंभीर शोध-अनुसंधान की जरूरत है। विडंबना तो यह है कि ताकतवर और धनाढ्य वर्ग द्वारा संचालित इन दवा कंपनियों पर राज्य सरकारें भी जल्दी हाथ डालने से गुरेज करती हैं। लेकिन कीमत आम लोगों को ही चुकानी पड़ती है।दुर्भाग्यपूर्ण है कि मानवीय मूल्यों के स्तर में इतनी गिरावट आई है कि लोग अपने मुनाफे के लिये दुखी मरीजों के जीवन से खिलवाड़ करने से भी नहीं चूक रहे हैं।

इससे उन तमाम मरीजों की सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ गयी हैं जो इन दवाओं का इस्तेमाल कर रहे थे। यद्यपि केंद्रीय औषधि नियामक ने 53 दवाओं क मरीजों के लिये नुकसानदायक होने की आशंका में इन दवाइयों के उत्पादन,वितरण व उपयोग पर रोक लगा दी गई थी। सरकार ने यह फैसला दवा टेक्निकल एडवाइजरी बोर्ड की सिफारिश पर लिया था। जिसका मानना था कि इन दवाओं में शामिलअवयवों की चिकित्सकीय गुणवत्ता संदिग्ध है। दरअसल, एक ही गोली को कई दवाओं से मिलाकर बनाने को फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन ड्रग्स यानी एफडीसी कहा जाता है। बहरहाल, सामान्य रोगों में उपयोग की जाने वाली तथा जीवनरक्षक दवाओं की गुणवत्ता में कमी का पाया जाना, मरीजों के जीवन से खिलवाड़ ही है। जिसके लिये नियामक विभागों की जवाबदेही तय करके घटिया दवा बेचने वाले दोषियों को दंडित किया जाना चाहिए।

**- कुमार कृष्णन**

# इन्दौर बाजार की साप्ताहिक समीक्षा -

इन्दौर। मॉंग की मजबूती से आलौच्य सप्ताह में किराना जिंसों में नारियल तेजी पर रहा। शक्कर में भी सुर्खी रही। खाद्य तेलों में बाजार तेजी पर देखे गये। तिलहनों में सरसो व रायडा मॉंग में रहा। दलहनों में लेवाली के अभाव में चना बड़ाकर बोला गया। तुअर में नरमी दर्ज हुई।

**किराना** - शनिवार को समाप्त हुए आलौच्य सप्ताह के दौरान स्थानीय सियागंज किराना बाजार में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। शक्कर में पूछपरख अच्छी रहने से भावों में जोरदार तेजी देखी गयी। शक्कर में बाजार 50-75 रू. प्रति क्किं?टल की तेजी आयी और शक्कर बाजार 3980-4025 रू. प्रति क्किं?टल पर आ गये। कालीमिर्च में लेवाली अच्छी रहने से बाजार मजबूत देखे गये। कालीमिर्च एटम क्वालिटी मालों में बाजार 735-755 रू. प्रति किलो पर आ गये। नारियलों में लेवाली के चलते बाजार में सुर्खी कायम रही। नारियलों में 120 भरती मालों में बाजार 2450-2500 रू. प्रति थैले पर आ गये। सूखे मेवों में लेवाली बनी रहने से बाजार सुर्खी बनाये रहे। काजू 240 क्वालिटी मालों में बाजार 870-880 रू. प्रति किलो पर आ गये। बादाम में भी सुधार देखा गया।

**तेल तिलहन** - आलौच्य सप्ताह के दौरान खाद्य तेलों व तिलहनों में व्यापार की मात्रा कम ही रही। किन्तु बाजार तेजी पर रहे। बाजार सूत्रों के मुताबिक आयातित मालों में बनी तेजी के चलते बाजार में तेजी देखी गयी। समीक्षा सप्ताह के दौरान खाद्य तेलों में सींगदाना तेल इन्दौर लाइन पर 1520-1540 रू. प्रति 10 किलो पर आ गये। वहीं, सोया व कपास्या तेलों में बाजार 20-25 रू. प्रति 10 किलो की तेजी बना गये। सोया तेल रिफाइंड मालों में 1270-1275 रू. प्रति 10 किलो को छू गये। कपास्या तेलों में भी सुर्खी देखी गयी। तिलहनों में सोयाबीन में नये मालों में गीलापन है। मौसम में बदलाव के बाद सूखे मालों की आवकें तेजी से बढ़ेगी। जिसके चलते भावों में तेजी ही है। आलौच्य सप्ताह के दौरान सोयाबीन में बाजार 4800-5500 रू. प्रति क्विंटल के मध्य रहे।

**दाल दलहन** - आलौच्य सप्ताह के दौरान दाल-दलहनों में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। चने में लेवाली कमजोर पड़ने से भावों में मंदी देखी गयी। चने में बड़िया मालों में बाजार 7750 से 7500-7550 रू. प्रति क्विंटल पर आ गये। तुअर में लेवाली के चलते भावों में मजबूती बनी रही। तुअर में हल्के मालों में बाजार 9500-9800 रू. प्रति क्विंटल पर आ गये। उड़द व मूंग में पूछपरख रहने से बाजार सुर्ख नज़र आये।

# इस सप्ताह आएंगे दो आईपीओ, 365 करोड़ जुटाए जाएंगे

नई दिल्ली। हाल के सप्ताहों में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की बाढ़ के बाद प्राथमिक बाजार में इस सप्ताह सिर्फ दो आईपीओ आ रहे हैं, जिनके जरिये करीब 365 करोड़ रुपये जुटाए जाएंगे। सितंबर में मुख्य मंच पर 12 आईपीओ और एसएमई (लघु और मझोले उद्यम) खंड में 40 आईपीओ आए थे। सात अक्टूबर से शुरू होने वाले अगले सप्ताह मुख्य मंच पर गरुड़ कंस्ट्रक्शन एंड इंजीनियरिंग और एसएमई खंड पर शिव टेक्सकेम के आईपीओ आने हैं। गरुड़ कंस्ट्रक्शन आईपीओ के जरिये 264 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। गरुड़ कंस्ट्रक्शन का आईपीओ आठ अक्टूबर को खुलकर 10 अक्टूबर को बंद होगा। शिव टेक्सकेम का 8-10 अक्टूबर के दौरान अपने आईपीओ के जरिये 101 करोड़ रुपये से अधिक जुटाने का लक्ष्य है। इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष के चलते अक्टूबर की शुरुआत से शेयर बाजार में काफी गिरावट आई है। प्राइम डेटाबेस के अनुसार अस्थायी सुस्ती के बावजूद कुल मिलाकर आईपीओ बाजार का परिदृश्य सकारात्मक है। अभी 26 कंपनियों के पास आईपीओ के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की मंजूरी है, जिसके जरिये वे 72,000 करोड़ रुपये जुटाना चाहती हैं। इसके अलावा 55 कंपनियों के आईपीओ प्रस्ताव सेबी के पास विचाराधीन हैं। इन कंपनियों की आईपीओ के जरिये 89,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना है।

# भारत भूटान को फिनटेक सहायता और बढ़ाएगा-वित्त मंत्री

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत भूटान को फिनटेक सहायता बढ़ाएगा, क्योंकि पड़ोसी देश में यूपीआई और रुपे कार्ड लोकप्रिय हो रहे हैं। सीतारमण ने यहां अपने भूटानी समकक्ष ल्योनपो लेके दोरजी के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान भूटान के राजा, शाही परिवार के सदस्यों और भूटान के लोगों को शुभकामनाएं दीं।वित्त मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट किया कि केंद्रीय वित्त मंत्री ने विकास और समृद्धि के लिए स्थायी साझेदारी तथा साझा प्रतिबद्धता के प्रमाण के रूप में भूटान के समर्थन को स्वीकार किया। वित्त मंत्रालय ने कहा ?कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भूटान में भीम यूपीआई और रुपे कार्ड की व्यापक स्वीकृति का जिक्र किया तथा भारत और भूटान के बीच फिनटेक संपर्क को अधिक मजबूत करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया।

# हिंडाल्को, जेएसडब्ल्यू स्टील झारखंड में तांबा खदान प्राप्त करने की दौड़ में शामिल

नई दिल्ली। आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज और सज्जन जिंदल की अगुवाई वाली जेएसडब्ल्यू स्टील झारखंड में दो तांबे की खदानों को हासिल करने की दौड़ में शा ?मिल हो गई हैं। इन खानों को इसी महीने बिक्री के लिए रखा जाएगा। दोनों खदानों की कुल क्षमता सालाना 30 लाख टन की है। सूत्रों ने कहा कि हिंडाल्को इंडस्ट्रीज और जेएसडब्ल्यू स्टील झारखंड में सार्वजनिक क्षेत्र की हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की दो तांबा खदानों के अधिग्रहण की दौड़ में हैं। दोनों खदानों की नीलामी अक्टूबर में ही होने की संभावना है। इनमें से एक ब्लॉक नया है, जबकि दूसरा पिछले 20 साल से बंद है। हिंदुस्तान कॉपर ने पहले राखा तांबा खान को फिर से खोलने और उसका विस्तार करने और चापरी में भूमिगत खदान के विकास और संचालन के लिए खान डेवलपर-सह-परिचालक (एमडीओ) की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे। हिंदुस्तान कॉपर ने अपनी हालिया रिपोर्ट में कहा था कि राखा खनन पट्टा 2021 में समाप्त हो गया। खनन पट्टे के विस्तार का कार्य झारखंड सरकार के साथ प्रगति पर है, इसके अलावा खनन पट्टे के तहत शेष वन क्षेत्र पर चरण एक की वन मंजूरी देने के लिए आवेदन को परियोजना जांच समिति द्वारा स्वीकार कर लिया गया है। राज्य वन विभाग के विभिन्न अधिकारियों द्वारा स्थल का निरीक्षण पूरा हो चुका है।

# आज का राशिफल

**मेष** - आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको लाभ के अवसरों पर पूरा ध्यान देना होगा, तभी आप अपने कर्ज को काफी हद तक उतारने में सफल रहेंगे। आपको किसी काम के चलते अक्समात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आपके मित्र आपकी किसी समस्या का समाधान खोजने में आपकी मदद करेंगे। आप किसी काम को लेकर जल्दबाजी न दिखाएं।

**वृषभ** - आज का दिन राजनीति में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपके पिताजी का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आप किसी धार्मिक कार्यक्रम में हो सम्मिलित हो सकते हैं, जिससे आपकी साख चारों ओर फैलेगी और आपको किसी धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। आप अपनी सेहत का पूरा ध्यान दें और समय-समय पर जरूरी टेस्ट करवाते रहें।

**मिथुन** - आज का दिन आपके लिए मौजमस्ती से भरा रहने वाला है। आप अपने पारिवारिक जिम्मेदारियों पर पूरा ध्यान देंगे और आपको कोई महत्वपूर्ण काम सौंपा जा सकता है। कार्यक्षेत्र में आपके कामों में वृद्धि होगी, लेकिन आपको काम से घबराने की आवश्यकता नहीं है। आपके पिताजी की सलाह आपके बिजनेस के लिए कारगर सिद्ध होगी। आपको अपने दोस्तों के साथ कहीं घूमने फिरने जाने की प्लानिंग कर सकते हैं।

**कर्क** - आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। सामाजिक कार्य में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। आपकी संतान को किसी परिक्षा में अच्छे परिणाम मिलने से जश्न का आयोजन हो सकता है। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई को लेकर सावधान रहने की आवश्यकता है। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा। आप अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए जो भी प्रयास करेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी, जो आपको समस्या देंगे।

**सिंह** - आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। कारोबार में आपको अच्छा लाभ मिलेगा और आप तरक्की करेंगे। आप भगवान की भक्ति में जुटे नजर आएंगे। जीवनसाथी के साथ आप कुछ खुशनुमा पल व्यतीत करेंगे। आपके कामों को करने की गति तेज रहेगी। आप अपने धन को लेकर सुख सुविधाओं पर अच्छा खासा धन देंगे। संतान की किसी फरमाइश पर आप वाहन की खरीदारी कर सकते हैं।

**कन्या** - आज का दिन आपके लिए सुख सुविधाओं को बढ़ाने वाला है। विद्यार्थी पढ़ाई में एकाग्र होकर जुटेंगे, तभी वह परीक्षा में अच्छी सफलता हासिल कर सकेंगे। पारिवारिक जिम्मेदारी पर आप पूरा ध्यान देना होगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। परस्पर सहयोग की भावना आपके मन में रहेगी। आप छोटे बच्चों के साथ मौज मस्ती करते नजर आएंगे। यदि परिवार में किसी सदस्य को लेकर कुछ समस्या आ रही थी।

**तुला** - आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। बिजनेस कर रहे लोगों को अपने कामों को लेकर रणनीति बनाकर आगे बढ़ना बेहतर रहेगा। यदि आपका धन डूबा हुआ था, तो उसके भी आपको मिलने की पूरी संभावना है। आपको अपनी किसी मित्र की याद सता सकती है। जीवनसाथी से संबंधों में यदि कुछ कटुता चल गई थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है। आपको अपने धार्मिक कार्यों मे सोच विचारकर आगे बढ़ना होगा।

**वृश्चिक** - आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। विद्यार्थी अपने कामों में कुछ कठिनाइयां महसूस करेंगे। आपको अपने भविष्य की चिंता सता सकती है। जीवनसाथी से आप किसी मन की इच्छा को लेकर बातचीत कर सकते हैं। आपको किसी पुरानी गलती के लिए पछतावा होगा। जीवनसाथी के साथ आपको आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। भविष्य को लेकर आपको प्लानिंग करनी होगी।

**धनु** - आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाले हैं। भाईचारे की भावना आपके मन में रहेगी। आपके परिवार के सदस्य आपके कामो में आपका पूरा साथ देंगे। आपको किसी काम में यदि कोई समस्या आएगी, तो आप अपने भाईयों से सलाह कर सकते हैं। संतान को कोई पुरस्कार मिलने से आपको खुशी होगी। परिवार में किसी मागंलिक का आयोजन हो सकता है।

**मकर** - आज का दिन आपके लिए किसी धार्मिक यात्रा पर जाने के लिए रहेगा। आपको किसी भी बड़े निवेश को करने से बचना होगा। पारिवारिक संपत्ति को लेकर यदि आज कोई कलह उत्पन्न हो, तो आप उसमें शांत रहें और बातचीत करके उसको निपटने की कोशिश करें। प्रेम जीवन जी रहे लोगों में खुशियां भरपूर रहेंगी। आप व्यस्त रहने के कारण अपने बाकी कामों पर ध्यान थोड़ा कम देंगे।

**कुंभ** - आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी से मांगकर वाहन चलाने से बचना होगा और किसी विपरीत परिस्थिति में आपको धैर्य बनाए रखना बेहतर रहेगा। आप किसी बात को लेकर क्रोध न करें और आप अपनी वाणी पर पूरा ध्यान दें। घर परिवार में लोगों को आज आपके दिए गए कामों से कुछ उलझने रहेंगी। जीवनसाथी के साथ मिलकर आप संतान के भविष्य को लेकर किसी प्लान को बना सकते हैं।

आज का दिन आपके लिए खुशियां लेकर आने वाला है। आप आय को बढ़ाने के स्त्रोतों पर पूरा ध्यान देंगे, जिसमें आपको सफलता भी अवश्य मिलेगी। मित्रों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आप अपने पारिवारिक मामलों को मिलजुलकर निपटाने की कोशिश करें।

## शब्दजाल- 7683

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | मा | मा | चु | प | चु | प | के | ह | क | ल |
| हा | ला | सू | ह | वि | ल | जी | स | ल | क | भा |
| हे | वी | मा | द | अं | र | त | र | म | ल | ग |
| र | र | दा | ल | ल | क | स | ओ | ह | सु | म |
| फे | मु | न | ष | वी | म | मी | त | ल | न | भ |
| री | मी | स्कु | स | जि | क | क | प | च | स | ग |
| के | ह | बु | रा | वी | म | ली | टे | ल | र | द |
| न | पू | कु | द | ह | प | नी | का | ला | पा | नी |
| हं | गा | मा | सू | ह | ट | ने | ने | ल | जी | क |
| सा | त | रं | ग | के | स | प | ने | री | क | ल |
| म | ह | न | ह | ज | तु | दु | न | ज | ल | ना |

शब्दजाल में प्रियादर्शन निर्देशित की १० फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं

चुप चुप के, भागमभाग, हलचल, हंगामा, हेराफेरी, विरासत, काला पानी, सात रंग के सपने, मालामाल वीकली, मुस्कुराहट

## शब्दजाल - 7682 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली - 6627

**ऊपर से नीचे:-**

१. अजय देवगन, आयशा जुल्का, करिश्मा कपूर की 'बेशक तुम मेरी मुहब्बत हो' गीत वाली फिल्म-३
२. 'मेरी छतरी के नीचे आजा' गीत वाली धर्मेन्द्र, आदित्य, नसीरूद्दीन शाह, सोनू वालिया, पल्लवी, एकता की फिल्म-४
४. अशोक, प्रदीप, मीना कुमारी की 'दिल जो कह न सका' गीत वाली फिल्म-२,२
६. 'एक तो ये बैरी सावन' गीत वाली दिलीपकुमार, शर्मिला की फिल्म-३
११. विश्वजीत, माला की 'रोकना है अगर रोक लीजे मगर' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'मुर्गी ने झूठ बोला' गीत वाली किशोरकुमार, साधना की फिल्म-४
१४. कंवलजीत, वहीदा की 'तुम अपना रंजोगम' गीत वाली फिल्म-३
१६. फिल्म 'गुरू' में नायक कौन था-३
१७. मनोजकुमार, नंदा, जया की 'पानी रे पानी तेरा रंग कैसा' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'सावन बरसता है तुझसे मिलने को' गीत वाली मिथुन, मीनाक्षी की फिल्म-४
२०. जीतेंद्र, रीना राय की 'तेरे हाथों में पहनाके चूड़ियां' गीत वाली फिल्म-२,३
२१. आँखों के रस्ते दिल में' गीत वाली बॉबी देओल, रानी की फिल्म-३
२४. अमिताभ, हेमा मालिनी की 'हो जाता है प्यार' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'पानी पानी रे खारे पानी रे' गीत वाली चंद्रचूड़सिंह, अरशद वारसी, रवि गोसाई, तब्बू की फिल्म-३

**बायें से दायें:-**

१. जैकी श्रॉफ, माधुरी की 'सात सुरों के तार' गीत वाली फिल्म-३
३. 'चांदी की साइकल' गीत वाली गोविंदा, जूही चावला की फिल्म-२
५. अक्षय, करिश्मा की 'गोरी कँवारी सी हसीना का' गीत वाली फिल्म-३
७. नसीरूद्दीनशाह, जैकी, नगमा, शिल्पा की एक फिल्म-२
८. फिल्म 'जाल' की नायिका कौन थी-२
९. 'आयेगा आनेवाला' गीत वाली अशोककुमार, मधुबाला की फिल्म-३
१०. फिल्म 'हीरा पन्ना' में देव आनंद के किरदार का नाम क्या था-२
११. 'दिल क्यों धड़कता है' गीत वाली राहुलराय, पूजा भट्ट की फिल्म-३
१३. जैकी श्राफ, डिम्पल की 'क्या है तुम्हारा नाम' गीत वाली फिल्म-२
१५. दक्षिण की फिल्म 'थेवर मगन' किस भाषा में बनी थी?-३
१७. 'वीरू' 'जय' और 'बसंती' आदि किस सुपर हिट फिल्म के पात्र हैं-२
१८. 'दिल है प्यारे जरा' गीत वाली फिल्म-२
१९. फिल्म 'अनकही' के गीत 'आँखों में अनजाने' का गायक कौन है-२
२०. 'आते आते तेरी याद' गीत वाली संजयदत्त, अनिता की फिल्म-२,१,२
२२. अमिताभ, जीनत की 'जिसका मुझे था इंतजार' गीत वाली फिल्म-२
२३. फिल्म 'सलाखें' में नायक कौन था-२
२५. 'क्यूं ऑचल हमारा गिरा' गीत वाली अक्षयकुमार, रवीना की फिल्म-२
२६. गीत 'दिल के अरमां आँसुओं में' की गायिका कौन है-३
२८. 'काट दिये नाम सब' गीत वाली फिल्म-३
२९. फिल्म 'रॉकी' की नायिका कौन थी-२
३०. जीतेंद्र, जयाप्रदा की 'आईने के सौ टुकड़ें' गीत वाली फिल्म-१
३१. 'सजना के सामने मैं तो गीत वाली फिल्म-३

## फिल्म वर्ग पहेली - 6626

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8151

**बाएँ से दाएँ**

1.प्राणेंद्रिय-2
2.लंबी गर्दन वाला पशु-3
4.आफत,मुसीबत-2
6.लाचार-3
7.आसरा,मदद-3
8.आश्रय,शरण-3
9.राज कपूर की पोती-3
10.कर्म,भाग्य-3
11.दासत्व,गुलामी-3
13.आर्टिकल-2
14.इच्छा,लालसा-3
15.दुगना,दोगुना-2
16.भार-3
17.टेसू के फूल-3
18.राजा का भवन-3
19.चौकसी-2
20.प्रेमी,साजन-3
21.कैनाल,उपनदी-3
23.जीवन सत्व,प्राण-2
24.प्रहार,आक्रमण-3
25.ठाठ-बाट-2

**ऊपर से नीचे**

1.अभिमान-2
2.मारना,वध करना-2
3.नृत्य,कृष्णलीला-2
4.अपव्यय करना-3
5.वेस्टइंडीज का कप्तान-2
6.अज्ञात,अनाम-3
7.नदी,दरिया-3
8.जांच,परीक्षण-3
9.परीक्षा करना-3
10.जिगर-3
11.आंचल-3
12.नाश,विध्वंस-3
14.अंजन,नेत्रांजन-3
15.लाडला-3
16.शक,संदेह-3
17.तीन घंटे का समय-3
18.चिंतन-3
19.प्रथम-3
20.दंड,शिक्षा-2
21.आंशिक भीगा हुआ-2
22.प्राण,जीवन तत्व-2

## शब्द पहेली - 8150 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

7 अक्टूबर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | तुला | 06.41 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | वृश्चिक | 08.56 ब.से |
| मंगल | मिथुन में | धनु | 11.12 बजे से |
| बुध | कन्य में | मकर | 13.17 बजे से |
| गुरु | वृष में | कुंभ | 15.03 बजे से |
| शुक्र | तुला में | मीन | 16.36 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मेष | 18.07 बजे से |
| राहु | मीन में | वृष | 19.47 बजे से |
| केतु | कन्या में | मिथुन | 21.45 बजे से |
| राहुकाल | | कर्क | 23.58 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | सिंह | 02.15 बजे से |
| बजे तक | | कन्या | 04.26 बजे से |

**सोमवार** 2024 वर्ष का 281 वां दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शरद।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** आश्विन **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** चतुर्थी 09.48 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** अनुराधा 02.25 बजे रात्र को समाप्त।
**योग** प्रीति 06.40 बजे को समाप्त।
**करण** विष्टि 09.48 बजे तदनन्तर बव 22.37 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 04.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 05° 36'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872125
**जूलियन दिन** 2460590.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** रवि उस्सानी **तारीख** 03
**विशेष** ललिता पंचमी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगत: सच्ची आध्यात्मिकता

एक व्यक्ति किसी फकीर के पास साधना सीखने गया। फकीर की चारों ओर बहुत ख्याति थी। उनके आशीर्वाद से बीमार स्वस्थ हो जाते थे और लोगों की परेशानियां दूर हो जाती थीं। दूर-दूर से पीड़ित लोग उनके यहां आते, दुआएं मांगते और प्रसन्न होकर जाते। जब वह आदमी संत के पास पहुंचा तो देखा कि फकीर एक टोकरी में से दाना निकालकर पक्षियों को चुगा रहे थे। उन्हें चुगते देख कर वे बच्चों तरह खुश हो उठते थे। इस तरह लंबा समय बीत गया। न फकीर ने उस व्यक्ति की ओर देखा और न दाना चुगाना ही बंद किया। आने वाला परेशान हो गया। वह फकीर की ओर बढ़ा। उसे सामने देखते ही फकीर ने टोकरी उसके हाथों में थमा दी और कहा, अब तुम पक्षियों के साथ आनंद का अनुभव करो। वह व्यक्ति सोचने लगा, कहां तो मैं इनसे आध्यात्मिक साधना का रहस्य जानने आया हूं और ये हैं कि मुझे पक्षियों को दाना चुगाने को कह रहे हैं। फकीर ने उसके मन की बात पढ़ ली। वह बोले, स्वयं की परेशानियों को भूल कर दूसरों को आनंद पहुंचाने का प्रयत्न ही जीवन की हर सिद्धि और आनंद का राज है। यदि तुम स्वयं सुख और आनंद पाना चाहते हो, तो वही दूसरे को भी देना सीखो। तुम यदि यह साध सकोगे तो तुम्हारी सारी साधना हो जाएगी। जो लोग आध्यात्मिकता को किसी खास नियम और जीवन शैली में देखते हैं, वे उसके नैसर्गिक पक्ष से वंचित रह जाते हैं। खरा आध्यात्मिक जीवन दूसरों को सुख बांटने में होता है। उसमें आनंद और खुलेपन का अनुभव होता है। एक छोटे से उदाहरण से वह व्यक्ति आध्यात्मिकता के रहस्य को समझ गया।

## सूडोकु नवताल- 6936

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | 9 | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 9 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | 1 | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से भरे मूलांक अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

## सूडोकु नवताल -6935 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

# आरबीआई के ब्याज दर और एफआईआई के रुख तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा

नई दिल्ली । भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ब्याज दर पर निर्णय, पश्चिम एशिया के संघर्ष और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की गतिविधियों से इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों की दिशा तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इसके अलावा सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के तिमाही नतीजे, घरेलू वृहद आर्थिक आंकड़े, ब्रेंट कच्चे तेल के दाम भी बाजार को दिशा देंगे। पिछले सप्ताह पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने और विदेशी कोषों की निकासी से शेयर बाजार में भारी गिरावट आई थी। बाजार के विश्लेषक कहते हैं कि घरेलू मोर्चे पर सभी की निगाह भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक पर रहेगी। एमपीसी की बैठक सात अक्टूबर को शुरू होगी। तीन दिन की बैठक के नतीजों की घोषणा बुधवार यानी नौ अक्टूबर को की जाएगी। उन्होंने कहा कि कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजों का सत्र टीसीएस के साथ शुरू हो रहा है। घरेलू मोर्चे पर तरलता की स्थिति मजबूत बनी हुई है। ऐसे में अधिक मूल्यांकन वाले क्षेत्रों से नकदी का प्रवाह आकर्षक मूल्यांकन वाले क्षेत्रों की ओर हो सकता है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा जिंस कीमतें, अमेरिकी डॉलर सूचकांक और अमेरिका के महत्वपूर्ण वृहद आंकड़े भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के एक शोध प्रमुख ने कहा कि निफ्टी और सेंसेक्स दोनों के लिए क्रमश: 26,000 और 85,000 अंक के नए मील के पत्थर कुछ समय के लिए थे, क्योंकि पश्चिम एशिया की वजह से लगे झटकों और विदेशी कोषों द्वारा कुछ कम मूल्यांकन वाले एशियाई बाजारों की ओर रुख करने से बाजार प्रभावित हुआ। इससे बाजार में चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। शेयर बाजार में भारी गिरावट के बीच पांच दिन में निवेशकों की पूंजी 16.26 लाख करोड़ रुपये घट गई। बाजार का रुख प्रमुख घरेलू और वैश्विक आर्थिक आंकड़ों पर निर्भर करेगा। सप्ताह के दौरान आरबीआई का ब्याज दर पर निर्णय आना है। इसके अलावा औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े भी आएंगे। साथ ही अमेरिका में फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक का ब्योरा, बेरोजगारी आंकड़े और अमेरिका के जीडीपी आंकड़े भी आने हैं। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के एक वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) ने कहा कि निवेशकों की निगाह भू-राजनीतिक घटनाक्रम और कच्चे तेल की कीमतों पर इसके प्रभाव पर रहेगी। विदेशी कोषों के प्रवाह के अलावा घरेलू प्रवाह भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। घरेलू मोर्चे पर सभी की निगाह एमपीसी की बैठक पर है। इस बैठक के नतीजों की घोषणा नौ अक्टूबर को होगी। उन्होंने कहा कि गणेश चतुर्थी और जन्माष्टमी के दौरान कंपनी ने बिक्री में अच्छी वृद्धि दर्ज की। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के एक वरिष्ठ अधिकारी ने अपने मासिक बिक्री विवरण में कहा कि सितंबर के अंत में पंजीकरण में तेजी आई है। यह आगामी त्योहारी सत्र की दृष्टि से अच्छा है।

# एफपीआई ने अक्टूबर में भारतीय शेयरों से 27,142 करोड़ निकाले

नई दिल्ली। इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष, कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और चीन के बाजारों के बेहतर प्रदर्शन के कारण अक्टूबर के पहले तीन कारोबारी सत्रों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय शेयर बाजारों से 27,142 करोड़ रुपये निकाले हैं। इससे पहले सितंबर में भारतीय शेयर बाजार में एफपीआई का निवेश नौ महीने के उच्च स्तर 57,724 करोड़ रुपये पर पहुंच गया था। अप्रैल-मई में शेयरों से 34,252 करोड़ रुपये निकालने के बाद जून से एफपीआई लगातार लिवाल रहे हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि 2024 में जनवरी, अप्रैल और मई को छोड़कर अन्य महीनों में एफपीआई शुद्ध लिवाल रहे हैं।

# कार कंपनियां त्योहारी सत्र पर बिक्री में अच्छी वृद्धि की कर रहीं उम्मीद

नई दिल्ली। देश की प्रमुख वाहन कंपनियां मौजूदा त्योहारी सत्र के दौरान अपनी बिक्री में अच्छी वृद्धि की उम्मीद कर रही हैं। त्योहारी सत्र ओणम से शुरू होकर दिवाली पर समाप्त होता है। किआ इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पिछले 3-4 महीने उद्योग के लिए अच्छे नहीं रहे हैं क्योंकि पिछले साल की समान अवधि की तुलना में बिक्री में गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महीनों की दबी मांग और सरकारी निवेश के आने से हमें लगता है कि यहां से चीजें सुधरनी शुरू हो जाएंगी। बरार ने कहा कि सितंबर में बुकिंग की रफ्तार अच्छी रही है और इससे अक्टूबर के लिए अच्छा संकेत मिलता है। उन्होंने कहा कि इस बार सभी त्योहार अक्टूबर में हैं। हम अक्टूबर में अपनी बिक्री में पिछले साल की समान अवधि की तुलना में पांच से 10 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं। बरार ने कहा कि जनवरी-अप्रैल की अवधि में यात्री वाहन उद्योग में सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई थी, लेकिन मई-सितंबर में इसमें लगभग दो-तीन प्रतिशत की गिरावट आई। निसान मोटर इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पूरा उद्योग तीन मुश्किल महीनों के बाद त्योहारी सत्र में कुछ रौनक की उम्मीद कर रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह एक चुनौतीपूर्ण अवधि रही है। त्योहारी सत्र से तय होगा कि तिमाही कैसी रहेगी। और तिमाही से तय होगा कि साल के शेष महीने कैसे रहेंगे। उन्होंने कहा कि हर कोई त्योहारी सत्र का इंतजार कर रहा है, खासकर उद्योग के लोग। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कंपनी में ग्राहकों की संख्या और पूछताछ में वृद्धि देखी जा रही है। उन्होंने कहा इस बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए हमारे रणनीतिक परिचालन में सुधार महत्वपूर्ण है। जैसे कि हमने तीसरी पाली शुरू की है। इससे हमारी आपूर्ति क्षमता का महत्तम इस्तेमाल हो रहा है। खासकर बड़ी मांग वाले मॉडल मसलन

# सद्भावना मित्र मण्डल द्वारा आकर्षक पंडाल सजाकर की जा रही है माता भवानी की पूजा अर्चना

## कल विराट कवि सम्मेलन का आयोजन





लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी नगर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था सद्भावना मित्र मण्डल लांजी/माँ कालीघाट जनकल्याण समिति के द्वारा विगत 35 वर्षो से लांजी नगर के हृदय स्थल सुभाष चौक मे दुर्गा उत्सव कार्यक्रम के आयोजन के तहत माता रानी की प्रतिमा स्थापित की जाती है। नवरात्रि मे 9 दिनो तक विशेष पूजा अर्चना सहित नित नये आयोजन भी समिति के द्वारा करवाया जाता है। लांजी सुभाष चौक मे स्थापित माता रानी की प्रतिमा जो कि संपूर्ण जिले में मनोकामना पूर्ण करने वाली माता के रूप में प्रसिद्ध है। इस वर्ष लांजी नगर का हृदय स्थल और भी ज्यादा आकर्षण का केन्द्र इसलिये बना हुआ है सद्भावना मित्र मण्डल लांजी के द्वारा विशाल पण्डाल निर्मित किया गया है जो कि खासा आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। उक्त संपूर्ण आयोजन सद्भावना मित्र मण्डल लांजी से संरक्षक गिरधारी लाल अग्रवाल, सद्भावना मित्र मण्डल से सद्भावना मित्र मण्डल अध्यक्ष युगेश रामटेक्कर, विधायक राजकुमार कर्राहे, नितिन पशीने, मधुकर आसटकर, रुपचन्द रामटेक्कर, सचिन अग्रवाल, कैलाशपुरी गोस्वामी, देवानन्द कुर्वे, राजा महिमेहरो, सतीश दुरुगकर, राजु मोहारे, विशाल दुग्गड़, बबलु शिवालिया, हुकुमचन्द जुझार, योगेन्द्र बबली मिश्रा, विशाल दुग्गड़, डॉ.राजेश रणदिवे, मोनु पशीने, अंकित अग्रवाल, मुकेश देवगड़े, गजानन बड़घैया, अंकित शर्मा, रोशन आसटकर, संतोष भार्गव, कमलेश बड ?या, टेकचंद बिहोने, डॉ देवेश ऐड़े, ओमप्रकाश आसटकर सहित जुनियर सद्भावना मित्र मण्डल के द्वारा उक्त संपूर्ण आयोजन किया जा रहा है। लांजी नगर मे सद्भावना मित्र मण्डल द्वारा स्थापित माता रानी की प्रतिमा संपूर्ण क्षेत्र मे प्रसिद्ध है मनोकामना पूर्ण करने वाली माता के दर्शनो के लिये आस पास के क्षेत्र सहित पडोसी राज्यो के भी भक्त गण दर्शनार्थी लांजी पंहुचते है माता के दर्शनो के लिये, वंही इस वर्ष सुन्दर मनोरम दृश्य के साथ दिव्य आसन पर माता रानी विराजित हुई है। दर्शनो के लिये रोजाना सैकडो श्रृद्धालु गण लांजी पंहुचकर माता रानी के दर्शन कर मनवांछित फल की प्रार्थना करते है। सद्भावना मित्र मण्डल के द्वारा इस वर्ष नवरात्रि के पावन अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करवाया जा रहा है इसी कड़ी में कल 8 अक्टुबर को अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन रात्रि 9 बजे से किया जा रहा है जिसमें देश प्रदेश के ख्याति प्राप्त कवि इस सम्मेलन में शिरकत करेंगे। कवि सम्मेलन में मंच संचाल सुमित समैया हास्य कवि बीना मध्यप्रदेश, सुश्री संगीता सरल गीत सोनटीव्ही फेम, कमलेश दवे सहज नागदा हास्य शिरोमणी जीटीव्ही फेम, कुलदीप रंगीला देवास हास्य धमाका, विवेक शर्मा वीर रस कवि-भोपाल, जीटीवी फेम, सरिता सहज गीत नागपुर जीटीवी फेम, शुभम स्वराज सांवेर राष्ट्वादी कवि, नरेन्द्र अटल महेश्वर राष्ट्र कवि, डॉ आशा अदिति गीत सिवनी ये सभी कवि शिरकत करेंगे। इसी कड़ी आज 7 अक्टुबर को शाम 7 बजे से सोहन बडमें जागरण ग्रुप के द्वारा प्रस्तुती करण।10 अक्टुबर को रात्रि 9 बजे से माँ तुलजा भवानी जागरण ग्रुप तथा नवमी कलश विसर्जन 11 अक्टुबर छत्तीसगढी धमाका लोक संगीत का आयोजन समिति के द्वारा करवाया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष एवं समस्त सदस्यों के द्वारा क्षेत्र की जनता से उक्त सभी कार्यक्रमों में पंहुचने की अपील की है।

# बाबा आजीविका स्व सहायता समूह की अध्यक्ष को हटाने की मांग को लेकर सचिव व सदस्य भूख हड़ताल पर

## विधायक, एसडीएम व एसडीओपी के आश्वासन पर समाप्त हुई हड़ताल



लांजी (पद्मेश न्यूज)। क्षेत्र के ग्राम वारी में बाबा आजीविका स्व सहायता समूह के राशन दुकान का संचालन किया जा रहा है, जिसमें लाभांश अथवा कमीशन की राशि को लेकर अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यों के बीच विवाद उत्पन्न हो गया। जिसके उपरांत सदस्यों ने समूह के अध्यक्ष को हटाने की मांग करते हुए 5 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ गई। समूह के सदस्यों का आरोप है कि अध्यक्ष द्वारा सदस्यों के फर्जी हस्ताक्षर कर राशन दुकान का संचालन किया जा रहा है। शिकायत पर मध्यप्रदेश आजीविका मिशन के प्रबंधक राजाराम परते द्वारा धरना स्थल पर पहुंच कर पुरे विवाद को सुना एवं जांच की, किन्तु कोई निराकरण नहीं निकल पाया।

### विधायक, एसडीएम, एसडीओपी के आश्वासन पर समाप्त हुई भूख हड़ताल

बाबा आजीविका स्व सहायता समूह की सचिव व सदस्यों के भूख हड़ताल 5 अक्टूबर से ग्राम पंचायत वारी के लोधीटोला सभामंच में की जा रही थी, जिसके दूसरे दिन 6 अक्टूबर को पुन: एन आर एल एम के राजाराम परते एवं सुनीता चन्ने द्वारा धरना स्थल पर पहुंचकर सामंजस्य बनाने का प्रयास किया गया किन्तु कोई निराकरण नहीं हो पाया। भुख हड़ताल की सूचना पर विधायक राजकुमार कर्राहे, एसडीएम व एसडीओपी ने पहुंचकर आजिविका स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यों को बारी बारी से सुना एवं उनके विवाद का हल निकालने का प्रयास किया, किन्तु अध्यक्ष, सचिव व सदस्य अपनी बातों पर अड़े रहे। जिस पर विधायक राजकुमार कर्राहे एवं एसडीएम महोदय ने आश्वस्त किया कि सर्वप्रथम खाद्य निरीक्षक आकर स्टाक का सत्यापन कर समूह के सभी सदस्य जिसे चाहेंगे उनके माध्यम से राशन वितरण की व्यवस्था बनाई जाएगी। इसके अलावा शिकायत के निराकरण के लिए दोनों पक्षों को एसडीएम कार्यालय बुलाया गया एवं दोनों पक्षों को सुनने एवं रिकॉर्ड दस्तावेज के आधार पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिसके उपरांत विधायक राजकुमार कर्राहे द्वारा बिस्केट खिलाकर उनका भूख-हड़ताल को समाप्त करवाया।

# घर पर सो रहे शख्स के साथ अज्ञात ने की मारपीट

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। कटंगी शहर के नागो टोला में एक शख्स के साथ अज्ञात लोगों ने बेरहमी के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया है. यह पूरी घटना बीती रात उस वक्त हुई है जब पीड़ित गहरी नींद में सोया हुआ था और उस पर अचानक से हमला कर दिया गया. मिली जानकारी अनुसार अर्जुननाला नागो टोला निवासी गणेश कुमरे के साथ बीती रात्रि में करीब 02 बजे के आस-पास किसी अज्ञात लोगों ने मारपीट की. इस घटना में गणेश कुमरे के सिर पर गहरी चोट आई है. गणेश को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल कटंगी में भर्ती करवाया गया है. गणेश ने पुलिस को बताया कि उसकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है. अर्जुननाला में भी उनका एक घर है लेकिन वह



नागो टोला वाले मकान में अकेला रहता था. जहां उस पर किसी ने अचानक से हमला कर दिया. पुलिस ने पीड़ित के बयान दर्ज कर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# शीतला माता मंदिर कुलपा में ग्राम के ही कलाकारों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

लांजी (पद्मेश न्यूज)। क्षेत्र के अंतर्गत अंतिम छोर पर बसे ग्राम कुलपा की सिद्ध मां शीतला मंदिर में गरबा ,डांडिया ,व धार्मिक गीत नृत्य तथा छुपी काल के प्रदर्शन का रंगम कार्यक्रम संपन्न हुआ। मां शीतला माता मंदिर समिति के सदस्यों के द्वारा एक नई सोच,नई पहल के तहत गांव का पैसा गांव में गांव के प्रतियोगी गांव का ही मंच के तहत बाहर के कार्यक्रम को ना बुलाते हुए उक्त कार्यक्रम में ग्राम की ही युवा महिला- पुरुष, लड़के -लड़कियां को



प्राथमिकता देखकर अपने प्रतिभाओं का प्रदर्शन करने का मौका देकर उन्हें प्रथम द्वितीय आकर्षक पुरस्कार ग्राम के ही अतिथियों के हंसते देकर सम्मानित किया गया।उक्त देवी भक्ति गीत व डांस में सामूहिक नृत्य 18 वर्ष से अधिक वालों को 1501/ रुपए का प्रथम, एवं 701/ रुपए का द्वितीय तथा सामूहिक नृत्य 18 वर्ष से कम को 1101/ रुपए तथा 501 रुपए का द्वितीय पुरस्कार व एकल नृत्य 18 वर्ष से अधिक को 501/रुपए का प्रथम व 551/ रुपए का द्वितीय पुरस्कार दिया गया । कार्यक्रम के प्रायोजक खेमराज ठाकरे के द्वारा स्वर्गीय श्रीमती ममता खेमराज ठाकरे की स्मृति में 1501 रुपए व कृष्ण कुमार कवडे के द्वारा 1601 रुपए तथा सी एल बनोठे के द्वारा 1101 रुपए प्रथम पुरस्कार के रूप में दिया गया।कार्यक्रम में ग्राम के ही बच्चों एवं पुरुषों ने अपने अंदर के छुपे कल का शानदार प्रदर्शन करने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर कार्यक्रम में समा बांधा और पूरा का पूरा माहौल भक्ति में कर दिया उक्त कार्यक्रम में हजारों देवी भक्तों ने हिस्सा लेकर माता जी के जयकारों भक्तिमय गीत डांस का रात्रि में आनंद लिया।

# एसडीएम व एसडीओपी ने वारी मंदिर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था देखी

लांजी (पद्मेश न्यूज)। क्षेत्र का एतिहासिक व प्रसिद्ध देवी मंदिर माता पांढरी पाट में नवरात्र पर्व के चलते यहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में दर्शनार्थी माता के दर्शनो के लिये पहुंच रहें है। माँ पांढरी पाट देवी मंदिर में सर्वाधिक 2411 मनोकमाना ज्योति कलश स्थापित किए गए है, वहीं यहां प्रतिदिन सुबह 11 बजे से 3 बजे तक कथा वाचिका सविता गोस्वामी के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा की जा रही है। जिसके चलते देवी धाम में रोजाना दर्शनार्थियों की भीड़ बनी हुई है।जिसको लेकर प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए एवं पर्याप्त मात्रा में




पुलिस बल तैनात किया गया है। इसी कड़ी में 6 अक्टूबर को दोपहर में एसडीएम प्रदीप कौरव एवं एसडीओपी सतेन्द्र घनघोरिया, बहेला थाना प्रभारी मदन ईवने ने मंदिर परिसर में पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वारी देवीधाम में प्रतिदिन हजारों दर्शनार्थी माता के दर्शनों के लिये पंहुचते है जहां पर पुलिस व्यवस्थाओं की अत्यंत आवश्यकता पड़ती है। पार्किंग स्थल, दुकाने, मंदिर में चढने उतरने वाले दर्शनार्थी, मंदिर में भागवत कथा पुराण भी जारी है जहां बड़ी मात्रा में दर्शनार्थी होते है इन सभी का सुरक्षा की दृष्टि से भी निरीक्षण करना आवश्यक है वहीं देवी धाम में वृहद खराडी जलाशय के समीप है यहां भी पुलिस को नजरे रखनी होती है इन सभी विषयों को ध्यान में रखते हुये अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लांजी प्रदीप कौरव, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी सत्येन्द्र घनघोरिया के मार्गदर्शन में बहेला थाना प्रभारी मदन ईवने के द्वारा वारी देवीधाम पंहुचकर सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखा। इस दौरान मंदिर के पंडा रेखलाल कावरे से चर्चा कर सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। बता दें कि यहां पुलिस प्रशासन द्वारा जगह जगह पर पुलिस बल तैनात किया गया है, साथ ही मार्ग एवं पार्किंग स्थल पर भी पर्याप्त पुलिस बल लगाया गया है।

# चन्द्रभूषण वानखेड़े पंचतत्व में विलीन

लांजी (पद्मेश न्यूज)। क्षेत्र के ग्राम बहेला निवासी चन्द्रभूषण उर्फ फकीर पटेल पिता नीलाराम वानखेड़े का निधन 68 वर्ष की आयु में 5 अक्टुबर को रात्रि 11 बजे अस्वस्थ्ता के चलते निधन हो गया। आप अपने पीछे पत्नि एक पुत्र दो पुत्रियॉ, नाती पोतो से भरा पुरा परिवार छोड इस दुनिया से विदा हो गये। आपका अंतिम संस्कार 6 अक्टुबर को स्थानीय मोक्षधाम में नाते रिश्तेदारा, सामाजिक बंधुओ, जनप्रतिधियों की उपस्थिती में किया गया। उपस्थित जनों के द्वारा पचलकड़ी प्रदान करते हुये ईश्वर से मृत आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना की गई तथा इस दुख की घड़ी में परिजनो को संबल प्रदान करने हेतु परम पिता परमेश्वर से प्रार्थना करते हुए भावपुर्ण श्रृद्धांजलि अर्पित की



# साडरा के चांदनी चौक में माँ दुर्गा उत्सव समिति ने सजाया मां का दरबार

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी क्षेत्र में शारदेय नवरात्रि का पर्व बडे ही धुम धाम से भक्ति भाव के साथ मनाया जाता है। मातारानी की प्रतिमाऐ स्थापित कर 9 दिनों तक



विधि विधान से पूजन अर्चन किया जाता है। ऐसे अनेको दुर्गा उत्सव समितियॉ जो कि विगत कई वर्षो से माता रानी की प्रतिमाऐं स्थापित कर विविध कार्यक्रम आयोजन कर आराधनायें की जा रही है इसी कड़ी में ग्राम साडरा स्थित लालटोला में विगत 20 वर्षो से माँ दुर्गा उत्सव समिति चांदनी चौक लालटोला के द्वारा माता रानी प्रतिमा स्थापित कर तथा विविध भक्तिमय आयोजन कर माता रानी की आराधना की जा रही है। समिति के द्वारा 8 एवं 9 अक्टुबर को जय भोले अवघड धानी रामधुनी मण्डली द्वारा छत्तीसगढी लोक कला मंच झांकी सहित रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। माता रानी की सेवा में पंडित सतिश तिवारी एवं जजमान चुन्नीलाल कारसर्पे समिति के सदस्य डोलन सिंह गागीन, संजय विजयवार, केआर ढोकर, समारूलाल घोरमारे, संतोष विजयवार, महेश बिल्हारे, राजू कबीरे, सुरेन्द्र रघुवंशी, लोकराम बिल्हारे, प्रहलाद कृष्ण कुमार भारद्वाज, कुलदीप भारद्वाज, रविन्द्र, राजू सहित आदि सदस्यों ने समस्त भक्त जनो से उक्त कार्यक्रम में उपस्थिती अपील की है।

**आवश्यकता है**

कासल घराना कपड़ा शोरूम में सेल्समेन की

-पता-

कासल शॉपिंग हब

उत्कृष्ट सिटी वारासिवनी

-सम्पर्क करें-

9425822578

7719874111

**आवश्यकता है**

ऑफिस कार्य हेतु बी.ई., बी कॉम., प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण Freshers एवं सी.ए. आर्टिकल, सी.ए. इन्टर फाईनल युवक/युवती की आवश्यकता है। कम्प्यूटर एक्सल की संपूर्ण जानकारी आवश्यक है।

संपर्क करें

बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएट्स

चार्टड एकाउन्टेन्ट्स, श्याम टॉकीज एंड मॉल द्वितीय तल हनुमान चौक, बालाघाट (मप्र)

मो. 09201340520/09244872544

बायोडाटा देने मिलने एवं फोन लगाने का समय शाम 7.30 से 9.00 बजे तक

लांजी में "पद्मेश"

इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें

Mo. 8319969927

भानेगांव में "पद्मेश"

इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें

Mo. 8319969927

बोलेगांव में "पद्मेश"

इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें

Mo. 8319969927

### बंद पड़ी फैक्ट्री को किराए पर लेकर बना रहे थे ड्रग्स...गुजरात एटीएस और एनसीबी ने मारा छापा, दो आरोपी गिरफ्तार

# भोपाल में 1814 करोड़ की एमडी ड्रग्स जब्त

भोपाल । राजधानी भोपाल के बगरोदा स्थित औद्योगिक क्षेत्र की एक फैक्ट्री से गुजरात एटीएस और दिल्ली स्थित नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की संयुक्त टीम ने कई 1,814 करोड़ की ड्रग्स बरामद की है। पुलिस ने जिस फैक्ट्री से ड्रग्स बरामद की है, वहां से दो लोगों को हिरासत में भी लिया है। इस पूरे मामले में भोपाल पुलिस को सूचना तक नहीं दी गई। गुजरात के गृह मंत्री हर्ष संघवी ने रविवार को सोशल मीडिया के जरिए यह जानकारी दी। दरअसल गुजरात एटीएस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) दिल्ली ने संयुक्त अभियान चलाकर ड्रग्स की इस खेप को जब्त किया है।

जानकारी के अनुसार कटारा हिल्स थाना क्षेत्र के जंगल से सटने वाले क्षेत्र बगरोदा में नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया गया है। उसी औद्योगिक क्षेत्र की एक फैक्ट्री में शनिवार को कार्रवाई करते हुए गुजराज एटीएस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अधिकारियों



ने करीब 1814 करोड़ की मेफेड्रोन (एमडी)डग्स बरामद की है। डीएसपी, एटीएस गुजरात एसएल चौधरी ने बताया कि गोपनीय सूचना मिली थी कि अमित चतुर्वेदी, निवासी भोपाल, मप्र और सान्याल बाने, निवासी नासिक, महाराष्ट्र, भोपाल के बागरोदा औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्ट्री की आड़ में मादक पदार्थ मेफेड्रोन का अवैध निर्माण और बिक्री में शामिल हैं। जिसके बाद गुजरात एटीएस के वरिष्ठ अधिकारियों को इसके बारे में बताया गया। जिसके आधार पर कार्रवाई की गई

#### भोपाल में ही बनाई जा रही थी ड्रग्स

मप्र पुलिस की इंटेलीजींस विंग को अभी तक जो जानकार मिली है, उसके अनुसार बगरोदा स्थित फैक्ट्री में एमडी ड्रग्स को बनाने, सैंपलिंग और सप्लाई के लिए पैकेट तैयार किए जाने का कार्य किया जा रहा था। पंजाब और मुंबई के बड़े तस्करों से ऑडर और सप्लाई की चेन का पता चलने के बाद ही गुजरात एटीएस ने यह कार्रवाई की है। दुबई में बैठे ड्रग्स सिडिकेट के मास्टर माइंड वीरेन्द्र बसोया, पंजाब में 10 करोड़ की कोकीन मिलने वाले मामले में पूछताछ के बाद भोपाल में फैक्ट्री में ड्रग्स बनाने का इनपुट जांच एजेंसियों को मिला था।

#### कॉलेजों में सप्लाई होती है एमडी ड्रग्स

दिल्ली पुलिस ने चार दिन पहले दिल्ली में 5600 करोड़ की ड्रग्स बरामद की है। इस मामले का मास्टर माइंड दिल्ली प्रदेश कांग्रेस का पूर्व आईटी सेल अध्यक्ष तुषार गोयल बताया गया है। वहीं कुछ दिन पहले कई सौ करोड़ की ड्रग्स गुजरात से भी बरामद की गई है। इस कार्रवाई से उक्त दोनों पूर्व की ड्रग्स के खिलाफ की गई कार्रवाई से जोडक़र देखा जा रहा है।

#### दिल्ली पुलिस ने जब्त की थी पांच हजार करोड़ की ड्रग्स

बीते दिनों दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने राजधानी में 5000 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की थी। जांच में पता चला है कि यह ड्रग्स यूके से भारत भेजा गया था। दिल्ली पुलिस ने एक अंतरर्राष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश कर चार मादक पदार्थ तस्करों तुषार गोयल, भरत कुमार जैन, औरंगजेब सिद्दीकी और हिमांशु कुमार को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोपी तुषार गोयल के दिल्ली के महिपालपुर स्थित गोदाम से 562 किलोग्राम कोकीन और 40 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक मारिजुआना बरामद की है। मादक पदार्थों की ये खेप विदेश से महाराष्ट्र के किसी बंदरगाह पर आई। अंतरर्राष्ट्रीय बाजार में बरामद मदाक पदार्थों की इस खेप की कीमत 2000 से 5000 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

## सूरज की रोशनी से रात में भी रोशन हो रहा मप्र

भोपाल। पीएम सूर्य घर योजना शुरू होने के बाद से लोग सोलर पैनल लगवाने में खासी रुचि दिखा रहे हैं। फरवरी में शुरू हुई इस योजना के बाद महज छह महीने में प्रदेश के 15 हजार 142 लोग पैनल लगवा चुके हैं। इनमें मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने सबसे अधिक नौ हजार उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ा है। इनमें भोपाल में सबसे ज्यादा 2500 घरों पर पैनल से बिजली बन रही है। अब उपभोक्ता इसे महंगी बिजली के विकल्प की तौर पर भी अपना रहे हैं। बता दें कि प्रदेश की तीनों बिजली कंपनियों द्वारा अभियान चलाकर लोगों को इसके लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह सिलसिला जारी रहा तो कुछ ही महीनों में प्रदेश में सूरज से 40 मेगावट से अधिक बिजली बनना शुरू हो जाएगी।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जन-मन योजना) में कंपनी कार्यक्षेत्र में विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह (पीवीटीजी) की बहुलता वाले 9 जिलों में अब तक 3 हजार 876 घरों को रोशन किया गया है। कंपनी ने 2 अक्टूबर को इन्हीं 9 जिलों में 355 नये घरों को कनेक्शन देकर विद्युतीकृत किया है। इन 9 जिलों में ग्वालियर, विदिशा, अशोकनगर, श्योपुर, दतिया, गुना, शिवपुरी, रायसेन एवं भिण्ड शामिल हैं। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा पीएम जन-मन योजना में अब शेष 10 हजार 942 जनजातीय हितग्राहियों के घरों को दिसंबर 2024 तक विद्युतीकृत किया जाएगा। यह योजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रमुख योजनाओं में शामिल है, जिस पर तीव्र गति से काम किया जा रहा है। योजना में पीवीटीजी बहुल गावों एवं मजरों-टोलों को भी ऊर्जीकृत किया जा रहा है। कंपनी के अंतर्गत ग्वालियर, विदिशा, अशोकनगर, श्योपुर, दतिया, गुना, शिवपुरी, रायसेन एवं भिण्ड जिले में कुल मिलाकर 1158 गावों एवं मजरों-टोलों को ऊर्जीकृत किया जा रहा है।

## 14 महीने के कार्यकाल में रीवा के लिए कई उपलब्धियां छोड़ गए अनुपम शर्मा

भोपाल। आईआईटियन एवं 2017 बैच के आईएफएस अनुपम शर्मा बतौर रीवा डीएफओ का मात्र 14 महीने के कार्यकाल में वन कानूनों के हद में रहते हुए कई उपलब्धियां छोड़ गए। अब उन्हें पन्ना की जिम्मेदारी दी गई। बुरहानपुर वन मंडल अतिक्रमणक माफिया के खिलाफ अभियान चलाने से सुर्खियों आए अनुपम शर्मा रीवा डीएफओ रहते हुए जटायु संरक्षण अभियान शुरू किया। इसके अंतर्गत विभिन्न हितधारकों (जैसे गौशाला प्रबंधकों, गौ सेवकों, पशु चिकित्सकों, दवा दुकानों, इत्यादि) को हानिकारक दवाओं का उपयोग न करने हेतु जागरूक किया गया, और गिद्ध रहवास स्थलों की सतत निगरानी की गई। इसके फलस्वरूप, रीवा वनमण्डल में गिद्धों की 350 से लगभग 650 हो गई। इसके साथ ही शर्मा ने जुलाई 2024 में वनक्षेत्र में लगभग 5 लाख पौधों का रोपण हुआ। प्लास्टिक फ्री प्लांटेशन अभियान अंतर्गत लगभग 5000 किलोग्राम प्लास्टिक बैग्स के कचरे को संग्रहित कर उसे स्क्रैप डीलर को बेचा, जिससे प्लास्टिक कचरा रीसाइक्लिंग श्रृंखला में आया और 30,000 किलोग्राम कार्बनडाइऑक्साइड उत्सर्जन रोका गया।

## जल जीवन मिशन योजना पर तेज हुई राजनीति

### - फंड को लेकर कांग्रेस हुई हमलावार

भोपाल। जल जीवन मिशन के तहत सरकार जहां एक तरफ हर घर में नल से जल पहुंचाने के अभियान में जुटी हुई है, वहीं योजना को लेकर राजनीति भी चरम पर है। दरअसल, फंड के अभाव में कई जगह काम रूका हुआ है। वहीं कई जगह स्थिति यह है कि योजना कुप्रबंधन का शिकार हो गई है। इसको लेकर कांग्रेस हमलावर हो गई है। कांग्रेस ने सीएम डॉ. मोहन यादव की ओर से केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल को लिखा एक पत्र सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। इसमें सीएम ने लिखा है कि बजट न मिलने से 'हर घर नल' से जुड़े काम नहीं हो पा रहे। इस वित्तीय वर्ष में मप्र को 2022.34 करोड़ रु. आवंटित किए गए, पर मिले नहीं। पानी से जुड़ी जरूरतों के लिए 4455.30 करोड़ रुपए अलग से मांगे हैं। कांग्रेस का दावा है क सीएम ने यह पत्र पिछले महीने 13 सितंबर को लिखा था। शनिवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर लिखा- 'अगस्त 2019 में पीएम ने बड़ी धूमधाम से जल जीवन मिशन की घोषणा की। मार्च 2024 तक देश के सभी घरों में नल से पीने का पानी उपलब्ध कराने का वादा किया गया, पर अब तक वादा पूरा नहीं किया गया।'

#### मिशन में घोर लापरवाही

जल जीवन मिशन के तहत गांवों में लोगों के घर तक नल से जल पहुंचाया जा रहा है। जल कितने घरों तक पहुंचा, कितना लक्ष्य बाकी है। काम में कहां खामी है, क्या शिकायतें हैं और क्या समाधान... यह सब मसले सियासत की वजह से पीछे छूटते नजर आ रहे हैं। दरअसल, प्रदेश में मिशन का काम कर रहे ठेकेदारों के करीब 1500 करोड अटके हैं। केंद्रीय मंत्री को लिखे पत्र में उल्लेख है कि पिछले वित्त वर्ष में 10773.41 करोड़ खर्च किए गए। मौजूदा समय में 1500 करोड़ का भुगतान लंबित है। ऐसे में इस वित्त वर्ष में लंबित भुगतान को मिलाकर 17000 करोड रुपए की आवश्यकता बताई गई है।नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के अलावा भाजपा विधायक भी मामला विधानसभा में उठा चुके हैं। सांची से भाजपा विधायक डॉ. प्रमुराम चौधरी ने कहा था, अफसरों की लापरवाही से 150 से ज्यादा गांवों में पानी नहीं पहुंच रहा। भाजपा विधायक हरदीप सिंह डंग, कालू सिंह ठाकुर, संजय पाठक, अंबरीष शर्मा ने भी गड़बड़ी का मुद्दा उठाया था।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का कहना है कि मिशन की नाकामी केंद्र सरकार की घोर लापरवाही का परिणाम है। इस कारण प्रदेश की जनता को पीने के पानी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। 14 फरवरी 2024 को नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी विधानसभा में जेजेएम के 20 करोड़ के घोटाले को उजागर किया था। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा का कहना है कि जयराम रमेश अपने कार्यकाल को याद करें जनता कैसे पानी के लिए तरसती थी। आज भाजपा की सरकार है। पीएम मोदी के नेतृत्व में हर घर नल से जल पहुंच रहा है। मप्र आइए, गांव- गांव घूमिए और देखिए नल से कैसे लोग पानी पीते हैं। आज मप्र में 71 लाख पांच हजार घरों में नल से जल उपलब्ध कराया जा चुका है। पीएचई के प्रमुख अभियंता केके सोनगरिया ने बात की तो उन्होंने कहा कि किसी भी प्रोजेक्ट के लिए फंड सबसे जरूरी है, इसलिए समय रहते चिंता कर रहे हैं। इसे लेकर पत्र भी लिखा गया है। देरी से लागत बढने के सवाल पर कहा, ये ऐसा प्रोजेक्ट नहीं है कि समय पर काम पूरा नहीं होने से लागत बढे। ठेकेदारों को काम देते समय ही अनबंध करते हैं। वहीं सिवनी जिले में जल जीवन मिशन का काम अटका हुआ है। छपारा ब्लॉक के लकवाहा गांव में जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी का निर्माण अधूरा है। ग्रामीणों ने बताया, बजट की कमी के कारण टंकी का काम अटका है। गांव में करीब 100 परिवार हैं, जिन्हें टंकी बनने के बाद ही नल से जल मिलेगा। ऐसे ही घंसौर ब्लॉक की पंचायत बिनैकीकला के स्टेशन टोला गांव के ग्रामीणों ने बताया कि नल-जल योजना को क्रियान्वित करने की पहल हुई थी। घरों में नल कनेक्शन नहीं हैं। गांव में सिर्फ दो हैंडपंप हैं। कलेक्टर संस्कृति जैन ने बताया, जल जीवन मिशन की समीक्षा लगातार की जा रही है। जहां शिकायतें मिल रही हैं, वहां जांच भी करवा रहे हैं।

## प्रशासनिक व्यवस्था में पहली बार महिलाओं का दबदबा

### मप्र में दिख रहा आधी आबादी का दम

भोपाल। मप्र बनने के 68 साल बाद प्रदेश में पहली बार आधी आबादी का दम देखने को मिल रहा है। जहां प्रदेश सरकार में पांच महिला मंत्रियों का दम दिख रहा है, वहीं संभवतः प्रदेश में पहली बार 10 जिलों की कमान महिला आईएएस अधिकारियों के हाथ में है। जानकारों का कहना है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव महिला शासक रानी अहिल्याबाई होल्कर और रानी दुर्गावती के पदचिह्नों पर चल पड़े हैं। यही वजह है कि प्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था में आधी आबादी का दम दिख रहा है।

गौरतलब है कि डॉ. मोहन यादव जब मुख्यमंत्री बने तो वीरा राणा प्रदेश की प्रभारी प्रशासनिक मुखिया थीं। उन्हें निर्वाचन आयोग ने नियुक्त किया था। लेकिन मुख्यमंत्री बनते ही यादव ने पहले उन्हें मुख्य सचिव का ओहदा दिया फिर उन्हें छह माह का एक्सटेंशन भी दिया। आज भले ही वीरा राणा रिटायर हो गई हैं, लेकिन प्रदेश के इतिहास में पहली बार 10 जिलों की कलेक्टर महिला आईएएस अधिकारी है। पहले महिला अधिकारियों को उन जिलों की कमान दी जाती रही है, जो आबादी के मान से दूसरे या तीसरे दर्जे के शहर हैं। महिला अधिकारियों की पोस्टिंग को लेकर चली आ रही यह परंपरा शिवराज सरकार के कार्यकाल में भी जारी रही। शिवराज सरकार ने समय-समय पर महिला सशक्तिकरण के लिए कई फैसले लिए हैं, लेकिन महिला अधिकारियों को बड़े शहरों में पदस्थ नहीं किया। लेकिन मोहन यादव के शासनकाल में प्रशासन में आधी आबादी का दम दिख रहा है।

#### पहली बार 10 जिलों में महिला प्रशासक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के शासनकाल में प्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था में महिला अधिकारियों की प्रबल भागीदारी बढ़ रही है। पिछले 10 महीने के भीतर सरकार ने 55 जिलों में 10 जिलों में प्रशासन की कमान महिला अधिकारियों को सौंपी है। इतना ही नहीं इस बीच प्रदेश की प्रशासनिक मुखिया भी महिला ही रहीं। मुख्यमंत्री ने वीरा राणा को 6 महीने का अतिरिक्त कार्यकाल भी दिलाया। जबकि एक साल पहले प्रदेश में सिर्फ 3-4 जिलों में ही महिला कलेक्टर थीं। मुख्यमंत्री की कमान संभालने के बाद ही डॉ. मोहन यादव ने राजा विक्रमादित्य की न्याय प्रणाली और इतिहास में कुशल प्रशासन के लिए जानीं गई शासक रानी अहिल्याबाई और रानी दुर्गावती के शासनकाल की प्रशासनिक व्यवस्था को राज्य के सरकारी तंत्र में लागू करने पर जोर दिया है। यही वजह है कि प्रदेश में महिला कलेक्टरों की संख्या 3 से बढक़र 10 पहुंच गई है। निकट भविष्य में भोपाल, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन जैसे बड़े जिलों की कमान महिला अधिकारियों को मिल सकती है।

#### बड़े जिलों की भी मिली कमान

प्रदेश में इससे पहले कभी भी 10 जिलों में महिला अधिकारियों को कलेक्टर नहीं बनाया गया है। सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार अधिकतम 7 जिलों में एक साथ महिला कलेक्टर रहीं हैं। मौजूदा स्थिति में प्रदेश में 55 जिले हैं। इनमें से 10 जिलों में प्रशासनिक मुखिया महिलाएं हैं। पूर्व में संभागायुक्त के लिए महिला अधिकारियों के नाम थे, लेकिन महिलाएं भोपाल, इंदौर के अलावा अन्य संभागों में आयुक्त बनने की इच्छुक नहीं है। वर्तमान में सरकार ने कई बड़े जिलों की कमान महिला आईएएस अफसरों को दी है। कलेक्टरों के अलावा कई अन्य महिला आईएएस प्रमुख जिम्मेदारियां निभा रही हैं। वर्तमान समय में महिलाएं, पुरुषों के कंधे से कंधे मिलाकर चल रही हैं। कई क्षेत्रों में वे, पुरुषों से भी आगे निकल चुकी हैं। प्रशासनिक क्षेत्रों में भी महिलाओं का खासा दखल बढ़ा है। सचिवालय, संचालनालय हो या कलेक्टर कार्यालय। हर जगह भारतीय प्रशासनिक सेवा की महिला अधिकारियों का दबदबा है। वर्तमान में महिलाओं, बच्चों, स्वास्थ्य और टैक्स जैसे महत्वपूर्ण विभागों की कमान भी महिला आईएएस अधिकारी ही संभाले हुए हैं। वर्तमान सरकार में ये महिला अधिकारी मेहनत और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहीं हैं। कुछ विभागों की कमान तो पूर्ण रूप से महिलाओं के कंधों पर है। यह सभी महिला अधिकारी मप्र की प्रशासनिक व्यवस्था का आधार स्तंभ हैं।

#### ये हैं महिला कलेक्टर

| जिला | कलेक्टर का नाम |
|---|---|
| झाबुआ | नेहा मीना |
| बुरहानपुर | भव्या मित्तल |
| शाजापुर | ऋजु बाफना |
| मंदसौर | अदिति गर्ग |
| ग्वालियर | रूचिका चौहान |
| रीवा | प्रतिभा पाल |
| मैहर | रानी बाटड |
| नर्मदापुरम | सोनिया मीना |
| नरसिहंपुर | शीतला पटले |
| सिवनी | संस्कृति जैन |

#### मंत्रिमंडल में भी महिलाओं का दबदबा

मोहन सरकार में मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्रियों समेत 32 मंत्री हैं। इनमें से 5 महिला मंत्री हैं। जिनमें संपत्तिया उइके लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, निर्मला भूरिया महिला एवं बाल विकास विभाग, कृष्णा गौर पिछड़ा वर्ग कल्याण, प्रतिमा बागरी (राज्यमंत्री) नगरीय विकास एवं आवास, राधा सिंह (राज्यमंत्री) पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की मंत्री हैं।

## सख्त प्रशासन और सुशासन के लिए सीएस का फॉर्मूला

### केंद्र सरकार के सी-3 फार्मूले पर काम करेंगे अफसर

भोपाल। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने प्रदेश में सुशासन के लिए जो पहल की है, उसको अमलीजामा पहनाने के लिउ मुख्य सचिव अनुराग जैन ने प्रशासन को सख्त बनाने की दिशा में काम शुरू कर दिया है। इसके लिए उन्होंने केंद्र सरकार के सी-3 फार्मूले (कम्यूनिकेशन, कोआर्डिनेशन और कोआपरेशन)को प्रदेश में लागू करने का निर्णय लिया है। जैन की मंशा है कि प्रदेश के अधिकारी केंद्र सरकार के सी-3 फार्मूले पर काम करें, ताकि विकास को गति मिल सके और प्रदेश की जनता को सुशासन का अहसास हो।

गौरतलब है कि वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 9 महीने के शासनकाल में उनके सख्त एक्शन और सुशासन के इस दौर में नौकरशाह पूरी तरह नियंत्रण में हैं। इतने कम समय में उन्होंने राज्य में विकास, सुशासन, और पारदर्शिता की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए, जिसने जनता का विश्वास और समर्थन जीता है। अब मुख्य सचिव की कोशिश है कि इसे और दुरूस्त किया जाए। इसके लिए प्रदेश में नई कार्य संस्कृति तैयार की जाएगी। अनुराग जैन ने अफसरों के साथ हुई बैठकों में संकेत दे दिया है कि दफ्तर में बैठकर केवल पत्राचार न करें, जहां जरूरत हो आफिस से बाहर निकले और विकास की योजनाओं को गति देने के लिए बातचीत करें, समन्वय के साथ काम करें और आपसी सहयोग से कार्य के शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जाए। मुख्य सचिव जो सी-3 फार्मूला लागू करना चाहते हैं उसके अनुसार विचारों और सूचनाओं का-आदान-प्रदान और सहयोग कर एक दूसरे के साथ हस्तक्षेप न करने के समझौते के साथ स्वतंत्र लक्ष्य को साधना होगा। एक सामान्य लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समन्वयक द्वारा निर्देशित उपयोगकर्ताओं की क्रियाएं कनी होगी।

#### नई कार्य संस्कृति होगी तैयार

जानकारी के अनुसार प्रदेश के नए मुख्य सचिव अनुराग जैन सबसे पहले प्रशासनिक कार्यसंस्कृति में सुधार लाना चाहते हैं। वह लंबे समय से केंद्र सरकार में प्रतिनियुक्ति पर रहे हैं, इसलिए वहां का कार्य व्यवहार मध्य प्रदेश में लागू करना चाहते हैं। केंद्र सरकार के सी-3 फार्मूला यानी कम्यूनिकेशन, कोआर्डिनेशन और कोआपरेशन (संचार, समन्वय, सहयोग) के साथ काम करने पर मुख्य सचिव अनुराग जैन ने जोर दिया है। जैन ने सरकार के कामकाज में तेजी लाने के लिए नई कार्य संस्कृति विकसित करने का निर्देश दिया है। सीएस ने कहा कि मंत्रालय से लेकर जिलों में पदस्थ अधिकारी सी-3 फार्मूले पर काम करें। केंद्र सरकार में यही लागू है। इसका मतलब कम्युनिकेशन, कोआर्डिनेशन और कोआपरेशन यानी संवाद-समन्वय बनाएं और सहयोग से काम करें। सरकारी मेल से ही पत्राचार करें। बैठक में अधिकारी मोबाइल का उपयोग बिल्कुल भी न करें। सभी कार्यालयों में अधिकारी और कर्मचारी समय पर पहुंचें। जनसुनवाई का रवैया भी बदला जाए, जिन विभागों की शिकायतें प्राप्त होती हैं, उनकी साप्ताहिक समीक्षा की जाए। सीएम हेल्पलाइन में आने वाली शिकायतों के निराकरण पर भी नजर रखी जाए। यदि किसी ने भ्रामक जानकारी देकर शिकायत बंद कर दी तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। मुख्य सचिव जैन ने स्पष्ट कर दिया है कि दफ्तर में बैठकर केवल पत्राचार न करें, जहां जरूरत हो आफिस से बाहर निकले और विकास की योजनाओं को गति देने के लिए बातचीत करें, समन्वय के साथ काम करें और आपसी सहयोग से कार्य के शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जाए। दरअसल, केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार इसी ध्येय को लेकर काम कर रही है। बता दें कि पिछले चार साल से अधिक समय तक अनुराग जैन केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर अपनी सेवाएं दें चुके हैं, ऐसे में केंद्र सरकार में उनकी कार्यशैली का लाभ मध्य प्रदेश को मिलेगा।

#### अब सीधे पत्राचार नहीं करेंगे अफसर

प्रदेश के नए मुख्य सचिव अफसरों के अंदर जो कार्यप्रणाली विकसित करना चाहते हैं उसके अनुसार अब अफसर सीधे पत्रचार नहीं कर सकते हैं। मप्र के मैदानी अधिकारी अब केन बेतवा और पार्वती कालीसिंध चंबल जैसी अंतरराज्यीय परियोजनाओं में सीधे पत्राचार नहीं कर सकेंगे। मप्र जल संसाधन विभाग ने अंतरराज्यीय परियोजनाओं में मैदानी मुख्य अभियंताओं को केंद्र एवं अन्य राज्य सरकारों और केंद्रीय जल आयोग से सीधे पत्राचार करने पर रोक लगाई है। यह पत्राचार राज्य शासन के अनुमोदन के बाद सिर्फ प्रमुख अभियंता जल संसाधन ही करेंगे। इस संबंध में जल संसाधन विभाग के सभी कमांड एरिया के मुख्य अभियंताओं को हिदायत जारी की गई है। दरअसल, मैदानी अधिकारी केंद्र एवं अन्य राज्य सरकारों और केंद्रीय जल आयोग से सीधे पत्राचार करते हैं, लेकिन इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को नहीं दी जाती है।

## 31 करोड़ के प्रोजेक्ट में डिजाइन गड़बड़ी, कंपनी को ब्लैकलिस्ट कर जुर्माना लगाया

भोपाल । मध्य प्रदेश पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन ने 31 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट में सामने आई गड़बड़ियों को सुधारते हुए पुलिस जवानों के लिए आवास तैयार कर दिए हैं। बालाघाट में 36वीं बटालियन के जवानों के लिए बनाए जा रहे फ्लैट्स में आर्किटेक्ट की गलतियों के कारण बैकवॉटर की समस्या उत्पन्न हो गई थी, लेकिन अब इसे सही कर दिया गया है। मध्य प्रदेश पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है और जवानों को फ्लैट्स का पजेशन भी मिल गया है।

दरशल, यह प्रोजेक्ट 2018 में शुरू किया गया था, लेकिन आर्किटेक्ट की नासमझी के कारण भवन की ऊंचाई कम रखी गई और पार्किंग की व्यवस्था नहीं की गई थी। जब यह समस्या सामने आई, तो पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन ने प्रोजेक्ट में सुधार किया। अब ग्राउंड फ्लोर के फ्लैट्स को तोड़कर पार्किंग बना दी गई है और पानी निकासी के लिए अंडरग्राउंड डक और ड्रेनेज सिस्टम भी तैयार किया गया है। कॉलोनी के आसपास की जलभराव की समस्या को हल करने के लिए बड़ी रिटेनिंग वॉल बनाई गई है ताकि डैम के पानी से जलभराव की समस्या पैदा न हो। मध्य प्रदेश पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन की ओर से इस पूरे प्रोजेक्ट की रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय और गृह विभाग को भेजी जा चुकी है।

## विधानसभा उपचुनाव को लेकर तैयारियां तेज

### एआईसीसी ने बनाई 2 समिति, बूथ कमेटी की करेगी समीक्षा

भोपाल। मध्य प्रदेश विधानसभा उपचुनाव की दो सीटों को लेकर कांग्रेस ने तैयारियां तेज कर दी है। कांग्रेस ने दो सीटों के उपचुनाव को लेकर समिति बनाई है। एआईसीसी ने विजयपुर और बुधनी को लेकर दो कमेटी का ऐलान किया है। यह समिति बूथ कमेटी की समीक्षा करेगी। सही वर्किंग नहीं होने पर कार्रवाई होगी।

मप्र के श्योपुर जिले की विजयपुर विधानसभा और सीहोर जिले की बुधनी पर उपचुनाव होने हैं। इसे लेकर कांग्रेस पार्टी ने तैयारियां तेज कर दी है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने इन दोनों सीटों पर समितियों का ऐलान किया है।

#### इन्हें मिली जिम्मेदारी

राज्यसभा सांसद अशोक सिंह को विजयपुर सीट का संयोजक बनाया गया है। वहीं जयवर्धन सिंह, लाखन सिंह यादव, नीटू सिकरवार कमेटी के सदस्य बनाए गए हैं। बुधनी विधानसभा सीट में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव को संयोजक बनाया गया है। वहीं पूर्व विधायक सज्जन सिंह वर्मा और शैलेंद्र पटेल कमेटी के सदस्य बनाए गए हैं।

#### सही वर्किंग नहीं करने पर होगी कार्रवाई

यह कमेटी कांग्रेस के बड़े नेताओं के बीच तालमेल बनाने का काम करेगी। ये समिति बूथ कमेटी की समीक्षा करेगी। कमेटी मंडल और बूथ से निरंतर संपर्क में रहेगी और जमीनी रिपोर्ट लेगी। सही वर्किंग नहीं होने पर पार्टी कार्रवाई करेगी। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, दोनों समितियों के संयोजक और सदस्यों के साथ समन्वय स्थापित करेंगे।

#### बुधनी और श्योपुर विधानसभा सीटों पर होने हैं उपचुनाव

गौरतलब है कि सीहोर की बुधनी सीट से पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान लोकसभा सदस्य बनने के बाद विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। मोदी सरकार ने उन्हें केंद्रीय कृषि मंत्री का दायित्व सौंपा है। जबकि विजयपुर सीट से कांग्रेस के विधायक रामनिवास रावत ने बीजेपी का दामन थाम लिया और मंत्री बनाए जाने पर विधानसभा की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया। जिसके बाद इन दोनों ही सीटों पर उपचुनाव होने हैं।

## शिक्षकों का सम्मान कर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं

भोपाल। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल रवींद्र भवन में शिक्षा भूषण अखिल भारतीय शिक्षक सम्मान समारोह में 3 महानुभावों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रोफेसर कुसुमलता केडिया, डॉ रामचंद्रन आर और प्रोफेसर के के अग्रवाल को शिक्षा भूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। तीनों शिक्षकों को शॉल, श्रीफल, एक लाख रुपए का चेक, सिल्वर प्लेट और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

सम्मान समारोह में राज्यसभा सांसद उमेश नाथ महाराज ने कहा कि- हमारे देश में करोड़ों ॠषि मुनियों ने जन्म लिया और रिसर्च कर 4 वेद और 18 पुराण लिखे। उनकी ही रिसर्च को आज पीएचडी की उपाधि दी गई है। बड़ा दुर्भाग्य है कि लोग गुरुकुल की परंपरा को छोडक़र आज बच्चों को कान्वेंट स्कूल में पढ़ा रहे है। कान्वेंट की व्यवस्था में नकारात्मक स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया है। आज हम सब लोग यह संकल्प लें कि और गुरुकुल की परंपरा को बनाए रखे। ॠषि मुनियों की संपदा की सोच बनी रहे। हम आध्यात्मिकता में जीने की कोशिश करें।



शिक्षा से पहले दीक्षा जरूरी है, जब तक दीक्षा नहीं होगी तब तक कैसे शिक्षा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल के सदस्य व पूर्व सह सरकार्यवाह सुरेश सोनी ने कहा- शिक्षा का विकास हो रहा तो भ्रष्टाचार भी हो रहा, महिलाओं के साथ छेड़छाड़ भी बढ़ रही है। अमेरिका में स्कूल में बच्चे ही बच्चे को गोलों मार रहे है।

# विमेंस टी-20 वर्ल्डकप, भारत ने पाकिस्तान को हराया

## कप्तान हरमनप्रीत कौर 29 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हुईं, अरुंधति रेड्डी ने 3 विकेट लिए

नई दिल्ली। भारत ने विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया है। रविवार को दुबई के इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 105 रन बनाए। जवाब में भारत ने 18.5 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। भारत की विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान पर 8 मैचों में छठी जीत है।

भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत कौर 29 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हुईं। शेफाली वर्मा ने सबसे ज्यादा 32 रन बनाए। अरुंधति रेड्?डी ने 3 विकेट झटके। अरुंधति को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

इससे पहले, पाकिस्तान से निदा डार ने सबसे ज्यादा 28 रन बनाए। मुनिबा अली ने 17, अरूब शाह ने 14 और फातिम सना ने 13 रन की पारी खेली। बाकी बैटर्स कुछ खास नहीं कर सकीं। भारत से अरुंधति रेड्डी ने 3 और श्रेयांका पाटिल ने 2 विकेट लिए। 1-1 सफलता दीप्ति शर्मा, आशा शोभना और रेणुका सिंह को मिली।

जीत के बाद भारत चौथे नंबर पर पहुंचा पाकिस्तान के खिलाफ जीत के बाद भारतीय टीम पॉइंट्स टेबल में चौथे नंबर पर पहुंच गई है। टीम के दो मैचों में 1 जीत और 1 हार के बाद 2 अंक हैं। भारत के अभी दो मैच बाकी हैं।




### ग्रुप ए पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | पॉइंट्स | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| न्यूजीलैंड | 1 | 1 | 0 | 2 | 2.9 |
| ऑस्ट्रेलिया | 1 | 1 | 0 | 2 | 1.908 |
| पाकिस्तान | 2 | 1 | 2 | 2 | 0.555 |
| भारत | 2 | 1 | 1 | 0 | -1.217 |
| श्रीलंका | 2 | 0 | 2 | 0 | -1.667 |

# अमान की कप्तानी में भारतीय अंडर-19 टीम का शानदार प्रदर्शन

### कठिन हालातों से यहां तक पहुंचे

मुम्बई। कप्तान मोहम्मद अमान की कप्तानी में भारतीय अंडर 19 ने ऑट्रेलिया को हराकर सीरीज जीती है। अमान की कप्तानी में टीम इंडिया ने सभी तीन मुकाबले जीते थे। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कप्तानी करने से पहले एशिया कप में भारतीय अंडर-19 टीम में शामिल हैं। अमान की कप्तानी में टीम इंडिया ने सभी तीन मुकाबले जीते थे। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कप्तानी करने से पहले एशिया कप के लिए अंडर-19 टीम का हिस्सा भी रहे है। अमान का क्रिकेटर बनने का सफर बेहद कठिन रह।

अमान के माता पिता का निधान हो गया है। इसके बा भी वह क्रिकेटर बनने का जुनुन जारी रखे हैं। वह 14 साल के थे तो उनकी मां सायबा का निधन 2020 में कोविड-19 महामारी के दौरान हुआ था।. इसके ठीक दो साल बाद 2022 में उनके पिता मेहताब का भी निधन हो गया। अमान का क्रिकेट करियर घरेलू टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन के साथ शुरु हुआ। उन्होंने वीनू मांकड़ ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश अंडर-19 टीम के लिए अच्छ प्रदर्शन किया था। उन्होंने आठ पारियों में 363 रन बनाए थे। इसमें चार अर्धशतक भी शामिल थे। उनके लगातार प्रदर्शन ने उन्हें टूर्नामेंट के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक बना दिया।

# पूर्व क्रिकेटर सलिल अंकोला की मां घर में मृत पायीं गयीं

पुणे । पूर्व क्रिकेटर सलिल अंकोला की मां माया अंकोल का निधन हो गया है। 77 साल की माया अंकोला घर में मृत पायी गयी। ये मामला संदिग्ध नजर आ रहा है। अब तक जानकारी के अनुसार किसी अज्ञात व्यक्ति के हमले में इस क्रिकेटर की मां की मौत हुई है पॉश डेक्कन इलाके में प्रभात रोड पर अंकोला का घर है। इस मामले की जांच के लिए विशेषज्ञों के साथ पुलिस की टीमें भी पहुंची। घर की नौकरानी ने सबसे पहले माया अंकोला को मृत देखा और उसी के बाद पुलिस वहां पहुंची। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि क्रिकेटर की मां को तत्काल ही अस्पताल ले जाया गया था। मौत के सही कारणों का पता लगाने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उसकी रिपोर्ट के बाद ही इस मामले में पक्के तौर पर कुछ कहा जा सकेग। अब तक की जांच में उनके घर में जबरन किसी के प्रवेश की आशंका नजर नहीं है। इसके अलावा आप-पास रहने वाले लोगों ने घर से कोई आवाज सुनी है। पुलिस अभी सीसीटीवी के आधार पर आरोपी की पहचान करने का प्रयास कर रही है। सबूत एकत्र करने के लिए फोरेंसिक विशेषज्ञों की एक टीम अंकोला स्थित घर पहुंच गई है और अपराध की जांच के लिए कई टीमों का गठन किया गया है। इस क्रिकेटर के साथ दूसरी बार ये ये हादसा हुआ है। इससे पहले 2013 में उनकी पत्नी ने भी आत्म हत्या कर ली थी



महाराष्ट्र की ओर से खेलने वाले अंकोला ने अपने क्रिकेट करियर की शुरुआत काफी पहले की थी। साल 1989 को उन्हें भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू का मौका मिला। बाद में सलिल ने वनडे में भी डेब्यू किया। वह 1996 के विश्व कप में भारतीय टीम में हिस्सा थे हालांकि उन्हें खेलने का अवसर नहीं मिला था।

# रोहित बोले, विश्वकप जीतने में सबसे अहम भूमिका ऋषभ ने निभाई थी

मुम्बइ। भारतीय क्रिकेट टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि टी20 विश्वकप जीतने में सबसे बड़ी भूमिका विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने निभाई थी। रोहित ने खिताब जीतने के तीन माह बाद एक शो में ये बात कही। रोहित के अनुसार ऋषभ ने किस तरह फाइनल ओवर में दिमाग लगाकर गेम को रोक दिया जिससे विरोधी टीम के बल्लेबाज का ध्यान भंग हो गया था। रोहित ने कहा कि सभी खिलाड़ियों को अपने अनुसार खेलने को कहा था। साथ ही कहा था कि विरोधी खिलाड़ियों को भी उन्हीं के अंदाज में जवाब दें।



रोहित ने कहा, किसी को शायद ये चीज नहीं पता कि फाइनल मैच में दक्षिण अफ्रीका को जब 30 गेंद में 30 रन चाहिए था, उसके पहले एक छोटा सा ब्रेक हो गया था। तब ऋषभ ने अपने दिमाग से कुछ देर के लिए गेम को रुकवा दिया। रोहित ने साथ ही कहा, जब गेम आसानी से आगे बढ़ता है तो बल्लेबाज सोचता है कि गेंदबाज तेजी से गेंद डाले पर ऋषभ ने खेल को रुकवा कर उसकी तय तोड़ दी। तब मैं फील्ड सेट कर रहा था तभी मैंने देखा कि ऋषभ पंत नीचे गिरा हुआ है और फिजियो उसके पास आया हुआ है।. वहीं क्रीज पर हेनरिच क्लासेन इंतजार कर रहा है और सोच रहा है कि ये मैच कब शुरू होगा. रोहित शर्मा ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि एक यही कारण हो सकता है पर इससे इंकार भी नहीं किया सकता।

# सहवाग के जोखिम भरे शॉट को लेकर भड़क गए थे जॉन राइट

नई दिल्ली। आक्रामक बल्लेबाजी शैली और जोखिम लेने की प्रवृत्ति पूर्व भारतीय ओपनर वीरेंद्र सहवाग हमेशा चर्चा का विषय बनाती रही है। एक बार तो सहवाग के कोच जॉन राइट इतना नाराज हो गए कि उन्होंने सहवाग को मुक्का मार दिया। यह घटना उस समय की है जब सचिन तेंदुलकर भी ड्रेसिंग रूम में मौजूद थे, लेकिन उन्होंने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। सौरव गांगुली ने इस बारे में एक किस्सा साझा किया है, जिसमें बताया गया कि कैसे सहवाग ने एक मैच में अपने जोखिम भरे शॉट के कारण कोच को भड़काया। गांगुली ने कहा, मुझे याद है कि यह श्रीलंका के खिलाफ एजबेस्टर में हुआ था। उस समय हमारा लक्ष्य 210 रन का था। सहवाग ने अपनी धुआंधार बल्लेबाजी से हमें जीत दिलाई। मैच के बाद, जब मैं ड्रेसिंग रूम में गया, तो माहौल काफी गंभीर था। गांगुली ने अनिल कुंबले से पूछा कि ऐसा क्यों हुआ, तो कुंबले ने बताया कि जॉन राइट ने सहवाग को कोने में घसीटकर मुक्का मारा। राइट ने सहवाग से कहा, अब तुम भारत के लिए दोबारा नहीं खेलोगे, क्योंकि उस शॉट के कारण हम हार सकते थे। गांगुली ने जॉन से पूछा कि क्या सहवाग ने पलटकर कोई प्रतिक्रिया दी, तो राइट ने कहा कि सहवाग ने ऐसा नहीं किया।



जब गांगुली ने सहवाग से बात की, तो उन्होंने इसे हल्के में लिया और कहा, जाने दो, ऐसा होता रहता है। मैंने एक खराब शॉट खेला। इसके बाद, गांगुली ने सचिन से इस बारे में पूछा, तो सचिन ने कहा कि वह उस समय चाय का आनंद ले रहे थे और स्थिति को देखकर कुछ नहीं बोले। यह घटना सहवाग के खेल के प्रति उनकी साहसिकता और टीम के माहौल को दर्शाती है। बता दें कि सहवाग के आक्रामक खेल के कारण उन्हें इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे विस्फोटक बल्लेबाजों में से एक माना जाता है। वह पहले गेंद से ही गेंदबाजों पर दबाव बनाने में माहिर थे।

# श्रीलंकाइ महिला टीम दूसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया से हारी

शारजाह । श्रीलंकाई महिला क्रिकेट टीम को टी20 विश्व कप के अपने दूसरे मैच में भी हार का सामन करना पड़ा है। श्रीलंकाई टीम को गत विजेता ऑस्ट्रेलिया टीम ने हराया। है। इस मुकाबले में श्रीलंकाई टीम ने पहले खेलते हुए 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 93 रन बनाए थे। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया टीम ने बेथ मूनी के 43 रनों की बेहतरीन पारी से 6 विकेट से 14.2 ओवर में ही मुकाबला जीत लिया। हर्षिता ने 35 गेंदों पर 23 जबकि निष्काशी ने 40 गेंदों पर 29 रन बनाए। वहीं ऑस्ट्रेलिया की ओर से मेघन ने 4 ओवर में 12 रन देकर 3 विकेट लिए।



ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली ने जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि हां, हमने अच्छी शुरुआत की है और मैं इससे खुश हूं। हमने हालातों के साथ बेहतर तालमेल दिखाय। अब हमारा लक्ष्य अगले मैच में जीत दर्ज करना है। साथ ही कहा कि हम पूरे टूर्नामेंट में कुछ अलग चीजें आजमाएंगे। हमारी बल्लेबाजी लाइनअप अच्छा कर रही है पर गेंदबाज लय में नहीं दिखे।

वहीं श्रीलंकाई कप्तान चमारी अथापत्थु ने हार पर निराश होते हुए कहा कि हम पिछले 2 महीनों में अच्छा क्रिकेट खेल रहे थे, यहां तक ??कि वॉर्मअप में भी हमारा प्रदर्शन अच्छा था पर हम कम टर्न और उछाल वाली इन पिचों पर हमारी खिलाड़ी लंबी पारी नहीं खेल पायीं। मुझे उम्मीद है कि हम अपने अगले गेम में सुधार करेंगे।

# आईएमएल लीग में खेलते नजर आयेंगे सचिन सहित दिग्गज क्रिकेट

मुम्बई । भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर को इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) के लिए कमिश्नर बनाया गया है। फ्रैंचाइजी आधारित ये टी20 लीग इसी साल शुरु होगी। इसमें छह टीमें शामिल होंगी। ये टूर्नामेंट हर साल खेला जाएगा। इसमें भारत, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, वेस्ट इंडीज, इंग्लैंड और श्रीलंका के दिग्गज खिलाड़ी खेलते हुए दिखेंगे।



इसमें लोगों को एक बार फिर सचिन तेंदुलकर की बल्लेबाजी देखने का अवसर फिर मिलेगा। इस लीग को लेकर गावस्कर बेहद उत्साहित हैं। उनका कहना है कि इससे पूर्व खिलाड़ियों में फिर से ऊर्जा आयेगी। उन्हें एक बार फिर से अपने देश के लिए खेलने का अवसर मिलेगा। ये टूर्नामेंट में अंतरराष्ट्रीय स्तर का ही होगा।

गावस्कर ने सचिन के खेलने को लेकर कहा कि वह हमेशा ही ताजगी से भरे रहते हैं। वह सिर्फ भारतीय नहीं, बल्कि हर क्रिकेट प्रेमी के दिल में बसते हैं। इसलिए उनके फिर से मैदान में उतरने को लेकर बहुत उत्साह और बेसब्री है। वह हर खेल को पूरी लगन से खेलते हैं, तो हम उम्मीद कर सकते हैं कि आगे कुछ रोमांचक पल देखने को मिलेंगे।

गावस्कर ने कहा कि पहले सत्र के लिए केवल तीन स्थल रखे गये हैं पर जैसे-जैसे सीजन आगे बढ़ेंगे, और भी स्थानों पर आईएमएल का आयोजन हो सकेगा। गावस्कर ने कहा कि कमिश्नर के तौर मुझे ये देखना होगा कि लीग बिना किसी परेशानी के सुचारू रूप से चले। खिलाड़ियों को पता है कि उनसे क्या उम्मीद की जाती है और वे पर्याप्त अनुभवी हैं,।

# रैना की सिक्सी स्ट्राइक्स टूर्नामेंट में आक्रामक बल्लेबाजी

न्यूयार्क। भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना आजकल अमेरिका में जारी सिक्सी स्ट्राइक्स टूर्नामेंट में अपने आक्रामक बल्लेबाजी से छाये हुए हैं। रैना ने यहां आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए अपनी टीम को जीत भी दिलायी है। इस टूर्नामेंट में वह न्यूयॉर्क लायंस की ओर से खेल रहे हैं। न्यूयॉर्क लायंस और लॉस एंजिलिस वेव्स के बीच खेले गये मुकाबले में रैना ने बांग्लादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन की गेंदों की भी जमकर पिटाई की रैना ने शाकिब के ओवर में दो छक्के लगा दिया। इसके अलावा चौका भी लगाया । शाकिब के ओवर से कुल 18 रन आए थे।



रैना की इस तेज पारी की वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। पूर्व भारतीय ऑलराउंडर ने 28 गेंद पर 53 रन बनाए। उनके बल्ले से इस पारी में 6 चौके और 3 छक्के देखने को मिले। रैना के कारण न्यूयॉर्क लायंस 19 रन से जीत दर्ज करने में सफल रही। निर्धारित 10 ओवर में न्यूयॉर्क ने 4 विकेट पर 126 रन ठोक बनाये। रैना ने उपुल थरंगा के साथ मिलकर 89 रन की साझेदारी की। इसके बाद अन्य बल्लेबाजों ने टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।

# दिल्ली फ्रेंचाइजी के हॉकी निदेशक बने श्रीजेश

नई दिल्ली। भातीय हॉकी टीम के स्टार गोलकीपर रहे पीआर श्रीजेश को आगामी हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के लिए दिल्ली फ्रेंचाइजी का हॉकी निदेशक बनाया गया है। इस लीग के लिए एसजी स्पोर्ट्स, मीडिया एंड एंटरटेनमेंट (एसजीएसई) ने एचआईएल के लिए दिल्ली टीम का अधिग्रहण कर उसे दिल्ली एसजी पाइपर्स नाम दिया है। ये लीग 28 दिसंबर से शुरू होगी तथा दो स्थानों राउरकेला (पुरुष) और रांची (महिला) में आयोजित की जाएगी। इसमें पुरुषों की प्रतियोगिता में आठ टीमें होंगी जबकि पहली बार आयोजित होने वाली महिला स्पर्धा में छह टीमें भाग लेंगी। ये लीग 28 दिसंबर से एक फरवरी तक खेली जाएगी। खेल की विश्व नियामक संस्था एफआईएच ने एचआईएल को 10 साल की अनुमति दी है।

# पूर्व हॉकी कप्तान रानी रामपाल एयर इंडिया पर भड़कीं

नई दिल्ली । भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान प्लेयर रानी रामपाल ने एयर इंडिया की लापरवाही की आलोचना की है! रानी ने सोशल मीडिया पर कहा कि विदेश से लौटते समय उसका लगेज टूटा हुआ मिला। रानी ने अपने टूटे सूटकेस की तस्वीर भी जारी की है। रानी अमेरिका और कनाडा में छुट्टियों के बाद स्वदेश लौटीं थीं। एयरपोर्ट पर जब उन्होंने बैगेज बेल्ट से अपना लगेज उठाया तो सूटकेस टूटा हुआ दिखा। रानी ने तंज कसते हुए कहा, इस शानदार सरप्राइज के लिए एयर इंडिया का शुक्रिया। आपका स्टाफ हमारे बैग के साथ ऐसा ही व्यवहार करता है। आज दोपहर कनाडा से भारत लौटते समय दिल्ली में उतरने के बाद मैंने पाया कि मेरा बैग टूटा हुआ है।

वहीं रानी की इस पोस्ट के बाद एयर इंडिया ने भी खेद जताते हुए उनसे उनकी उड़ान का विवरण मांग जिससे पता किया जा सके कि ये कैसे हुआ। पूर्व कप्तान को उम्मीद है कि इस मामले में रानी की शिकायत के बाद कई अन्य लोग भी सामने आये और उन्होंने कहा कि एयरइंडिया सामान की सही से देखभाल नहीं करता।

# धोनी का आईपीएल खेलना संदिग्ध, इस माह के अंत में होगा फैसला

मुम्बई । पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के इस बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 खेलने की संभावनाएं काफी कम हैं। माना जा रहा है कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के कप्तान धोनी इसी माह सीएसके अधिकारियों से मिलेंगे और अपना फैसला देंगे। इसका कारण है कि धोनी पांच साल से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर होने के कारण अब अनकैप्ड खिलाड़ियों की सूची में आ गये हैं। सीएसके की एक रिपोर्ट में भी कहा गया है कि आगामी सत्र में एमएस धोनी का भाग लेना अभी तक तय नहीं है।



आईपीएल 2008 की मेगा नीलामी में सीएसके ने धोनी के साथ 6 करोड़ रुपये में करार किया था। वह उस समय से ही वह सीएसके टीम में बने हुए हैं। वह सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी हैं। इसके अलावा. उन्होंने 5000 से अधिक रन भी बनाए हैं। उनकी कप्तानी में सीएसके ने पांच बार खिताब जीता है। धोनी ने आईपीएल 2024 की शुरुआत से पहले ही कप्तानी छोड़ दी थी। उसके बाद रुतुराज गायकवाड़ को कप्तान बनाया गया था।

बीसीसीआई के एक नियम के अनुसार अनकैप्ड खिलाड़ी को 4 करोड़ से अधिक की राशि में रिटेन नहीं किया जा सकता। ऐसे में ये धोनी के लिए काफी नुकसानदेह होगा क्योंकि उनके संन्यास लिए 5 साल से अधिक हो गये हैं।

# खिताब जीतने रोहित को कप्तान बनाये आरसीबी- कैफ

### डिविलियर्स बोले ऐसी कोई संभावना नहीं

जोहांसबर्ग। पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2025 सत्र के लिए रोहित शर्मा को आरसीबी का कप्तान बनाया जाना चाहिये क्योंकि उसके वर्तमान कप्तान फाफ डु प्लेसिस 40 साल के होने जा रहे हैं। कैफ की इस बात को आरसीबी से खेले पूर्व क्रिकेटर ए बी डिविलियर्स ने मजाक माना है।

कैफ ने कहा था कि आरसीबी को रोहित की स्थिति का फायदा उठाना चाहिए और उन्हें टीम का नेतृत्व करने के लिए मनाना चाहिए। कैफ के अनुसार रोहित के आरसीबी टीम में शामिल होने से उनका लंबे समय से चला आ रहा आईपीएल ट्रॉफी का सूखा समाप्त हो सकता है। पिछले कुछ समये माना जा रहा है कि रोहित नीलामी से पहले मुम्बई इंडियंस छोड़ना चाहते हैं। इसी कारण पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंटस जैसी टीम उन्हें शामिल करना चाहती हैं। पूर्व क्रिकेटर के अनुसार आरसीबी को अवसर का लाभ उठाना चाहिये। रोहित अच्छी तरह से जानते हैं कि एकादश कैसे बनाई जाती है, इसलिए अगर उन्हें शामिल किया जाता है तो आरसीबी के पास खिताब जीतने का अवसर होगा। वहीं डिविलियर्स ने कहा कि रोहित के आरसीबी में जाने की कोई संभावना नहीं है।



# विकेटकीपर ऋचा ने शानदार कैच पकड़ा

दुबई । भारतीय महिला क्रिकेट टीम की विकेटकीपर ऋचा घोष ने यहां पाकिस्तान के खिलाफ हुए टी20 मुकाबले में एक शानदार कैच पकड़कर सभी का ध्यान खींचा। ऋचा ने पहली स्लिप पर पाक कप्तान फातिमा सना का ये कैच लिया। पाक कप्तान ने इस गेंद पर चौका लगाने का प्रयास किया पर ऋचा के सामने उनकी एक चली। ऋचा ने तेजी से जाकर गेंद लपक ली।

इससे पहले इस मुकाबले में पाक ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसल किया। भारतीय टीम के गेंदबाजों के आगे पाक टीम खुलकर नहीं खेल पायी। उसके बल्लेबाजों ने एक के बाद एक विकेट गंवाये। यही कारण है कि पाकिस्तानी टीम निर्धारित 20 ओवर में किसी प्रकार 8 विकेट पर 105 रन बना पायी। पाक की ओर से सबसे ज्यादा रन निदा दार ने 28 रन बनाए। इसके अलावा और कोई भी खिलाड़ी बल्लेबाजी में अपना टिक नहीं पायीं।

# शिवम दुबे ने पसंदीदा कप्तान को लेकर दिये अपने जवाब से सभी को प्रभावित किया

मुम्बई । ऑलराउंडर शिवम दुबे से एक शो दौरान कहा जब पूछा गया कि उनका पसंदीदा कप्तान कौन है तो शिवम ने एक ऐसा जवाब दिया जिसे सभी ने पसंद किया है। शिवम से महेन्द्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा के के बारे में पूछा गया था। तब उनके जवाब से दर्शकों के साथ ही मेजबान और अन्य क्रिकेटर भी प्रभावित नजर आये

शिवम ने इसके जवाब में कहा , जब मैं चेन्नई के लिए खेलता हूं, तो एमएस धोनी सर्वश्रेष्ठ होते हैं, वहीं जब मैं भारतीय टीम से खेलता हूं तो रोहित शर्मा सर्वश्रेष्ठ होते हैं। शिवम चोटिल होने के कारण बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज से बाहर हैं। उनकी पीठ में चोट लगी थी, जिसके कारण उन्हें पूरी सीरीज से बाहर होना पड़ा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने उनके स्थान पर तिलक वर्मा को शामिल किया है। दुबे अभ्यास सत्र के दौरान चोटिल हो गए थे। चोट के कारण वे ईरानी कप के लिए मुंबई की टीम से भी बाहर हो गए। हालांकि उनकी चोट की गंभीरता स्पष्ट नहीं है, लेकिन टीम प्रबंधन ने उनकी स्थिति को और खराब होने से बचाने के लिए सतर्क रुख अपनाया है।



## पीएम मोदी के दूत ने कर ही दिया खेल..

# अब मुंह ताकता रह जाएगा चीन, पड़ोस में नहीं गलेगी ड्रैगन की दाल

नई दिल्ली । चीन ने अपने पड़ोसी देशों को कर्ज के जाल में फंसाकर अपनी आर्थिक और राजनीतिक लाभ हासिल करने की कोशिश की है। पाकिस्तान, नेपाल और श्रीलंका जैसे देशों में इसकी रणनीति स्पष्ट है, जहां चीन ने अपने प्रभाव को बढ़ाने के लिए विभिन्न उपाय अपनाए हैं। हाल के दिनों में, भारत ने इस स्थिति का गंभीरता से आंकलन किया है और अपने दोस्तों को चीन के प्रभाव से बचाने के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं।

भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर का हालिया दौरा श्रीलंका के लिए महत्वपूर्ण समय पर हुआ है, जब देश आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। जयशंकर ने श्रीलंका को आश्वासन दिया है कि भारत उसकी आर्थिक स्थिति सुधारने में मदद करेगा। इसके बदले में, श्रीलंका ने यह वादा किया है कि वह अपनी धरती का इस्तेमाल भारत के खिलाफ किसी भी गतिविधि के लिए नहीं होने देगा। यह कदम दोनों देशों के



बीच आपसी विश्वास और सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

श्रीलंका की नई वामपंथी सरकार के प्रधानमंत्री अनुरा कुमारा दिसानायके ने भी भारत के साथ मजबूत संबंधों के महत्व को समझा है, विशेषकर जब चीन ने श्रीलंका को कर्ज में दबा रखा है। जयशंकर ने अपनी यात्रा के दौरान यह स्पष्ट किया कि भारत श्रीलंका के साथ द्विपक्षीय ऋण पुनर्गठन को लेकर सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करेगा, जिससे श्रीलंका की आर्थिक स्थिति को सुधारने में मदद मिलेगी।

इस यात्रा का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि भारत ने श्रीलंका में चीनी जासूसी जहाजों की बढ़ती उपस्थिति पर गंभीरता से आपत्ति जताई है। भारत के अनुसार, ये जहाज रिसर्च के नाम पर जासूसी करते हैं, जिससे चीन को युद्ध के समय महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। हाल ही में, श्रीलंका ने अपने जलक्षेत्र में चीनी अनुसंधान जहाजों को रोकने का कदम उठाया है, जो भारत की चिंताओं को संबोधित करता है। इन सभी घटनाक्रमों से यह स्पष्ट है कि भारत की रणनीति सफल होती दिखाई दे रही है। वह श्रीलंका के साथ अपने रिश्तों को मजबूती से स्थापित करने में सफल हो रहा है, ताकि चीन के प्रभाव को कम किया जा सके और क्षेत्र में स्थिरता बनी रहे। इस प्रकार, भारत ने अपने पड़ोसी देश श्रीलंका के साथ एक मजबूत और सहयोगी संबंध की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

# फारूक अब्दुल्ला ने गठबंधन की अटकलों को किया खारिज

नई दिल्ली। जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के परिणाम 8 अक्टूबर को आना है। इससे पहले तमाम अटकलें भी शुरु हो गईं हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर में अगली सरकार बनाने के लिए भाजपा के साथ चुनाव के बाद गठबंधन की किसी भी संभावना से इनकार किया। उन्होंने कहा, भाजपा ने मुसलमानों को मुश्किलें दीं। उनकी दुकानें, घर, मस्जिद और स्कूल बुलडोजर से गिरा दिए। क्या आपको लगता है कि हम उनके साथ जाएंगे? उन्होंने कहा, 卐मुझे लगता है कि हमारे लोग भाजपा को वोट नहीं देंगे। अगर भाजपा को लगता है कि वह सरकार बना लेगी तो वह कोयल की दुनिया में रहती है।अब्दुल्ला ने जोर देकर कहा कि भाजपा के साथ गठबंधन करने वाली कोई भी पार्टी जम्मू-कश्मीर में गायब हो जाएगी। जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम ने कहा, 卐हमें यहां जो वोट मिला है, वह भाजपा के खिलाफ वोट है।卐 आपको बता दें कि उनकी पार्टी ने कांग्रेस के साथ गठबंधन करके चुनाव लड़ा था।

वहीं फारूक के बेटे उमर अब्दुल्ला ने अपने पिता की भावनाओं को दोहराते हुए कहा कि उनकी पार्टी भाजपा के साथ गठबंधन करने के बजाय विपक्ष में बैठना पसंद करेगी। उन्होंने कहा, किसी भी तरह की व्यवस्था कश्मीर में किसी भी पार्टी को बर्बाद कर देगी।पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती की छोटी बेटी इल्तिजा मुफ्ती ने भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र सरकार पर जम्मू-कश्मीर में नियम बदलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इन कदमों से सीएम की भूमिका को मेयर तक लाने और सरकार को शक्तिहीन बनाने की कोशिश की जा रही है है। इल्तिजा ने एक्स पर लिखा, एलजी द्वारा पांच विधायकों को मनोनीत करने और मुख्य सचिव द्वारा कामकाज के नियमों में बदलाव करने से यह स्पष्ट है कि आने वाली सरकार एक दंतहीन बाघ होगी। भारत सरकार जम्मू-कश्मीर से अधिकार और स्वायत्तता के किसी भी पहलू को और कितना छीनेगी? रबर स्टैंप सीएम। बता दें कि कुछ एग्जिट पोल में जम्मू-कश्मीर में किसी भी दल को बहुमत मिलता नहीं दिख रहा है। इसके बाद गठबंधन को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं।2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और लद्दाख सहित क्षेत्र को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद से जम्मू-कश्मीर में यह पहला चुनाव था। जम्मू-कश्मीर में अब 95 विधानसभा सीटें है। 90 पर चुनाव होंगे और पांच उपराज्यपाल द्वारा मनोनीत किए जाएंगे।

# कोलकाता में फिर भड़के जूनियर डॉक्टर्स, डेडलाइन खत्म होते ही अनशन शुरू

कोलकाता। कोलकाता में एक बार फिर जूनियर डॉक्टर और राज्य की ममता सरकार आमने सामने होते दिखाई दे रहे हैं। डॉक्टर्स ने शनिवार शाम को आमरण अनशन शुरू कर दिया। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल सरकार ने उनकी मांगें पूरी नहीं कीं। चिकित्सक कोलकाता के मध्य में स्थित धर्मतला इलाके में डोरीना क्रॉसिंग पर शुक्रवार को धरना पर बैठे थे। उन्होंने राज्य सरकार को वादे के अनुसार अपनी मांगें पूरी करने के लिए 24 घंटे का समय दिया था। जूनियर डॉक्टर्स ने कहा कि अगर अनशन के दौरान किसी चिकित्सक की तबियत खराब होती है तो इसके लिए राज्य सरकार जिम्मेदार होगी। उन्होंने कहा, 'हमें लोगों का समर्थन प्राप्त है और यही कारण है कि हम प्रशासन की किसी भी तरह की बाधा से नहीं डरते। जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं हो जातीं हम भूख हड़ताल जारी रखेंगे।' कनिष्ठ चिकित्सकों के विरोध स्थल पर शाम को बड़ी संख्या में आम लोग और कुछ मशहूर हस्तियां मौजूद थीं।




जूनियर डॉक्टर्स ने पूर्ण कामबंदी वापस लेने के बाद अनशन शुरू किया है।

एक जूनियर डॉक्टर ने कहा, 'राज्य सरकार समय सीमा के भीतर हमारी मांगें पूरी करने में विफल रही, इसलिए हम अपनी मांगें पूरी होने तक आमरण अनशन शुरू कर रहे हैं। इसमें पारदर्शिता बनाए रखने के लिए हमने उस मंच पर सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं, जहां हमारे साथी अनशन करेंगे। हम अपने वादे के अनुसार ड्यूटी पर जाएंगे लेकिन हम कुछ भी नहीं खाएंगे।' उन्होंने बताया कि अभी 6 जूनियर डॉक्टर्स अनशन कर रहे हैं। इनमें कोलकाता मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की स्निग्धा हाजरा, तान्या पांजा और अनुष्टुप मुखोपाध्याय, एसएसकेएम क
अर्नब मुखोपाध्याय, एन.आर.एस. डकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के पुलस्थ आचार्य और के.पी.सी मेडिकल कॉलेज की सायंतनी घोष हाजरा शामिल हैं। प्रदर्शनकारी डॉक्टर्स 9 अगस्त को आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में ट्रेनी डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के लिए न्याय की मांग कर रहे हैं। उनकी अन्य मांगों में राज्य के स्वास्थ्य सचिव नारायण स्वरूप निगम को हटाना, सभी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में केंद्रीकृत रेफरल प्रणाली लागू करना शामिल है। डॉक्टरों ने सभी अस्पतालों में डिजिटल बेड रिक्ति मॉनिटर स्थापित करने, प्रत्येक अस्पताल में टास्क फोर्स बनाने और सीसीटीवी, ऑन-कॉल रूम और बाथरूम जैसी आवश्यक सुविधाओं की देखरेख के लिए जूनियर डॉक्टरों को चुनने की भी मांग की है। उन्होंने अस्पतालों में पुलिस सुरक्षा बढ़ाने, स्थायी महिला पुलिस कर्मियों की भर्ती करने, डॉक्टरों, नर्सों और स्वास्थ्य कर्मियों के रिक्त पदों को तत्काल भरने की मोंभी मांग की है।

# भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों व अभिभावकों को मुख्य धारा में लाने के प्रयास प्रारम्भ

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। बाल भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों का चिन्हांकन कर, बच्चों तथा उनके परिवारों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के प्रयास प्रारम्भ हो गए है। कलेक्टर मृणाल मीना ने संज्ञान लेकर ऐसे बच्चों और अभिभावकों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया गया। इसके बाद वार्ड नं. 19 शिवाजी नगर, रेलटोली गर्रा में निवासरत बालक/बालिकाओं के सर्वे हेतु गठित दल द्वारा सर्वे कार्य किया गया। सर्वे में प्राप्त 42 परिवार के 88 बच्चों में से 43 बच्चों के पास आधार कार्ड नही है। 35 बच्चों की समग्र आई डी नही है और 69 बच्चों का आयुष्मान कार्ड नही है। समस्त 88 बच्चों के माता-पिता जीवित है किन्तु सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति दयनीय है। दस्तावेजों के अभाव में शासन द्वारा चलाई जा रही



कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नही मिल पा रहा है। कार्यक्रम अधिकारी प्रशांतदीप ठाकुर ने बताया कि रेलटोली गर्रा में निवासरत बालक/बालिकाओं को शासकीय योजना का लाभ दिलाये जाने हेतु आवश्यक दस्तावेज बनाये जाने के लिये के लोक सेवा कन्द्र लालबर्रा से संपर्क किया गया है।

# शैलजा विधायकों के मुख्यमंत्री का चयन करने के विचार से सहमत नहीं

नई दिल्ली । हरियाणा में नतीजों से पहले मुख्यमंत्री पद की दौड़ शुरू हो गयी है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, रणदीप सुरजेवाला और खुद शैलजा ने चुनाव से बहुत पहले ही अपनी महत्वाकांक्षा जनता के सामने जाहिर कर दी थी। इससे पार्टी में अंदरूनी कलह की स्थिति पैदा हो गई थी। शैलजा विधायकों द्वारा मुख्यमंत्री का चयन करने के विचार से सहमत नहीं हैं, क्योंकि उनके अनुसार इससे और अधिक गुटबाजी हो सकती है। उन्होंने कहा कि इसके बजाय, आलाकमान को बड़ा फैसला लेना चाहिए।

कुमारी शैलजा ने स्पष्ट कर दिया है कि वे शीर्ष पद की दौड़ में हैं, लेकिन यह पारंपरिक दावा करने के तरीके से नहीं होगा। शैलजा ने एक समाचार चैनल से कहा कि, हर राज्य में गुट होते हैं।

# जमीन के बदले नौकरी मामले में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव की पेशी

पटना । जमीन के बदले नौकरी मामले में बिहार के पूर्व मुख?यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद यादव और उनके दोनों बेटे तेजस?वी यादव, तेजप्रताप यादव सोमवार को दिल?ली के राउज एवेन?यू केस में कोर्ट में पेश होंगे। ईडी ने इस मामले में सप?लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की थी, जिसके आधार पर कोर्ट ने तीनों को समन भेजा था। यादव और उनके परिवार के सदस्यों पर भारतीय रेलवे में नौकरियों के बदले जमीन के रूप में अवैध लाभ अर्जित करने का आरोप है।

लालू यादव पटना से एयर इंडिया के विमान से दिल?ली के लिए रवाना हो गए हैं। वहीं तेजस?वी यादव भी पेशी के लिए अपने विदेश दौरे से दिल?ली लौट आए हैं।

इस मामले में तेजप्रताप यादव पहली बार कोर्ट में पेश होंगे। अदालत ने पिछली सुनवाई के दौरान कहा था कि अदालत को प्रथम दृष्टया और समन के चरण में आवश्यक जांच के मानक के मद्देनजर यह निष्कर्ष निकालने के लिए बाध्यकारी आधार मिलता है कि तेज प्रताप यादव भी अधिग्रहण और अपराध की आय को छिपाने में शामिल थे और इस प्रकार वर्तमान पूरक शिकायत पर तलब किए जाने के लिए उत्तरदायी हैं।

ईडी ने लालू प्रसाद यादव पर अपराध से अर्जित आय के अधिग्रहण को छिपाने के लिए अपने परिवार के सदस्यों और सहयोगियों के साथ आपराधिक साजिश रचने का आरोप लगाया है। एजेंसी ने आरोप लगाया कि जब प्रसाद रेल मंत्री थे, तब मुख्य रूप से पटना के महुआ बाग में जमीन मालिकों को रेलवे में नौकरियां देने के वादे के साथ कम कीमत पर अपनी जमीन बेचने के लिए राजी किया गया था।

ईडी ने आरोप लगाया था कि इनमें से कई भूखंड पहले से ही यादव परिवार के पास मौजूद जमीन के पास स्थित थे। इस मामले में सात में से छह भूखंड राबड़ी देवी से जुड़े थे और प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्राप्त किए गए थे। ईडी ने कहा था कि यह मामला 2004 से 2009 तक रेल मंत्री के रूप में प्रसाद के कार्यकाल के दौरान मध्य प्रदेश के जबलपुर में स्थित रेलवे के पश्चिम मध्य क्षेत्र में ग्रुप-डी की नियुक्तियों से संबंधित है। ईडी के मुताबिक राजद प्रमुख के परिवार या सहयोगियों को हस्तांतरित की गई या तोहफे में दी गई जमीन के बदले ये नियुक्तियां की गईं।

# चौखम्बा पर्वत पर बर्फ में फंसे दो पर्वतारोहियों को रेस्क्यू कर बचाया

चमोली। उत्तराखंड में प्रसिद्ध चौखम्बा पर्वत पर दो विदेशी पर्वतारोहियों को 80 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित उतार लिया गया। इस बचाव अभियान में भारतीय वायु सेना, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, भारतीय सेना और स्थानीय प्रशासन लगातार कोशिश करता रहा।

जानकारी के मुताबिक गुरुवार शाम को चमोली के आपदा प्रबंधन विभाग को भारतीय पर्वतारोहण फाउंडेशन (आईएनएफ) के जरिए सूचना मिली कि चौखम्बा पर्वत की 6,015 मीटर की ऊंचाई पर दो पर्वतारोही जिनमें एक अमेरिकी और एक यूनाइटेड किंगडम का नागरिक हैं फंसे गए हैं। सूचना के बाद तुरंत सभी एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया और बचाव अभियान शुरु किया गया। इस रेस्क्यू ऑपरेशन में पर्वतारोहियों को सुरक्षित निकालने के लिए अत्यंत कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। बर्फ से ढके पर्वत की चुनौतीपूर्ण स्थिति के बावजूद टीमों ने लगातार प्रयास किए। अंततः रविवार को दोनों पर्वतारोहियों को सुरक्षित निकाल लिया गया। इस सफलता के बाद जिला प्रशासन, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और उत्तराखंड सरकार ने राहत की सांस ली। दोनों विदेशी पर्वतारोहियों ने 11 सितंबर से 18 अक्टूबर तक की अवधि के लिए इंडियन काउंट ट्रेनिंग एसोसिएशन से अनुमति लेकर चौखम्बा-श्री ट्रैकिंग की योजना बनाई थी। चौखम्बा पर्वत की ऊंचाई 6,995 मीटर है और इसे ट्रैकिंग के लिए अत्यधिक चुनौतीपूर्ण माना जाता है। ट्रैकिंग के दौरान 3 अक्टूबर को चढ़ाई के समय दोनों पर्वतारोही बर्फ में फंस गए और उन्होंने अपने पेजर के जरिए एंबेसी से संपर्क किया।

# कांग्रेस संविधान बदलने का फेक नैरेटिव फैला रही - रिजिजू

नागपुर। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने नागपुर में कांग्रेस पर आरोप लगाए कि कांग्रेस ने डॉ. भीमराव अंबेडकर का अपमान किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उसने पीएम नरेंद्र मोदी और बीजेपी के खिलाफ आरक्षण समाप्त करने का एक फेक नैरेटिव खड़ा किया। रिजिजू ने कहा यह दुख की बात है कि अनुसूचित जाति और जनजाति समाज के कुछ लोग ऐसे लोगों को समर्थन और सम्मान देते हैं जिन्होंने डाक्टर अंबेडकर का अपमान किया है।

रिजिजू ने अपने एक्स पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने बाबा साहेब अंबेडकर के अनुयायियों से आह्वान किया कि वे उनके अपमान को याद रखें। उन्होंने कहा कि जो लोग आपातकाल लगाकर भारत के संविधान का दुरुपयोग करते हैं, उन्हें अंबेडकर का अपमान करने का हक नहीं है। रिजिजू ने आगे कहा कि बाबासाहेब अंबेडकर के निधन और 2014 में पीएम मोदी के सत्ता में आने के बीच के घटनाक्रम को जानना जरूरी है। रिजिजू ने कहा कि अंबेडकर ने जवाहरलाल नेहरू के खिलाफ पत्र लिखा था कि वे उनके साथ मंत्री पद नहीं संभाल सकते। जहां भी बाबासाहेब चुनाव लड़ते थे, कांग्रेस उन्हें हराने के लिए पूरी ताकत लगा देती थी। उन्होंने यह भी कहा कि अंबेडकर को उनके निधन के कई सालों बाद भारत रत्न से सम्मानित किया गया। रिजिजू ने पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने अंबेडकर के सम्मान में पांच तीर्थ स्थलों का विकास किया है, जिनमें मऊ, लंदन में उनका घर, दिल्ली में महापरिनिर्वाण स्थल शामिल हैं। रिजिजू ने कांग्रेस पर इमरजेंसी के दौरान संविधान का दुरुपयोग करने का भी आरोप लगाया और कहा कि पीएम मोदी ने संविधान को सम्मानित किया और संविधान दिवस मनाया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस उन पर संविधान बदलने का फेक नैरेटिव फैला रही है। रिजिजू ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि महाराष्ट्र जैसे राज्य में बाबासाहेब के अपमान करने वालों का समर्थन देखने से उन्हें गहरा आघात हुआ। उन्होंने अनुसूचित जाति और जनजाति समुदाय से अपील की कि वे बाबासाहेब अंबेडकर के अपमान को भूलने न दें और उनकी विरासत को बनाए रखें। रिजिजू ने जोर देकर कहा कि सबका साथ, सबका विकास के मंत्र को आगे बढ़ाते हुए बाबासाहेब के सपनों को पूरा करने के लिए उन्हें पीएम मोदी का समर्थन करना चाहिए।

# 16 माह बाद भी आरबीआई के करेंसी चेस्ट में वापस नहीं पहुंचे

नई दिल्ली। दो हजार रुपये के 358 लाख नोट (7,160 करोड़ रुपये) अभी धन्नासेठों की तिजोरियों में कैद हैं। चलन पर रोक लगने के 16 महीने बाद भी यह रिजर्व बैंक के करेंसी चेस्ट में वापस नहीं पहुंचे हैं। रिजर्व बैंक की 30 सितंबर की रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। माना जा रहा है कि इसमें से बड़ा हिस्सा काला धन है, जिसे लोग अपने खातों में दर्शाने से बच रहे हैं। विशेषज्ञ मान रहे हैं कि इस भारी रकम को सफेद करने के रास्ते और मौके ढूंढे जा रहे होंगे।

दो हजार रुपये का नोट अभी लीगल टेंडर हैं लेकिन इसे चलन से बाहर घोषित किया जा चुका है। 9 अटूबर 2023 के बाद से रिजर्व बैंक के सिवाय कोई अन्य बैंक भी इसे बदल नहीं सकता है। रिजर्व बैंक की शाखाओं में गाहे-ब-गाहे लोग गुलाबी नोट बदलवाने पहुंच रहे हैं। पिछले तीन महीने का औसत देखें तो लगभग दो लाख नोट प्रति सप्ताह रिजर्व बैंक तक पहुंच रहे हैं। सितंबर के तीन सप्ताह की विस्तृत रिपोर्ट के मुताबिक पहले हते तक 361 लाख नोट बाजार में थे। जो 20 सितंबर तक 358 लाख बचे। यानि इन तीन सप्ताह में कुल तीन लाख नोट ही वापस लौटे। आमतौर पर चलन से बाहर होने के बाद कोई भी व्यक्ति या संस्था नोट तत्काल बदलने का प्रयास करती है, लेकिन दो हजार के 358 लाख नोट 16 महीने में भी बाजार से न लौटने पर विशेषज्ञ सवाल उठाते हैं। बैंकिंग विशेषज्ञों का कहना है कि इससे भ्रष्टाचारियों की तिजोरियों में कालेधन की तस्दीक होती है। ऑल इंडिया बैंक एपलाइज एसोसिएशन के नेशनल ज्वाइंट सेक्रेटरी, रजनीश गुप्ता ने कहा कि आखिर इतने नोट अब तक वापस यों नहीं लौटे, यह बड़ा सवाल है। इसके कालाधन होने में कोई संदेह नहीं है। सरकार को शत-प्रतिशत नोट वापसी के लिए प्रयास करने चाहिए। आर्थिक मामलों के वरिष्ठजानकार, धर्मेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि दो हजार के 358 लाख नोट बाजार से वापस न आना सरकार के लिए बड़ी चुनौती है। अधिकतम संभावना है कि यह काला धन है। इसे किसी न किसी तरीके से सफेद करने की जुगत ढूंढी जा रही होगी।

### अगस्त में सात लाख नोट बाजार से लौटे

आरबीआई रिपोर्ट के अनुसार दो अगस्त तक 370 लाख दो हजारी नोट बाजार में घूम रहे थे। 30 अगस्त को 363 लाख गुलाबी नोटों का इंतजार था। महीने में सात लाख नोट आरबीआई के पास बाजार से लौटकर पहुंचे।

### जुलाई में गति सुस्त, लौटे सिर्फ पांच लाख नोट

नोट वापसी की गति जुलाई में धीमी रही। पांच जुलाई तक 377 लाख नोट तिजोरियों में बंद थे। 26 जुलाई तक 372 लाख नोट बाजार में थे। यानी तीन सप्ताह में पांच लाख नोट वापस लौटे। जुलाई से सितंबर के बीच 12 सप्ताह में 19 लाख नोट आरबीआई के पास वापस लौटे हैं।

# तीन बार कानूनी लड़ाई जीतने के बाद भी न्यायालय के आदेश की अवमानना

## संत जयराम दास उष्णा प्लांट के संचालक की पुलिस में की शिकायत

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। नगर के वार्ड क्रमांक 03 पाथरवाड़ा रोड में स्थित संत जयरामदास उष्णा प्लांट के संचालक सुरेश देशमुख के खिलाफ रविवार को फिर स्थानीय वार्डवासियों ने थाने पहुंचकर शिकायत की है. वार्डवासियों ने करीब 01 बजे थाने पहुंचकर शिकायत की और उचित कार्रवाई करने की मांग की है. दरअसल, पूरा मामला कथित तौर बिना सक्षम कार्यालय की अनुमति लिए और नियम विरुद्ध संचालित हो रहे उष्णा प्लांट से जुड़ा हुआ है. स्थानीय वार्डवासी और किसान उष्णा प्लांट के संचालन से निकलने वाली काली राखी और दूषित पानी से बहुत परेशान है. करीब 14-15 वर्षों से वार्डवासी प्लांट को बंद कराने की कानूनी लड़ाई लड़ रहे है. जिसमें वार्डवासियों और किसानों को एक नहीं बल्कि तीन बार जीत भी मिल चुकी है. मगर, यह जीत और न्याय केवल कागज पर ही मिला है. प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस जमीनी स्तर पर इस कागजी आदेश का परिपालन आज तक नहीं करवा पाएं है. जबकि उष्णा प्लांट से फैलने वाले प्रदूषण से कथित पर पर वार्ड के कुछ लोग लग्स कैंसर से जूझ रहे है जबकि एक वार्डवासी की कुछ माह पहले ही इसी बीमारी से मौत भी हो गई है। वार्डवासियों और किसानों ने नगर परिषद, एसडीएम, कलेक्टर कार्यालय से



लेकर म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और सीएम हेल्पलाइन में कई शिकायतें दर्ज करवाई. इन शिकायतों के अलावा तत्कालीन सीएम शिवराज सिंह चौहान जब कटंगी आए तो उनसे भी शिकायत की. करीब डेढ़-दो वर्ष पहले सत्ताधारी पार्टी के वरिष्ट नेता तत्कालीन बालाघाट विधायक गौरीशंकर बिसेन को भी किसानों ने अपने साथ खेतों में ले जाकर उष्णा प्लांट से निकलने वाले दूषित पानी और काली राख से होने वाले नुकसान की हकीकत दिखा डाली. तब गौरीशंकर बिसेन ने एसडीएम को प्लांट बंद करवाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के लिए कहा अधिकारियों ने तब तो विधायक के आदेश के फरमान का पालन कर लिया और प्लांट को बंद भी करवा दिया लेकिन चंद दिनों बाद ही फिर प्लांट शुरू हो गया फिर वार्डवासियों ने प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत की तो फिर प्लांट बंद हुआ और अब फिर से करीब एक सप्ताह से प्लांट को शुरू कर दिया गया है।

एसडीएम के न्यायालय में शासन तर्फे पुलिस, वार्डवासी शैलेष बांगरे, सुरेश बिसेन, अशोक तुरकर, भरत पटले, भागचंद बिसेन के द्वारा काफी लंबे समय से उष्णा प्लांट को बंद कराने के लिए कानूनी लड़ाई लड़ी जा रही है जिसमें इन आवेदकों को जीत मिली. मौजूदा एसडीएम मधुवंत राव धुर्वे से लेकर तत्कालीन एसडीएम रोहित बम्होरे, कामिनी ठाकुर ने अपने फैसले में प्लांट को बंद कराने का फैसला सुनाया और आदेश का पालन नहीं करने पर प्लांट मालिक सुरेश देशमुख पर प्राथमिकी दर्ज करने को कहा लेकिन एसडीएम के इस फैसले की बार-बार अवमानना करने के बाद भी पुलिस सुरेश देशमुख के खिलाफ मामला दर्ज नहीं कर रही है। शिकायतकर्ता वार्डवासियों ने बताया कि उन्होंने उष्णा प्लांट से होने वाली परेशानी से वर्तमान विधायक गौरव सिंह पारधी को भी कई बार अवगत करवाया और लिखित शिकायत की. शिकायतकर्ता शैलेष बांगरे और गगन गौतम बताते है कि विधायक शिकायतकर्ताओं से कहते है कि वह नियम खोज कर लाए जिससे प्लांट को बंद करवाया जा सकें. शिकायतकर्ताओं का तो यहां तक आरोप है कि उष्णा प्लांट के संचालक के द्वारा सार्वजनिक रुप से धमकी दी जाती है कि मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता. शासन-प्रशासन, नेता-अफसर सभी मेरी जेब में है. शिकायतकर्ताओं का कानून व्यवस्था से भरोसा उठ चुका है. शिकायतकर्ताओं अब पूरे मामले को अपने हिसाब से निपटाने की बात करते है।

# सरेखा रेलवे क्रासिंग पर बिछाए गये 5 गर्डर

## अब मिलेगी ओवरब्रिज के काम को गति

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। सरेखा रेलवे क्रासिंग पर बीते कुछ वर्ष से चल रहा काम में अब सफलतापूर्वक संबंधित विभाग द्वारा ओवरब्रिज पर 5 गर्डर बिछाए जाने का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि ऐसा माना जा रहा था की 5 गर्डर नहीं बिछाने की वजह से सरेखा ओवर ब्रिज पर कार्य को गति नहीं मिल रही है और अब माना जा रहा है कि गर्डर बिछाने से कार्य को गति मिलेगी तो वही अभी भी अंडरपास और जर्जर सरेखा रोड जैसी की वैसी बनी है जिससे आवागमन करने वालों को अभी भी कठिनाइयों का ही सामना करना पड़ रहा है। आपको बता दे कि जिला मुख्याय में लगभग डेढ़ वर्ष से सरेखा रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज का काम चल रहा है, जिसमें रेलवे सेक्शन में रेल विभाग और आउटर भाग में, प्रदेश सरकार का सेतु विभाग काम कर रहा है। इस रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज निर्माण करने रेलवे विभाग ने रोककर रखे, गर्डर के काम को पूरा कर दिया है। क्रासिंग पर रेलवे विभाग ने सभी पांच गर्डर बिछा दिए है, जिसके बाद अब इस पर ओवरब्रिज बनाने का काम प्रारंभ हो जाएगा। चूंकि रेलवे गर्डर नहीं डलने से प्रदेश सरकार के अधिकृत आउटर काम की निर्माण एजेंसी को क्रासिंग के पास दो पिल्लर को खड़ा किया जाना है, जिसका काम अब क्रासिंग पर गर्डर बिछाए जाने के बाद शुरू किया जाएगा। हालांकि सरेखा रेलवे क्रासिंग पर बन रहे ओवरब्रिज के कारण लोगों को आवागमन में बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। फिलहाल अभी जैसे-तैसे क्रासिंग से पैदल, दुपहिया और तीन पहिया वाहनो का आवागमन शुरू है लेकिन काम के चलते, यहां हादसो का डर बना रहता है। वहीं अंडरपास ब्रिज बन जाने से आवागमन में राहत मिलेगी। वहीं ओवरब्रिज बन जाने तक खराब बायपास मार्ग से बड़े वाहनों को आवागमन करने की मजबूरी है, बायपास मार्ग के खराब हालत को लेकर, प्रशासन भी गंभीर दिखाई नहीं दे रहा है, यही कारण है कि ग्रामीण सड़क को ओवरब्रिज के कारण बायपास बनाए जाने से सड़क पर बड़े गड्ढे हो गए है, जिससे अक्सर दुर्घटना का भय बना रहता है। जबकि इस मार्ग से कार, यात्री बस और भारी वाहनों का आवागमन हो रहा है।



### अभी भी नहीं बनकर तैयार हुआ अंडरपास

भले ही सरेखा रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज के काम में थोड़ी तीव्रता मिलने की बात विभाग द्वारा कही जा रही है और गर्डर बिछा दिये गए हैं किंतु वही अंडरपास के काम पर नजर घुमाये तो अभी भी अंडरपास पूरी तरह बनकर तैयार नहीं हुआ है और ऐसा माना जा रहा है कि अभी भी अंडरपास का कार्य रुका हुआ है, जबकि यदि अंडरपास का काम हो जाता है तो निश्चित ही लोगों को फेरे से जाना नहीं पड़ेगा और अंडरपास चालू होते ही आवागमन में लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी।

### सर्विस रोड है जर्जर

सरेखा रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज के कार्य में विभाग द्वारा गर्डर बिछाने के काम को पूर्ण कर लिया गया है और माना जा रहा है कि इसके बाद काम को गति मिलेगी पर जिस प्रकार से यहां से अभी दोपहिया और तीन पहिया वाहन चालक निकल रहे हैं और जो यहां की सर्विस रोड की स्थिति है वह बहुत ज्यादा खराब है और मार्ग पूरी तरह जर्जर हो चुका है जबकि माना यह जा रहा था कि जब ओवरब्रिज का कार्य शुरू होगा तो सबसे पहले चारों सर्विस मार्गों को पक्का सर्विस मार्ग बनाया जाएगा किंतु संबंधित विभाग द्वारा काम को भले ही शुरू कर दिया गया, किंतु आज तक दोनों ओर की चार रोड को पक्की सर्विस रोड नहीं बनाया गया और आज मार्ग पूरी तरह खस्ताहाल हो गया है और यहां से लोगों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### गर्डर पुन: सफलतापूर्वक बीती रात को बिछा दिए गए हैं - अर्जुनसिंह

पीडब्ल्युडी सेतु विभाग के एसडीओ अर्जुनसिंह सनोडिया ने बताया कि रेलवे विभाग ने सरेखा रेलवे क्रासिंग पर पहले दो सफलतापूर्वक गर्डर बिछा दिए गए थे, उसके बाद अब तीन गर्डर पुन: सफलतापूर्वक बीती रात को बिछा दिए गए हैं और निश्चित ही अब गर्डर बिछाने के बाद कार्य में थोड़ी तीव्रता देखने को मिलेगी।

# डेंजर रोड पर फैली सनसनी

## बकरों के 30 से ज्यादा कटे मिले सिर

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत डेंजर रोड मार्ग पर रविवार शाम बकरों के कटे सिर मिलने से सनसनी फैल गई। जैसे ही घटना की जानकारी लोगों को मिली, लोग वहां पहुंचने लगे। जानकारी के अनुसार, उक्त मार्ग पर बकरों के लगभग 30 कटे सिर एक साथ पड़े मिले, जिसे देखकर लोग हक्काबक्का रह गए। बताया गया कि रविवार सुबह एक बोरी में बकरों के कटे सिर थे। जंगल क्षेत्र होने के कारण जानवरों ने बोरी को क्षत-विक्षत कर कटे सिर ले गए। तो कुछ सिर एक जगह पड़े थे, जिन्हें जानवरों और पक्षियों ने नोंच लिया था। कुछ लोग इस घटना को बलि के रूप में देख रहे हैं, तो कुछ लोगों का कहना है कि दूसरी जगह बकरे काटकर लोगों ने यहां आकर बकरे के सिर फेंक दिए होंगे। बहरहाल, मामला फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। वही यहां से गुजर रहे रोहित ठाकरे द्वारा बताया गया कि वह डेंजर रोड से अपने घर की ओर जा रहे थे तभी उन्हें रास्ते में बहुत सारे कुत्ते और एक बकरे का कटा हुआ सर दिखा, तो उन्होंने अचानक से गाड़ी रोकी और देखा तो कुछ कुत्ते रोड के किनारे भोक रहे थे और आगे जाकर उन्होंने देखा तो लगभग 30 से 35 बकरों के कटे हुए सर पड़े हुए थे, जिससे देखकर वह स्तंभित हो गये।



### बकरों के सिर को दफन किया गया है - प्रकाश वास्कले

कोतवाली पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा और कटे सिर को गड्ढा खोदकर दफन किया गया। इस संबंध में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक प्रकाश वास्कले ने बताया कि फोन पर सूचना मिली थी कि डेंजर रोड में बड़ी संख्या में बकरों के कटे हुए सिर मिले हैं, जिन्हें दफन कर दिया गया है।

# 4 शासकीय शिक्षकों को शोकॉज नोटिस जारी

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। जिला शिक्षा अधिकारी एके उपाध्याय ने बिना अनुमति के विद्यालय में अनुपस्थित रहने पर शोकॉज नोटिस जारी किया है। ज्ञात हो की कलेक्टर मृणाल मीना द्वारा विगत दिवस जिले के समस्त विद्यालय प्राचार्यों को उपस्थित शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति के निर्देश जारी किए गए थे। जिसके संबंध में लालबर्रा, खैरलांजी व लांजी के विद्यालय प्राचार्यों ने विद्यालय में बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों की जानकारी से डीईओ को अवगत कराया गया। जिसमे लालबर्रा चिल्लोद हाई स्कूल के प्रयोगशाला शिक्षक निशांत पांडे एवं शाउमावि कन्या अमोली के माध्यमिक शिक्षक अजय बोपचे, खैरलांजी शाउमावि अमई के माध्यमिक शिक्षक एनके मेश्राम और लांजी के शाउमावि कारंजा के माध्यमिक शिक्षक धनलाल गायकवाड़ शामिल रहे। बताया गया कि इस प्रकार की लापरवाही मप्र सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम-3 के उपनियम (1)(2)(3) तथा मप्र सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 का सीधा उल्लंघन है। परिणामस्वरूप कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए डीईओ श्री उपाध्याय ने चारो शिक्षकों को शोकॉज नोटिस जारी किए है। वहीं 3 दिवस के भीतर समक्ष में उपस्थित होकर जवाब मांगा गया है। संतोषजनक जवाब प्राप्त नही होने पर वेतन काटने संबंधी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# लांजी अस्पताल में हुई घटना को लेकर परिजनों ने प्रशासन से लगाई न्याय की गुहार

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। लांजी क्षेत्र की एक महिला द्वारा लांजी पुलिस थाने में लांजी के सरकारी अस्पताल में इलाज करने के नाम पर की गई अभद्रता को लेकर थाने में शिकायत की गई थी जिस पर लांजी पुलिस द्वारा मामला कायम करते हुए एफआईआर दर्ज कर ली गई थी जिसके बाद फरार आरोपी को पुलिस द्वारा गिरफ्तार नहीं किया गया, तो जिला मुख्यालय पहुंचकर महिला के परिजनों द्वारा फरार आरोपी को गिरफ्तार कर उचित कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया है। आपको बता दे की लांजी के सिविल अस्पताल में एक महिला रोगी से चिकित्सक द्वारा उपचार की आड़ में अभद्रता करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर लांजी पुलिस ने चिकित्सक के खिलाफ एफआइआर दर्ज की है। वहीं, रविवार को पीड़िता अपने स्वजनों के साथ बालाघाट मुख्यालय पहुंचीं। परिवार को समाजसेवियों ने सहयोग देते हुए डाक्टर के खिलाफ लड़ाई लड़ने का भरोसा दिया।



समाजसेवी महेश सहारे ने बताया कि घटना 30 सितंबर की है, जब महिला उपचार के लिए लांजी के सिविल अस्पताल पहुंची थी। पर्ची बनवाने के बाद उसे एक्स-रे कराने के लिए कहा गया। वह एक्स-रे कक्ष पहुंचीं, जहां रेडियोग्राफर टिनेंद्र बिसेन द्वारा अभद्रता की गई। महिला का आरोप है कि उसके साथ चेकअप के बहाने टिनेंद्र बिसेन ने अश्लील हरकतें की। महेश सहारे ने बताया कि इस घटना के बाद सिविल अस्पताल लांजी के चिकित्सक और सरकारी स्टाफ ने पीड़ित महिला के खिलाफ ही मोर्चा खोल दिया और उसे अपमानित किया जा रहा है। पता चला है कि चिकित्सकों और स्टाफ ने कुछ दिन पहले लांजी में रैली निकालकर महिला के खिलाफ एसडीएम, तहसीलदार और लांजी थाने में ज्ञापन दिया गया है। महेश सहारे ने कहा कि टिनेंद्र बिसेन का भाई पीड़ित परिवार को धमकी दे रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर टिनेंद्र बिसेन पर उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में लांजी में प्रदर्शन और चक्काजाम करेंगे।

# महिला संबंधी अपराधिक प्रकरण में किरनापुर पुलिस को मिली बड़ी सफलता

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। किरनापुर पुलिस द्वारा 02 वर्षों से फरार नाबालिक के साथ दुष्कर्म एवं पाक्सो एक्ट के आरोपी तथा साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से जबरन गर्भपात कराने वाले रिस्तेदार सहित कुल 07 आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है पुलिस अधीक्षक नगेन्द्र सिंह ने बालक बालिकाओं तथा महिला संबंधी अपराधों की संवेदनशीलता के चलते लंबित प्रकरणों मे फरार आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी कर अनुसंधान पूर्ण करने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है । निर्देशों के पालन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लांजी श्री सत्येन्द्र घनघोरिया के मार्गदर्शन मे लंबे समय से लंबित दुष्कर्म एवं पाक्सो एक्ट के प्रकरण मे 07 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है ।

### घटना का संक्षिप्त विवरण

पीडिता की मां ने 30 जनवरी 2023 को थाना डी.डी नगर रायपुर (छ.ग.) मे सूचना दिया कि वह अपने पति से वाद विवाद के कारण अलग रह रही है । जिसे 15 नवम्बर 2021 को पीडिता अपनी बहनों के साथ रायपुर से सेवती भानेगांव अंतर्गत अपने बडी मम्मी के घर के उद्धाटन कार्यक्रम मे गई हुई थी गोदिंया ट्रेन छूट जाने से रात मे वही रूकना पडा। आधी रात मे आरोपी पंकज द्वारा पीडिता से जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म किया । पीडिता डरी होने के कारण यह बात किसी को नही बताई । करीब 05 महीने बाद पीडिता के गर्भ मे होने का पता चला तब इसके पिता , बडी मां, आरोपी पंकज व अन्य परिवार के लोगो द्वारा जबरन घाट टेमनी के स्थानीय एक डाक्टर से गर्भपात कराया । पीडिता मानसिक रूप से कमजोर हो चुकी थी इसके पिता ने भी किसी को कुछ बताने से मना किया था । जब वह स्कूल गई जो महिला संबंधी जागरूकता कार्यक्रम मे उसे पता चला कि कोई भी अपराध छुपाना नही चाहिए फिर पीडिता ने हिम्मत रखकर सारी बाते अपनी मां को बताई । रिपोर्ट पर जिला रायपुर (छ.ग.) थाना डीडी नगर से सूचना प्राप्त होने पर थाना किरनापुर मे अपराध दर्ज किया गया । जहाँ वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन मे थाना किरनापुर प्रभारी उनि छत्रपाल सिंह बैस व उनकी टीम द्वारा अनुसंधान के दौरान प्रकरण मे पीडिता से दुष्कर्म करने वाले आरोपी पंकज सहित अपराध छिपाने तथा गर्भपात मे सहयोग करने वाले 02 महिला सहित कुल 07 आरोपियों को गिरफ्तार किया है । जिन्हे माननीय न्यायालय न्यायिक अभिरक्षा मे पेश किया जा रहा है । जिसमें मुख्य आरोपी- पंकज पिता कुंदन बारेकर उम्र 21 वर्ष निवासी सेवती थाना किरनापुर है थाना प्रभारी किरनापुर उनि छत्रपाल सिंह बैस ,उनि प्रीति सिंगोतिया , आर विवेक तिवारी, आर. शिवम सिंह , म.आर. गोमती टेकाम , आर विष्णु ठाकुर की अहम भूमिका रही है।



# महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की जा रही वाद-विवाद प्रतियोगिता

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा समस्त जिला काइयों में ऑपरेशन अभिमन्यु संचालित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है । पुलिस अधीक्षक नगेंद्र सिंह के मार्गदर्शन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डावर के नेत्रत्व मे प्रभावशील होकर 12 अक्टूबर तक संचालित किया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पुरुषों को महिलाओं के प्रति संवेदनशील बनाना, महिला अपराध के प्रति जागरूक करना, और पूर्वाग्रह से ग्रसित मानसिकता को सुधारना है । मै हू अभिमन्यु जागरूकता अभियान के क्रम मे जिले के थानों के द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे है । थाना प्रभारी कोतवाली और उनकी टीम द्वारा कालेज मे महिलाओं को सार्वजनिक स्थानों मे होने वाली परेशानी और उनकी सुरक्षा से संबंधित वाद विवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपस्थित छात्रों ने बालिकाओं एवं महिलाओं के प्रति अधिक संवेदनशील तथा तथा उनके विरूद्ध होने वाली असमानता के विरूद्ध आवाज उठाने की बाते मानी । इसी प्रकार, थाना मलाजखण्ड अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं के सहयोग से पुलिस द्वारा मां दुर्गा पंडालों मे जागरूकता संबंधी नुक्कड नाकट आयोजित किया गया। जिसमे नारी के साथ भेदभाव तथा दहेज प्रथा का नाटकीय प्रदर्शन कर समाधान की बात कही गई पश्चात मुख्य चौराहों मे अभिमन्यु अभियान का पोस्टर बैनर लेकर एक जागरूकता रैली निकाली गई। इसी प्रकार जिले के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अभिमन्यु अभियान के अंतर्गत मां दुर्गा पंडाल , स्कूल कालेज एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों मे महिला सुरक्षा हेतु मै हूं अभिमन्यु जागरूकता अभियान चलाया



आवश्यकता है
रेडीमेड कपड़ा शोरूम में काम करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है
• सेल्समेन (वेतन + कमीशन)
• पार्किंग गार्ड (आकर्षक वेतनमान)
BMW बालाघाट मेन्स वेयर
गुजरी चौक, डॉ. खान के पास बालाघाट, मो. 7000959540







स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.९, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट